Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# जनवरी

# 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. असम समझौते 1985 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्र सरकार, असम राज्य सरकार और असम आंदोलन के नेताओं के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता था।
2. असम समझौते में वर्ष 1951 की जगह 24 मार्च, 1971 की तिथि तय की गई।
3. वर्ष 1985 के असम समझौते के बाद नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 1985 के हिस्से के रूप में धारा 6A को अधिनियमित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. दक्षिण चीन सागर के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. इसके उत्तर में चीन और ताइवान की सीमा है जबकि दक्षिण में इंडोनेशिया एवं मलेशिया की सीमा है।
2. यह लुज़ोन जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी चीन सागर से जुड़ा हुआ है।
3. यह ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर से जुड़ा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**3. महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. भारत-अमेरिका के बीच महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET) को दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा चलाया जा रहा है।
2. इसका उद्देश्य AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर्स और वायरलेस टेलीकम्युनिकेशन सहित महत्त्वपूर्ण तथा उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह हिंद महासागर की सीमा से लगे देशों के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है।
2. विदेश मंत्रियों की परिषद (COM) जिसकी वार्षिक बैठक होती है, इसका सर्वोच्च निकाय है।
3. हाल ही में यह इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) को हटाकर संयुक्त राष्ट्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन बन गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**5. वैश्विक जलवायु रिपोर्ट 2022 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)
B. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)
C. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
D. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)

**6. दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण परिषद (Long Duration Energy Storage Council-LDES) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. LDES परिषद 70 सदस्य देशों वाला एक अंतर-सरकारी निकाय है।
2. यह लंबी अवधि के ऊर्जा भंडारण के माध्यम से विश्व के डीकार्बोनाइज़ेशन में तेज़ी लाने पर ध्यान केंद्रित करता है।
3. LDES परिषद के सभी सदस्यों के पास मतदान करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

7. **गुरु रविदास के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**
   1. वह 14वीं सदी के संत और उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन के सुधारक थे।
   2. उनकी कुछ कविताएँ सिखों के धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में शामिल की गईं।
   3. वे महर्षि वाल्मीकि के समकालीन थे।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

8. **कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) (PoSH) अधिनियम, 2013 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**
   1. विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए 'विशाखा दिशा-निर्देश' अधिनियम का आधार बनते हैं।
   2. यह अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने और प्रतिबंधित करने के लिये नियोक्ताओं पर कानूनी दायित्व डालता है।
   3. नियोक्ताओं को यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिये प्रत्येक कार्यस्थल पर 5 या अधिक कर्मचारियों के साथ एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन करना आवश्यक है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई नहीं

9. **राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2023 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजये:**
   1. NIRF देश में उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) को रैंकिंग प्रदान करने का सरकार का पहला प्रयास है।
   2. इसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा द्विवार्षिक रूप से जारी किया जाता है।
   3. अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स (ARIIA) द्वारा पूर्व में निष्पादित "इनोवेशन" रैंकिंग का भारत रैंकिंग में एकीकरण 2023 रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताओं में से एक है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

10. **निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**
    1. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व तथा चरित्र को विकसित करने के लिये एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
    2. राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) का गठन वर्ष 1948 में एच.एन. कुंजरू समिति की सिफारिश पर किया गया था।

    **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

11. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. जिनेवा कन्वेंशन (1949) और उनके अतिरिक्त प्रोटोकॉल अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ हैं जिनमें युद्ध की बर्बरता को सीमित करने वाले सबसे महत्त्वपूर्ण नियम शामिल हैं।
    2. वर्ष 1954 का हेग कन्वेंशन शांतिकाल और सशस्त्र संघर्षों दोनों में सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने वाली सबसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक संधि है।

    **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

12. **निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:**

    | **शहर** | **देश** |
    |---|---|
    | 1. मोसुल | (a) यमन |
    | 2. निप्रो | (b) यूक्रेन |
    | 3. सना | (c) इराक |

    **उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. 1, 2 और 3

नोट :

**13. नर्मदा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नर्मदा प्रायद्वीपीय क्षेत्र की पश्चिम की ओर बहने वाली सबसे बड़ी नदी है जो विंध्य और सतपुड़ा पर्वतमाला के बीच एक भ्रंश घाटी से होकर बहती है।
2. यह मध्य प्रदेश में अमरकंटक के निकट मैकाल शृंखलाओं से निकलती है।
3. नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ शिवनाथ, हसदेव तथा मान हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**14. सिलीगुड़ी कॉरिडोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिम बंगाल में स्थित है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।
2. इसकी सीमा नेपाल, बांग्लादेश और म्याँमार से लगती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाज़ार पूंजीकरण कंपनी के वर्तमान शेयर मूल्य और बकाया शेयरों की कुल संख्या के आधार पर कंपनी का कुल मूल्यांकन है।
2. मल्टी-कैप फंड वे हैं जो अपने निवेश को तीनों श्रेणियों (लघु, मध्यम और बृहद-कैप) में विविधता प्रदान करते हैं।
3. मल्टी-कैप फंड शेयर बाजार पूंजीकरण के आधार पर निवेश करते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**16. दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (Association of Southeast Asian Nations-ASEAN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 1967 में बैंकॉक घोषणा पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
2. सदस्य राज्यों के अंग्रेज़ी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रतिवर्ष बदलती रहती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**17. वित्त आयोग के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 256 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**18. हाल ही में चर्चा में रहे 'यूरोपा' का सबसे सटीक वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है ?**

A. हाल ही में खोजी गई ध्रुवीय भालू की प्रजाति।
B. बृहस्पति का एक चंद्रमा
C. 'वर्ड ऑफ द ईयर 2023' से सम्मानित
D. हिमालय में खोजी गई नई मत्स्य प्रजाति

**19. एक्स-किरण ध्रुवणमापी उपग्रह (XpoSat) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. इसे मध्यम एक्स-रे बैंड में X-रे ध्रुवीकरण का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो खगोलीय स्रोतों के विकिरण तंत्र तथा ज्यामिति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।
2. इसमें मौजूद दो पेलोड POLIX (एक्स-रे में पोलारिमीटर उपकरण) और XSPECT (एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी और समय) हैं।
3. XPoSat मध्यम एक्स-रे बैंड में एक्स-रे ध्रुवीकरण के अध्ययन के लिये समर्पित विश्व का पहला मिशन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**20. अमूमन चर्चा में रहने वाले एथेरियम, टीथर तथा सोलाना संबंधित हैं:**

A. हाल ही में खोजे गए क्षुद्रग्रह

B. क्रिप्टोकरेंसी के नाम

C. विश्व की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियाँ

D. कृत्रिम बुद्धिमत्ता टूल

**21. "सर्वोच्च न्यायालय ने संवैधानिक संस्कृति के माध्यम से संविधान के नैतिक मूल्यों को पहचानने के महत्त्व पर बल दिया,और इस बात पर प्रकाश डाला कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग संवैधानिक नैतिकता के आधार पर ज़िम्मेदारियाँ और कर्त्तव्य निभाते हैं।" उपर्युक्त टिप्पणी शीर्ष न्यायालय द्वारा निम्नलिखित में से किस निर्णय में की गई थी?**

A. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली बनाम भारत संघ (2018)

B. एम. पी. शर्मा और अन्य बनाम सतीश चंद्रा (1954)

C. रामेश्वर प्रसाद बनाम भारत संघ (2006)

D. नबाम रेबिया निर्णय (2016)

**22. "आयोग ने निष्पक्षता और विवेक की कमी के लिये कुछ राज्यपालों की आलोचना की, यह देखते हुए कि कई राज्यपाल खुद को संघ (Union) के एजेंट के रूप में देखते हैं, जिससे स्थिति बिगड़ती जा रही है। राज्यपालों को स्थानीय राजनीति से अलग रहने की सिफारिश अभी भी वास्तविकता से दूर है।" उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस आयोग द्वारा व्यक्त किये गये हैं?**

A. सरकारिया आयोग

B. स्ट्रेची आयोग (कमीशन)

C. खोसला आयोग

D. मंडल आयोग

**23. मुदासरलोवा जलाशय (Mudasarlova Reservoir), जो हाल ही में समाचारों में देखा गया था, निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

A. आंध्र प्रदेश

B. कर्नाटक

C. तमिलनाडु

D. महाराष्ट्र

**24. परदेश में सजायाफ्ता व्यक्तियों को भारत में स्थानांतरित करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के साथ कैदी प्रत्यावर्तण संधि में प्रवेश करने का विशेषाधिकार प्राप्त है।
2. यह किसी अपराध के दोषी व्यक्ति को जेल की सज़ा काटने के लिये उसे स्वदेश में स्थानांतरित करने की अनुमति देता है।
3. कैदी को अपनी शेष सज़ा भारत में काटने के लिये किसी परदेश की जेल में उसकी प्रतिबद्धता के विरुद्ध स्थायी अपील नहीं की जानी चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**25. परमाणु प्रसार संधि (NPT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NPT का उद्देश्य परमाणु हथियार प्रसार पर अंकुश लगाना, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देना और एक अंतर्राष्ट्रीय संधि के माध्यम से निरस्त्रीकरण लक्ष्यों को आगे बढ़ाना है।
2. परमाणु-हथियार संपन्न राज्यों के लिये निरस्त्रीकरण को आगे बढ़ाने हेतु बहुपक्षीय संधि में यह एकमात्र अनिवार्य प्रतिज्ञा है।
3. जहाँ भारत हाल ही में NPT में शामिल हुआ है, वहीं इज़रायल ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2, 3

**26. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल संधि (ABM संधि) एक हथियार नियंत्रण संधि है जिसे वर्ष 1972 में भारत और पाकिस्तान के बीच अनुमोदित किया गया था।
2. रूसी राष्ट्रपति ने नई START संधि को निलंबित कर दिया है जो रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच अंतिम शेष परमाणु हथियार नियंत्रण समझौता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

नोट :

**27. AUKUS के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह क्वाड समूह के समान ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका और भारत के बीच एक चतुष्कोष सुरक्षा साझेदारी है।
2. यह सूचना और प्रौद्योगिकी साझाकरण को बढ़ाएगा तथा सुरक्षा और रक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, औद्योगिक आधारों व आपूर्ति शृंखलाओं के गहन एकीकरण को बढ़ावा देगा।
3. AUKUS के तहत पहली पहल परमाणु-संचालित पनडुब्बियों को प्राप्त करने में ऑस्ट्रेलिया तथा भारत का समर्थन करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**28. समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCLOS), 1982 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है।
2. यह समुद्री क्षेत्रों में राज्य के अधिकार क्षेत्र को रेखांकित करने वाला एकमात्र वैश्विक अभिसमय है जो विभिन्न समुद्री क्षेत्रों को विशिष्ट कानूनी दर्जा प्रदान करता है।
3. सन्निहित क्षेत्र UNCLOS द्वारा वर्गीकृत किये गए पाँच क्षेत्रों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. अडैप्टेशन गैप रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. विश्व बैंक
B. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
C. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

**30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम का अग्रणी उत्पादक और उपभोक्ता है।
2. भारत में एल्युमीनियम की खपत में विद्युत क्षेत्र की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है, इसके बाद ऑटोमोबाइल और परिवहन क्षेत्र का स्थान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र महासागर विज्ञान दशक (2021-2030) का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सतत् महासागर प्रबंधन में महासागर विज्ञान के योगदान को बढ़ावा देना है।
2. संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन का तीसरा संस्करण जर्मनी द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**32. वन वाटर समिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के तत्त्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
2. फ्राँस और कज़ाखस्तान सितंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान वन वाटर समिट की मेज़बानी करेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**33. निम्नलिखित में से कौन जैव-अर्थव्यवस्था शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है:**

A. यह विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी आर्थिक समाधान के लिये जैविक संसाधनों, ज्ञान, विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के उपयोग को संदर्भित करती है।
B. यह अर्थव्यवस्था में मानव जनसंख्या को नियंत्रित करने के प्रभाव को संदर्भित करती है।
C. यह अर्थव्यवस्था पर पर्यावरणीय उपायों के प्रभाव को संदर्भित करती है।
D. यह अर्थव्यवस्था पर जैविक विकास के आर्थिक लाभ को संदर्भित करती है।

नोट :

**34. लॉस एंड डैमेज फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों का बचाव और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय पैकेज है।
2. विश्व बैंक शुरू में लॉस एंड डैमेज फंड का प्रबंधन करेगा, जिसे अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ जैसे समृद्ध देशों और चुनिंदा विकासशील देशों द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**35. विशेष आहरण अधिकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SDR, IMF और कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के खाते की इकाई के रूप में कार्य करता है।
2. SDR मुद्रा की कीमत का निर्धारण US डॉलर में मूल्यों को जोड़कर किया जाता है, जो बाज़ार विनिमय दर, मुद्राओं की एक SDR बास्केट पर आधारित होता है।
3. मुद्राओं की SDR बास्केट में अमेरिकी डॉलर, यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग, चीनी रॅन्मिन्बी और भारतीय रुपया शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**36. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (EPA), 1986 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EPA की शुरुआत 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन से हुई, जिसमें अन्य देशों के अलावा भारत ने मानव पर्यावरण सुधार को संबोधित करने के लिये हिस्सा लिया।
2. यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी उद्योग, उसके संचालन या प्रक्रिया को बंद करने, निषेध करने या नियंत्रित करने का निर्देश देने का अधिकार देता है।
3. इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कावेरी, जिसे तमिल में 'पोन्नी' के नाम से जाना जाता है, दक्षिण की चौथी सबसे बड़ी नदी है, जिसे अक्सर दक्षिण की गंगा कहा जाता है।
2. थमिराबरानी तमिलनाडु की एकमात्र बारहमासी नदी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. कैंप डेविड समझौते, ओस्लो समझौते और बाल्फोर घोषणापत्र जो अक्सर समाचारों में देखे जाते हैं, संबंधित हैं:**

A. इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष
B. पर्यावरणीय समझौते
C. अफगानिस्तान शांति प्रक्रिया के तहत समझौते
D. यूक्रेन-रूस संघर्ष

**39. एल्युमीनियम धातु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्टील, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों की तुलना में एल्युमीनियम पुनर्चक्रण योग्य, पर्यावरण के अनुकूल, संक्षारण प्रतिरोधी और अत्यधिक लचीली धातु है।
2. एल्यूमिना बॉक्साइट से प्राप्त होता है।
3. भारत में बॉक्साइट के भंडार हैं, लेकिन खनन बढ़ाने के लिये खनिज-युक्त क्षेत्रों तक पहुँच, भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण एवं वन मंज़ूरी से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**40. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **शहर** | **देश** |
|---|---|
| 1. अदन | (a) यमन |
| 2. हेब्रोन | (b) फिलिस्तीन |
| 3. कर्मन | (c) यूक्रेन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**41. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **संगठन** | **देश** |
|---|---|
| 1. हौथी | (a) लेबनान |
| 2. हिजबुल्लाह | (b) यमन |
| 3. हमास | (c) फिलिस्तीन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**42. यूरोपीय संघ कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य विशिष्ट आयातित वस्तुओं के उत्पादन से होने वाले कार्बन उत्सर्जन की उचित कीमत निर्धारित करना है।
2. इससे लागत कम होगी और साथ ही यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ेगी।
3. यह यूरोपीय संघ की "2030 में फिट फॉर 55" पहल का एक घटक है, जिसका लक्ष्य यूरोपीय जलवायु कानून के अनुसार वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 55% की कटौती करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाने के लिये सरकार द्वारा उठाया गया कदम नहीं है:**

1. भारत सरकार ने हाल ही में इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिये उन पर GST समाप्त कर दिया है।
2. सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने बैटरी से चलने वाले वाहनों के मामले में परमिट की छूट के संबंध में एक अधिसूचना जारी की।
3. भारत सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फेम इंडिया योजना शुरू की है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: सेंदाई फ्रेमवर्क पेरिस समझौते का अनुवर्ती उपकरण है।**

**कथन-II: सेंदाई फ्रेमवर्क का लक्ष्य सभी स्तरों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों के विकास में आपदा जोखिम के बहु-खतरे के प्रबंधन का मार्गदर्शन करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने अभी तक आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंदाई फ्रेमवर्क को नहीं अपनाया है।
2. आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु वैश्विक मंच आपदा जोखिम न्यूनीकरण (वर्ष 2015-2030) के लिये सेंदाई फ्रेमवर्क की देख-रेख और अधिनियमन के महत्त्वपूर्ण भाग के रूप में प्रत्येक दो वर्ष में बैठक करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**46. नाविकों के लिये प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी के मानकों पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन (STCW) (1978) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समुद्री व्यापारिक जहाज़ों पर मास्टरों, अधिकारियों और निगरानी कर्मियों के लिये योग्यता मानक निर्धारित करता है।
2. STCW कन्वेंशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाविकों के लिये प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी के लिये बुनियादी आवश्यकताओं को स्थापित करने के लिये समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS) के बाद दूसरा कन्वेंशन है।
3. यह गैर-पक्षकार राज्यों के जहाज़ों पर लागू होता है, जब वे उन राज्यों के बंदरगाहों का दौरा करते हैं जो कन्वेंशन के पक्षकार हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**47. राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य भारत में व्यावसायिक रूप से हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देना है ताकि शुद्ध ईंधन का निर्यातक बन सके।
2. हरित हाइड्रोजन संक्रमण कार्यक्रम के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप (SIGHT) का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिये किफायती इलेक्ट्रोलाइज़र आयात को वित्तपोषित करना है।
3. बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन के उत्पादन के साथ उपयोग का समर्थन करने में सक्षम राज्यों एवं क्षेत्रों की हरित हाइड्रोजन हब के रूप में पहचान तथा उन्हें विकसित करना।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**48. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वतंत्र समूहों को वित्तपोषण के माध्यम से भारत के मामलों में विदेशी भागीदारी के संदर्भ में चिंताओं को दूर करने के लिये वर्ष 1976 में FCRA पारित किया गया था।
2. FCRA पंजीकरण 5 वर्षों के लिये वैध है और NGO को पंजीकरण की समाप्ति के छह महीने के भीतर नवीनीकरण के लिये आवेदन करना आवश्यक है।
3. वर्ष 2020 में एक संशोधन ने प्रशासनिक खर्चों के लिये विदेशी योगदान के अनुमेय उपयोग को 50% से घटाकर 20% कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस का पहला सत्र वर्ष 1947 में आयोजित किया गया था।
2. भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस एसोसिएशन (ISCA) का संचालन केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के समर्थन से स्वतंत्र रूप से होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: रोगाणुरोधी प्रतिरोध तब होता है जब बैक्टीरिया और कवक उन्हें खत्म करने के लिये बनाई गई दवाओं पर काबू पाने में सक्षम हो जाते हैं, जिससे संक्रमण का इलाज करना लगातार और चुनौतीपूर्ण हो जाता है।**

**कथन-II: रोगाणुरोधी प्रतिरोध, एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य खतरा, 2019 में वैश्विक स्तर पर 1.27 मिलियन मौतों का कारण बना और विभिन्न जीवन चरणों तथा क्षेत्रों में एक गंभीर खतरा पैदा करता है जो इसे एक शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनाता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**51. दसवीं अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दसवीं अनुसूची को 61वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1988 द्वारा शामिल किया गया था।
2. यह बताता है कि किसी साथी सदस्य की याचिका पर पीठासीन अधिकारी द्वारा विधायकों को दलबदल के लिये कैसे अयोग्य ठहराया जा सकता है।
3. हालाँकि यह संसद पर लागू होता है, राज्य विधानसभाओं के लिये अनुसूची ग्यारह के तहत एक अलग प्रावधान प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, और 3

**52. गाज़ा पट्टी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गाज़ा पट्टी पूर्वी भू-मध्यसागरीय बेसिन में स्थित है।
2. यह दक्षिण-पश्चिम में इज़रायल और उत्तर-पूर्व में मिस्र के साथ सीमा साझा करती है।
3. इसमें तीन कार्यात्मक सीमा क्रॉसिंग- करीम अबू सलेम क्रॉसिंग एवं इज़रायल द्वारा नियंत्रित इरेज़ क्रॉसिंग और मिस्र द्वारा नियंत्रित राफा क्रॉसिंग मौजूद हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अवैध प्रवासियों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के अंतर्गत कारावास दिया जा सकता है या निर्वासित किया जा सकता है।
2. नागरिकता अधिनियम, 1955 नागरिकता प्राप्त करने के लिये विभिन्न आधार प्रदान करता है। यह जन्म, वंश, पंजीकरण, देशीयकरण और क्षेत्र को भारत में शामिल करके नागरिकता प्रदान करता है।
3. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 में प्रावधान है कि 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले मालदीव, बांग्लादेश और पाकिस्तान के कुछ धार्मिक समूहों को अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त मंत्रालय में भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) भारत सरकार का प्रमुख लेखा सलाहकार के रूप में कार्य करता है, जो एक मज़बूत प्रबंधन लेखा प्रणाली की स्थापना और रखरखाव की देख-रेख करता है।
2. लेखा महानियंत्रक (CGA), भारत के संवैधानिक ढाँचे के तहत स्वतंत्र रूप से कार्य करते हुए ऑडिट और खातों की देख-रेख करता है, सार्वजनिक धन की सुरक्षा करता है, संसद और जनता दोनों के प्रति सरकारी जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉर्बेट नेशनल पार्क भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान था।
2. प्रोजेक्ट टाइगर 1973 में कॉर्बेट नेशनल पार्क में शुरू किया गया था।
3. मारवा, चिनाब कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व से बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**56. "वह देश, जहाँ दिसंबर 2010 में अरब स्प्रिंग शुरू हुआ, लोकतंत्र में परिवर्तन की एकमात्र सफलता थी, जो अपनी जैस्मीन क्रांति के लिये जाना जाता था।" उपर्युक्त कथन में किस देश का उल्लेख किया गया है ?**

A. लीबिया
B. ट्यूनीशिया
C. बहरीन
D. यमन

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RBI अधिनियम, 1934 विभिन्न विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और स्वर्ण भंडार के उपयोग हेतु कानूनी ढाँचे की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें व्यापक मापदंडों के भीतर मुद्राओं, उपकरणों और जारीकर्त्ताओं को निर्दिष्ट किया जाता है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक के पास विश्व में सबसे अधिक विदेशी मुद्रा भंडार है।
3. विदेशी मुद्रा भंडार की पर्याप्तता का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि कोई देश कितने महीनों तक अपना आयात जारी रख सकता है, जिसमें छह महीने की सीमा को सुरक्षित माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**58. वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (GMPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे पहली बार वर्ष 2010 में विश्व बैंक द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. MPI स्वास्थ्य, शिक्षा तथा जीवन स्तर के विभिन्न 10 संकेतकों में अभावों की निगरानी करता है एवं इसमें गरीबी की स्थिति और तीव्रता दोनों शामिल हैं।
3. यदि कोई व्यक्ति 33% अथवा इससे अधिक भारित संकेतकों से वंचित है तो उसे बहुआयामी रूप से गरीब माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**59. स्टैंड-अप इंडिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका लक्ष्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की प्रति बैंक शाखा में कम-से-कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और एक महिला उधारकर्त्ता को 10 लाख रुपए से 100 लाख रुपए तक का बैंक ऋण प्रदान करना है।
2. योजना के तहत ऋण केवल ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध है।
3. योजना के तहत उधारकर्त्ता को योगदान के रूप में परियोजना लागत का कम-से-कम 10% का भुगतान करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**60. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सरकार द्वारा गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को 1 करोड़ रुपए तक का ऋण प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया था।
2. योजना के तहत माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड (MUDRA) सूक्ष्म उद्यमियों/व्यक्तियों को सीधे ऋण देती है।
3. इस योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण संपार्श्विक-मुक्त ऋण हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. आदित्य-L1 मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आदित्य-L1 एक वेधशाला श्रेणी का सौर मिशन है जो सात उपकरणों के साथ सूर्य का अध्ययन करेगा।
2. इसरो ने L1 लैग्रेंज बिंदु का चयन किया, जहाँ गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है, जिससे आदित्य-L1 न्यूनतम ईंधन उपयोग के साथ स्थिति में बने रहने में सक्षम होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**62. विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम के तहत बेंचमार्क विकलांगता वाले 6 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे मुफ्त शिक्षा के हकदार हैं।
2. विकलांग व्यक्तियों के लिये मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करते हुए नियामक निकायों और शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

The Vision

नोट :

**63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्लीन एयर फंड, नीति आयोग के सहयोग से संचालित विश्व बैंक की एक पहल है।
2. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम समयबद्ध कमी के लक्ष्य के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये एक राष्ट्रीय रूपरेखा तैयार करने का देश में पहला प्रयास था।
3. वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) दैनिक वायु गुणवत्ता में बदलाव की रिपोर्ट करता है, जिसमें आठ प्रमुख प्रदूषकों की निगरानी करके प्रदूषित हवा में साँस लेने से पड़ने वाले अल्पकालिक स्वास्थ्य प्रभावों पर ज़ोर दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत की संचित निधि से धन निकालने के लिये संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है।**

**कथन-II: विधि अधिनियमन के पूर्व समेकित निधि से कोई भी राशि नहीं निकाली जा सकती।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**65. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सरकारी व्यय में राजकोषीय विनियम, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये वर्ष 2003 में संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था।
2. इस अधिनियम के तहत सरकार को अपने राजकोषीय घाटे को उत्तरोत्तर कम करने का आदेश दिया गया है, जिसका उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करना है।
3. अधिनियम वक्तव्य के तहत मध्यम अवधि व्यय फ्रेमवर्क (MTEF), आधारभूत मान्यताओं और जोखिमों की विशिष्टताओं के साथ-साथ व्यय संकेतकों के लिये पाँच वर्ष का आवर्ती लक्ष्य निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**66. निम्नलिखित में से कौन गरीबी से संबंधित है?**

1. रंगराजन समिति
2. मुदलियार आयोग
3. तेंडुलकर समिति

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक संकीर्ण जलमार्ग है जो फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित है।
2. लाल सागर की सीमा से लगे देश मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और जिबूती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**68. भौगोलिक संकेतक (GI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक चिह्न है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उस उत्पत्ति से संबंधित गुण अथवा पहचान होती है तथा यह कृषि मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. इसे बौद्धिक संपदा अधिकार (TRIPS) के व्यापार-संबंधित पहलुओं पर समझौते में परिभाषित नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**69. ग्रीन क्रेडिट नियम 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत अधिसूचित किया गया है।
2. ये नियम स्वैच्छिक पर्यावरणीय सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिये एक व्यवस्था को स्थापित करते हैं जिसके परिणामस्वरूप ग्रीन क्रेडिट जारी किये जाते हैं।
3. ग्रीन क्रेडिट नियम, 2023 के अंतर्गत ग्रीन क्रेडिट का सृजन कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम 2023 के तहत प्रदान किये गए कार्बन क्रेडिट से स्वतंत्र रूप से संचालित है।

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**70. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (Carbon Border Adjustment Mechanism-CBAM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने के लिये यूरोपीय संघ की एक अभूतपूर्व रणनीति है और यूरोपीय संघ के महत्त्वाकांक्षी "फिट फॉर 55 एजेंडा" की आधारशिलाओं में से एक है।
2. यह प्रारंभ में सीमेंट, लोहा, स्टील, एल्युमीनियम, उर्वरक, बिजली और हाइड्रोजन जैसे कार्बन-सघन आयात पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो कार्बन उत्सर्जन का सबसे अधिक जोखिम पैदा करते हैं।
3. CBAM लागत बढ़ा सकता है और यूरोपीय संघ में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता को कम कर सकता है, विशेष रूप से इस्पात और एल्युमीनियम जैसे प्रमुख क्षेत्रों में, जो भारत-यूरोपीय संघ व्यापार के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**71. विधि का नियम सूचकांक (Rule of Law Index) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. विश्व न्याय परियोजना
B. एमनेस्टी इंटरनेशनल
C. विश्व बैंक
D. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2023 का उद्देश्य विभिन्न अधिनियमों के कई प्रावधानों में संशोधन करके छोटे अपराधों को अपराधमुक्त करके व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना है।**

**कथन-II: विधेयक जुर्माने को दंड में बदल देता है, न्यायिक अभियोजन की आवश्यकता को समाप्त कर देता है और विभिन्न अपराधों के लिये कारावास को हटा देता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**73. सामग्री उद्गम और प्रामाणिकता गठबंधन (C2PA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के नेतृत्व में इस पहल का अनावरण सितंबर 2023 में भारत में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया था।
2. यह मीडिया सामग्री के स्रोत और इतिहास को प्रमाणित करने के लिये तकनीकी मानकों के विकास के माध्यम से ऑनलाइन भ्रामक सूचना के प्रसार को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR) भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीज़ा एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी. तक जाने की अनुमति देता है।
2. म्याँमार की सीमा भारत के चार राज्यों असम, मिज़ोरम, मणिपुर और नगालैंड से लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**75. भारत-संयुक्त अरब अमीरात (UAE) संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) जापान के साथ वर्ष 2011 के FTA के बाद एक दशक से अधिक समय में किसी प्रमुख भागीदार के साथ भारत का पहला व्यापार समझौता है।
2. सरकार सौदे में कड़े मूल नियमों को लागू करती है, जिससे संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से टैरिफ चोरी को रोकने के लिये निर्यातक देशों में 40% मूल्य वृद्धि की मांग की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने तथा अवसरों को सुनिश्चित करने के लिये देश के सुरक्षा लक्ष्यों, रणनीतियों और जवाबदेही का निरूपण करती है।**

**कथन-II: नरेश चंद्र टास्क फोर्स (2012) और जनरल डी.एस. हुड्डा के दस्तावेज़ (2019) ने भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा को सुरक्षित किया, रक्षा सुधारों को कवर किया और एक रणनीतिक योजना का प्रस्ताव रखा।**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**77. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह केवल त्रि-सेवा मामलों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करता है।
2. उसकी दोहरी भूमिका में क्रमशः सैन्य ज़िम्मेदारियों और सरकारी कर्त्तव्यों के साथ चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष एवं सैन्य मामलों के विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य करना शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**78. अग्निपथ योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें वार्षिक रूप से सैनिकों की भर्ती की जाती है, जिनमें से अधिकांश चार वर्ष तक सेवा करते हैं और केवल 25% 15 वर्षों तक पद पर बने रहते हैं, जिसका लक्ष्य स्थायी सैन्य बल के स्तर को कम करना तथा महत्त्वपूर्ण रक्षा पेंशन खर्चों में कटौती करना है।
2. नई व्यवस्था विशेष रूप से गैर-कमीशन कर्मियों पर लागू होती है, उन लोगों को छोड़कर जो अधिकारियों के रूप में सैन्य बलों में शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**79. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (Regional Comprehensive Economic Partnership -RCEP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 10 आसियान देशों और उनके मुक्त व्यापार भागीदारों के बीच एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है, जिसका लक्ष्य दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारिक समूह बनाने के लिये व्यापार एवं सहयोग बढ़ाना है।
2. भारत जो शुरू में RCEP का हिस्सा था, वर्ष 2019 में चीनी आयात के कारण अपनी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचने की आशंका के कारण इससे हट गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**80. लक्षद्वीप द्वीप समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा केंद्रशासित प्रदेश है।
2. यह समुद्री खीरे के लिये विश्व का पहला संरक्षण क्षेत्र है।
3. इसकी स्थानिक जनसंख्या को उनके आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के कारण अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**81. भारत-मालदीव संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत द्वारा वित्तपोषित ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट में माले को विलिंग्ली, गुलहिफाल्हू और थिलाफुशी द्वीपों से जोड़ने वाले 6.74 किमी. लंबे सेतु का निर्माण शामिल है।
2. ऑपरेशन कैक्टस 1988 के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल की आपूर्ति की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: आय असमानता की दर को गिनी गुणांक के माध्यम से मापा जाता है।**

**कथन-II: शून्य गिनी गुणांक का अर्थ है कि सभी की आय समान है, जबकि 1 पूर्ण असमानता को इंगित करता है, जहाँ देश में पूर्ण धन का स्वामी एक व्यक्ति होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के तहत 'कारागार' राज्य का विषय है।
2. उम्रकैद की सज़ा काट रहे दोषियों को सज़ा माफी/परिहार के लिये आवेदन करने के पात्र बनने से पूर्व अनिवार्य रूप से न्यूनतम 14 वर्ष कारागार में बिताने होंगे।
3. परिहार के प्रत्येक आवेदन पर लक्ष्मण नस्कर बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (2000) मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कारकों के आधार पर एक समिति द्वारा वैयक्तिक रूप से विचार किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**84. वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिये साझेदारी (PGII) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PGII निम्न और मध्यम आय वाले देशों की व्यापक आधारभूत अवसंरचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये एक मूल्य-संचालित, प्रभावी एवं पारदर्शी आधारभूत अवसंरचना साझेदारी है।
2. नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना PGII का हिस्सा नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**85. लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत किया जाता है ?**

A. विश्व व्यापार संगठन
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. विश्व लॉजिस्टिक परिषद

नोट :

86. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लॉजिस्टिक्स ईज़ अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढाँचे, सेवाओं एवं मानव संसाधनों का आकलन करने के लिये एक स्वदेशी डेटा-संचालित सूचकांक है।
2. बंदरगाह, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्रालय ने लॉजिस्टिक्स ईज़ अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS),2023 रिपोर्ट जारी की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

87. **वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्राम सभा व्यक्तिगत वन अधिकार ( Individual Forest Rights) या सामुदायिक वन अधिकार (Community Forest Rights) की प्रकृति और सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।
2. स्वामित्व अधिकार, राहत और विकास अधिकार तथा वन प्रबंधन अधिकार अधिनियम के तहत केवल तीन अधिकारों की पहचान की गई है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही कथन है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

88. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रतिपाटन-रोधी शुल्क एक संरक्षणवादी टैरिफ है जिसे सरकार उन आयातों पर लगाती है जिनके बारे में उसका मानना है कि उनकी कीमत उचित बाज़ार मूल्य से कम है।**

**कथन-II: लंबी अवधि में डंपिंग-रोधी शुल्क समान वस्तुओं का उत्पादन करने वाली घरेलू कंपनियों की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा को कम कर सकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

89. **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायालय के पास व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों, निगमों या किसी अन्य निजी संस्था के आवेदनों से निपटने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।
2. इसके पास युद्ध अपराधों या मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का अधिकार क्षेत्र है।
3. एक आपराधिक न्यायालय होने के नाते, इसके पास मुकदमा चलाने और कानूनी कार्यवाही शुरू करने की शक्ति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

90. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **बंदरगाह** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | हाइकोऊ (Haikou) | (a) जापान |
| 2. | डिएगो गार्सिया (Diego Garcia) | (b) फ्राँस |
| 3. | हंबनटोटा (Hambantota) | (c) श्रीलंका |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

91. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तीस्ता नदी भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली ब्रह्मपुत्र की एक सहायक नदी है।
2. साउथ ल्होनक झील हिमाचल प्रदेश में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दुर्लभ मृदा धातु 17 धातु तत्त्वों का एक समूह हैं। इनमें स्कैंडियम और यट्रियम के अलावा आवर्त सारणी में 15 लैंथेनाइड्स शामिल हैं।
2. भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा दुर्लभ मृदा भंडार है लेकिन यह वैश्विक उत्पादन का केवल 1% ही उत्पादन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**93. मेक इन इंडिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस पहल का उद्देश्य भारत को सबसे पसंदीदा वैश्विक विनिर्माण गंतव्य बनाना है।
2. मेक इन इंडिया सेंटर भारत में विकसित नवीन उत्पादों तथा विनिर्माण प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।
3. इसका नेतृत्व भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: अल-नीनो, अल-नीनो दक्षिणी दोलन (ENSO) घटना का सामान्य से अधिक ऊष्म चरण है।**

**कथन-II: अल-नीनो तापमान में वृद्धि करता है, हीट वेव को बढ़ाता है तथा गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**95. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **शहर** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | बेरूत | इराक |
| 2. | करमान | ईरान |
| 3. | मोसुल | लेबनान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. केवल 2 और 3 D. 1, 2 और 3

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने के लिये "क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास" (Security and Growth for All in the Region- SAGAR) की रणनीतिक दृष्टि पेश की है।
2. SAGAR SAMPARK एक स्वदेशी डिफरेंशियल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (Differential Global Navigation Satellite System) है जो बेहतर स्थिति, सटीकता के लिये ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (Global Navigation Satellite System) की त्रुटियों को दूर करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**97. आदर्श आचार संहिता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के चुनाव आयोग (ECI) द्वारा जारी की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के संचालन की निगरानी सुनिश्चित करने के लिये राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों के लिये दिशा-निर्देशों के एक सेट के रूप में कार्य करती है।
2. MCC नामांकन की तारीख से परिणाम की घोषणा की तारीख तक चालू रहती है।
3. MCC को जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर लोच का तात्पर्य कर दरों में परिवर्तन के प्रति कर आधार की प्रतिक्रियाशीलता से है।
2. कर उछाल का तात्पर्य समग्र अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के प्रति कर राजस्व की प्रतिक्रिया से है।
3. लाफर कर्व दर्शाता है कि कर की दरें और सरकार द्वारा एकत्र किया गया धन कैसे जुड़ा हुआ है, यह सुझाव देता है कि करों को कम करने से कभी-कभी समग्र कर आय में वृद्धि हो सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**99. गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति उन सभी ऋणों का योग है जिन्हें वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा नहीं चुकाया गया है।
2. शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ वह राशि है जो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों से 'प्रोविज़न अमाउंट' की कटौती के बाद प्राप्त होती है।
3. किसी ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 180 दिनों की अवधि तक नहीं किया गया हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**100. विशेष आहरण अधिकार (SDR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सदस्य देशों की अन्य आरक्षित परिसंपत्तियों के पूरक के तौर पर IMF द्वारा बनाई गई एक ब्याजरहित अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है।
2. यह अमेरिकी डॉलर, यूरोप का यूरो, चीन की मुद्रा रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटेन का पाउंड सहित अंतर्राष्ट्रीय बास्केट ऑफ करेंसी पर आधारित है।
3. SDR का मूल्य IMF द्वारा SDR बास्केट में शामिल मुद्राओं की निश्चित मुद्रा मात्रा के आधार पर मासिक तौर पर निर्धारित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**101. भारत-सिंगापुर संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और सिंगापुर के मध्य वर्ष 2005 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) पर हस्ताक्षर किये गए थे।
2. भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और सिंगापुर के PayNow को फरवरी 2023 में दोनों देशों के बीच तेज़ी से प्रेषण सुनिश्चित करने के लिये एकीकृत किया गया है।
3. वर्ष 2023 में भारत को सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्राप्त हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**102. राष्ट्रपति प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. राष्ट्रपति विधायिका और कार्यपालिका दोनों का सदस्य होता है।
B. राष्ट्रपति राज्य का प्रमुख और सरकार का प्रमुख दोनों होता है।
C. राष्ट्रपति और उसके सचिव अपने कृत्यों के लिये विधायिका के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं।
D. शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत राष्ट्रपति प्रणाली का आधार है।

**103. बॉण्ड यील्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्याज दरों में वृद्धि से मौजूदा बॉण्ड की कीमत में गिरावट आएगी।
2. जब पैदावार बढ़ती है और बॉण्ड की कीमतें गिरती हैं, तो डेट फंड के शुद्ध संपत्ति मूल्य में भी गिरावट आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**104. दल-बदल विरोधी कानून के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत कोई सदस्य तब अयोग्य हो जाता है यदि वह स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह सदन के लिये चुना गया है।
2. यदि कोई सदस्य अपने राजनीतिक दल द्वारा दिये गए किसी भी निर्देश के विपरीत सदन में मतदान करता है या मतदान से अनुपस्थित रहता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।
3. एक महीने के भीतर किसी भी राजनीतिक दल में शामिल होने वाले नामांकित सदस्य को कानून के तहत अयोग्यता का सामना नहीं करना पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**105. लोकसभा अध्यक्ष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह अपनी शक्तियाँ और कर्त्तव्य भारत के संविधान से ही प्राप्त करता है।
2. वह संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है।
3. वह दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के तहत दल-बदल के आधार पर उत्पन्न होने वाले लोकसभा सदस्य की अयोग्यता के प्रश्नों का निर्णय करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

**106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में स्वास्थ्य को राज्य का विषय बताया गया है।
2. "चेन्नई घोषणा" का उद्देश्य रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) की बढ़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिये एक राष्ट्रीय नीति बनाने का प्रयास करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**107. दूरसंचार अधिनियम 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के उपाय के रूप में संस्थाओं को अपने उपयोगकर्त्ताओं का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करना अनिवार्य किया गया है।
2. यह अपने दायरे का विस्तार करते हुए 'डिजिटल भारत निधि' के साथ यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) की जगह लेता है।
3. यह केंद्र को केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क का नियंत्रण एवं प्रबंधन अपने हाथ में लेने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**108. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. बहुमत दल का नियम
2. सामूहिक ज़िम्मेदारी
3. प्रधानमंत्री का नेतृत्व

**उपर्युक्त में से कौन-सी सरकार के संसदीय स्वरूप की विशेषता है?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**109. राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (Fiscal Responsibility and Budget Management- FRBM) अधिनियम, 2003 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक सीमित करता है।
2. इस अधिनियम के अनुसार सरकार को अपना राजस्व घाटा समाप्त करना होगा।
3. इसके लिये सरकार को संसद में वार्षिक राजकोषीय ज़िम्मेदारी विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. सभी तीन D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

110. बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अपने चुनौतीपूर्ण नेविगेशन के कारण इसे आँसुओं का द्वार कहा जाता है।
2. यह लाल सागर का दक्षिणी निकास है।
3. यह ओमान (अरब प्रायद्वीप) और जिबूती तथा इरिट्रिया (अफ्रीकी तट) के बीच स्थित है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

111. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यायालय आमतौर पर राज्यों के बीच संघर्ष (विवादास्पद मामले) और संयुक्त राष्ट्र के अंगों एवं एजेंसियों (सलाहकार कार्यवाही) द्वारा संदर्भित कानूनी पूछताछ से जुड़े मामलों को निपटाता है।
2. न्यायालय के समक्ष सलाहकारी कार्यवाही केवल संयुक्त राष्ट्र के पाँच अंगों और संयुक्त राष्ट्र सदस्यों या संबद्ध संगठनों की 16 विशेष एजेंसियों के लिये खुली है।
3. केवल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के स्थायी सदस्यों के स्थायी प्रतिनिधि ही न्यायालय से मान्यता प्राप्त होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

112. ताइवान जलडमरूमध्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जलडमरूमध्य प्रशांत महासागर की एक शाखा है।
2. यह दक्षिण चीन सागर को पूर्वी चीन सागर से जोड़ता है।
3. पेंग-हु द्वीप (पेस्काडोरेस द्वीप) ताइवान जलडमरूमध्य में स्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

113. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा इथियोपिया से लगती है:

1. सूडान
2. इरिट्रिया
3. जिबूती
4. सोमालिया
5. नाइजीरिया
6. दक्षिण सूडान

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 5
C. केवल 1, 2, 3, 4 और 6
D. 1, 2, 3, 4, 5 और 6

114. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | समूह | देश |
|---|---|---|
| 1. | अल-शबाब | यमन |
| 2. | हौथिस | इराक |
| 3. | हिज़बुल्लाह | लेबनान |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

115. ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट, फ्यूचर अर्थ का एक वैश्विक अनुसंधान प्रोजेक्ट और विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम का अनुसंधान भागीदार है।
2. इसने अर्थ सिस्टम साइंस पार्टनरशिप (ESSP) का गठन किया था जो बाद में फ्यूचर अर्थ के रूप में विकसित हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**116. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **नदी** | **सहायक नदियाँ** |
|---|---|
| 1. गोदावरी | प्राणहिता |
| 2. कावेरी | भीमा |
| 3. कृष्णा | शिमसा नदी |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**117. कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 2011 में भारत, बांग्लादेश और म्याँमार के त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा समूह के रूप में किया गया था।
2. यह हिंद महासागर के तटीय देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग तथा साझा सुरक्षा लक्ष्यों पर ज़ोर देता है।
3. मॉरीशस इस सम्मेलन में शामिल होने वाला चौथा सदस्य बना जबकि मालदीव व सेशेल्स इसके पर्यवेक्षक देश हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**118. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **पहल** | **द्वारा लॉन्च** |
|---|---|
| 1. वैश्विक सभ्यतागत पहल | चीन |
| 2. वैश्विक सुरक्षा पहल | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 3. वैश्विक विकास पहल | फ्राँस |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आंतरिक जल बेसलाइन से भूमि की ओर का जल है जिससे प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई निर्धारित होती है।
2. प्रादेशिक समुद्र बेसलाइन से 12 समुद्री मील (nm) की दूरी तक विस्तारित होता है।
3. प्रत्येक तटीय राज्य अपने क्षेत्रीय समुद्र से परे तथा उसके निकट एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) का दावा कर सकता है जो उसकी बेसलाइन से समुद्र की ओर 200 nm तक विस्तारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**120. निम्नलिखित युग्मो पर विचार कीजिये:**

| **अवधि** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1. यूनिकॉर्न्स | : | वर्ष 2000 के बाद 1 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ स्टार्ट-अप की स्थापना हुई |
| 2. डेकाकॉर्न | : | स्टार्ट-अप जो अगले पाँच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं |
| 3. गज़ेल | : | ऐसे स्टार्ट-अप जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न्स बनने की सबसे अधिक संभावना है |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**121. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'वन चाइना पॉलिसी' चीन की इस स्थिति की कूटनीतिक स्वीकृति है कि चीन में केवल एक ही सरकार है।
2. भारत के अभी तक ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, क्योंकि वह वन-चाइना नीति का पालन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**122. शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ASER) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. नीति आयोग
B. प्रथम NGO
C. शिक्षा मंत्रालय
D. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

नोट :

**123.** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: Production Linked Incentive Scheme(PLI) is expected to enable the setting up of a widespread supplier base for the global champions established under the scheme. उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI) से योजना के तहत स्थापित वैश्विक अग्रणी के लिये एक व्यापक आपूर्तिकर्त्ता आधार स्थापित करने में सक्षम होने की उम्मीद है।**

**कथन-II: PLI योजना के तहत दिये जाने वाले प्रोत्साहन की गणना वृद्धिशील बिक्री के आधार पर की जाती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**124.** **ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम एक ऐसा तंत्र है जो घरेलू कार्बन बाज़ार का पूरक है।
2. ग्रीन क्रेडिट व्यापार योग्य नहीं हैं और इसे अर्जित करने वाले इन क्रेडिट को प्रस्तावित घरेलू बाज़ार मंच पर बिक्री के लिये नहीं रख पाएंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**125.** **राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तीन समान रूप से महत्त्वपूर्ण आयामों, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर पर आधारित है जिन्हें 12 संकेतकों द्वारा दर्शाया जाता है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त सहयोग से तैयार किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**126.** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: फेम इंडिया, राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का अभिन्न अंग है जिसका उद्देश्य सब्सिडी प्रोत्साहन के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देना है।**

**कथन-II: फेम इंडिया योजना में माइल्ड हाइब्रिड, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड, प्लग-इन हाइब्रिड तथा बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन जैसी हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकियों शामिल हैं।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**127.** **क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET) पर अमेरिका-भारत पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. iCET क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, 5G/6G बुनियादी ढाँचे तथा चंद्रमा अन्वेषण जैसी नागरिक अंतरिक्ष परियोजनाओं पर सहयोग करता है।
2. iCET प्रक्रिया का कार्यान्वन दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों द्वारा किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: 77 देशों का समूह (G-77) वर्ष 1964 में व्यापार और विकास पर प्रथम संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD) में एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर करके उभरा।**

**कथन-II: G-77 की स्थापना विकासशील देशों की आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक मामलों पर संयुक्त राष्ट्र-स्तरीय वार्ता में शामिल होने की उनकी क्षमता को मज़बूत करने के लिये की गई थी।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1963 में, स्वतंत्र अफ्रीकी राज्यों ने अपने बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये अफ्रीकी एकता संगठन की स्थापना की।
2. अफ्रीकी एकता संगठन द्वारा अपनाई गई लागोस कार्य योजना में अंतर-अफ्रीकी व्यापार को बढ़ावा देकर पश्चिम पर निर्भरता कम करने का प्रस्ताव रखा गया।
3. अफ्रीकी एकता संगठन का अनुवर्ती अफ्रीकी संघ बना, जिसका एक लक्ष्य "महाद्वीप के आर्थिक एकीकरण" में तेज़ी लाना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: चाबहार बंदरगाह भारत की ईरान से कनेक्टिविटी को बढ़ाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है, जो भारत, ईरान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच समुद्र, रेल एवं सड़क संपर्क की सुविधा प्रदान करता है।**

**कथन-II: चाबहार बंदरगाह भारत को एक वैकल्पिक व्यापार मार्ग प्रदान करता है, जिससे अफगानिस्तान और अन्य क्षेत्रों तक पहुँच के लिये पाकिस्तान पर निर्भरता कम हो जाती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**131. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1968 में अधिनियमित आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA), समुदाय के सामान्य जीवन के लिये महत्त्वपूर्ण सेवाओं का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करता है।
2. आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम सरकार को विशिष्ट आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन, वितरण और आपूर्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है।
3. आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में सूचीबद्ध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**132. भारत-बांग्लादेश संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत बांग्लादेश के साथ दूसरी सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करता है।
2. भारत ने 2011 से दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA) के तहत तंबाकू और शराब को छोड़कर सभी टैरिफ लाइनों पर बांग्लादेश को ड्यूटी फ्री कोटा फ्री पहुँच प्रदान की है।
3. बांग्लादेश और भारत ने अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने तथा क्षेत्रीय मुद्रा एवं व्यापार को बढ़ाने के लिये रुपया-आधारित व्यापार लेन-देन शुरू किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

133. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | स्थान | देश |
|---|---|---|
| 1. | काश्गर | चीन |
| 2. | हेरातन | तुर्कमेनिस्तान |
| 3. | ताशकंद | उज़्बेकिस्तान |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I: POCSO अधिनियम वर्ष 2012 में लागू हुआ, जिसे वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था।**

**कथन-II: POCSO अधिनियम का उद्देश्य बच्चों के यौन शोषण और यौन उत्पीड़न के अपराधों से निपटना है, जिन्हें या तो विशेष रूप से परिभाषित नहीं किया गया था या अपराधियों को पर्याप्त रूप से दंडित नहीं किया गया था।**

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

135. राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति (NSAC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार किया गया:

1. राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति (NSAC) बंदरगाह आधारित विकास-सागरमाला परियोजनाओं के लिये नीति-निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करने वाली शीर्ष निकाय है तथा इसके कार्यान्वयन की समीक्षा करता है।
2. इसका नेतृत्व भारत के प्रधानमंत्री करते हैं और तटीय राज्यों के सभी मुख्यमंत्री इसके सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. समय-समय पर संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000, कंप्यूटर संसाधनों के उपयोग से संबंधित सभी गतिविधियों को नियंत्रित करता है
2. IT अधिनियम, 2000 केवल उन मध्यस्थों को कवर करता है जो सरकार द्वारा अधिसूचित हैं।
3. सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश) नियम, 2011 में इस उद्देश्य के लिये बनाए गए अलग-अलग नियमों में मध्यस्थों की भूमिका का वर्णन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

137. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रामकता जैसे गंभीर अंतर्राष्ट्रीय अपराधों में शामिल व्यक्तियों की जाँच करता है तथा उन पर मुकदमा चलाता है।
2. अंतिम न्यायिक प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए इसका उद्देश्य घरेलू न्यायालयों को प्रतिस्थापित करना है तथा यह रोम संविधि के नाम से ज्ञात अंतर्राष्ट्रीय संधि के तहत संचालित होता है।
3. राज्यों की पार्टियों की सभा, जिसमें रोम संविधि का अनुसमर्थन तथा अंगीकरण करने वाले विभिन्न राज्य के प्रतिनिधि शामिल होते हैं, न्यायालय के शासी एवं विधायी निकाय के रूप में कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**138. ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन अमेरिका द्वारा शुरू किया गया।
2. अमेरिका के सभी उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) सहयोगी इस ऑपरेशन का हिस्सा हैं।
3. बहरीन इस ऑपरेशन का हिस्सा बनने वाला एकमात्र पश्चिम एशियाई देश है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**139. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **शहर** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | एरबिल | यमन |
| 2. | सना | इराक |
| 3. | स्रेब्रेनिका | बोस्निया और हर्जेगोविना |

**ऊपर दिये गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**140. राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (NLP), 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रक्रिया सुधार, लॉजिस्टिक्स सेवा सुधार, डिजिटलीकरण, मानव संसाधन विकास और कौशल सहित सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को संबोधित करता है।
2. इसका लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत में कटौती करना, 2030 तक भारत के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक रैंक को शीर्ष 25 तक पहुँचाना और कुशल लॉजिस्टिक्स के लिये डेटा-संचालित निर्णय समर्थन प्रणाली स्थापित करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**141. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी विक्षोभ (WD) बाह्योष्णकटिबंधीय/शीतोष्ण चक्रवात प्रणालियों को संदर्भित करता है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में विकसित होकर पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हैं।
2. अल नीनो जलवायु संबंधी घटना है जो प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान में आवधिक वृद्धि की विशेषता है, जिससे एशिया में आर्द्रता की स्थिति उत्पन्न होती है और विश्व स्तर पर तापमान पैटर्न में बदलाव होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**142. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतमाला परियोजना पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के तहत शुरू किया गया एक व्यापक कार्यक्रम है।
2. भारतमाला पहले से निर्मित बुनियादी ढाँचे की बढ़ी हुई प्रभावशीलता, बहुविध एकीकरण, निर्बाध आवागमन के लिये बुनियादी ढाँचे की कमियों को दूर करने एवं राष्ट्रीय व आर्थिक कॉरिडोर को एकीकृत करने पर केंद्रित है।
3. भारतमाला चरण–I, जिसे शुरुआत में वर्ष 2022 तक पूरा किया जाना था, परियोजना लागत में 100% से अधिक की वृद्धि के कारण वर्ष 2027-28 तक बढ़ा दिया गया है।

उपार्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**143. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों को लागू करने के लिये उत्तरदायी है।
2. राघवन समिति की सिफारिशों के आधार पर एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम (MRTP Act), 1969 को निरस्त कर इसे प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।
3. आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिनकी नियुक्ति वाणिज्य और उद्योग मंत्री की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**144. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| स्थान | राज्य/केंद्रशासित |
|---|---|
| 1. औली | हिमाचल प्रदेश |
| 2. गुलमर्ग | जम्मू और कश्मीर |
| 3. कुफरी | उत्तराखंड |

**ऊपर दिये गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**145. अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका स्वामित्व 63 केंद्रीय बैंकों के पास है, जो विश्व भर के देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका विश्व सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 95% योगदान है।
2. यह वित्तीय स्थिरता और बैंकिंग नियमों के सामान्य मानकों के सामान्य लक्ष्य के साथ केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**146. फरगना घाटी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तीन पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है जिसमें उत्तर में पश्चिमी टीएन शान (Tien Shan) पर्वत, पूर्व में फरगना रेंज एवं दक्षिण में अलाई पर्वत शामिल है।
2. यह घाटी तीन देशों द्वारा साझा की जाती है जिसमें किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान व उज़्बेकिस्तान शामिल हैं।
3. उज़्बेक, ताजिक, किर्गिज़ तथा रूसी समेत विभिन्न जातीय समूह यहाँ निवास करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**147. एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रतिभूतियों की एक बास्केट है जो स्टॉक की तरह ही एक्सचेंज पर व्यापार करती है।
2. यह निरंतर खरीद और बिक्री से इंट्राडे मूल्य में उतार-चढ़ाव के अधीन म्यूचुअल फंड के विपरीत, एक बार दैनिक पोस्ट-मार्केट ट्रेडिंग के माध्यम से मूल्य स्थिरता बनाए रखता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**148. हाल ही में 'प्रोजेक्ट नेक्सस' शब्द चर्चा में था। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है:**

A. वैश्विक वास्तविक समय खुदरा भुगतान नेटवर्क कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिये एक परियोजना
B. पश्चिम एशिया में सक्रिय एक उग्रवादी संगठन
C. एक नई क्रिप्टोकरेंसी
D. एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ईंधन सेल, पारंपरिक इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों के विपरीत हाइड्रोजन की निरंतर आपूर्ति की सहायता से बिना खत्म हुए अथवा बिना रिचार्ज किये निरंतर बिजली उत्पन्न करते हैं।
2. पारंपरिक सेल के समान एक ईंधन सेल में एनोड, कैथोड तथा इलेक्ट्रोलाइट शामिल होते हैं।
3. हाइड्रोजन ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहन केवल जल वाष्प उत्सर्जित करके संचालन करते हैं जो आंतरिक दहन इंजन वाहनों की तुलना में शून्य टेलपाइप उत्सर्जन तथा बेहतर दक्षता प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**150. अब्राहम एकॉर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रारंभिक अरब-इज़रायल शांति समझौते में मध्यस्थता की, जिसमें इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत शामिल थे।
2. समझौतों में संयुक्त अरब अमीरात तथा बहरीन द्वारा दूतावासों की स्थापना, राजदूतों के आदान-प्रदान एवं व्यापार, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा व सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में इज़रायल के साथ सहयोग का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**151. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | पत्तन | देश |
|---|---|---|
| 1. | हाइफा | संयुक्त अरब अमीरात |
| 2. | फुजैराह | इज़रायल |
| 3. | ग्वादर | पाकिस्तान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (India-Middle East-Europe Economic Corridor - IMEC)) की स्थापना का भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इटली और यूरोपीय संघ ने सामूहिक रूप से समर्थन किया था।
2. IMEC को दो गलियारों के रूप में विकसित किया गया है: एक पूर्व में भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ता है और दूसरा उत्तर में अरब की खाड़ी को यूरोप से जोड़ता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**153. स्वेज़ नहर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नहर यूरोप को एशिया से अलग करती है।
2. स्वेज़ नहर भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने के लिये मिस्र में स्वेज के इस्तमुस के पार उत्तर से दक्षिण तक एक कृत्रिम समुद्र-स्तरीय जलमार्ग है।
3. यह यूरोप तथा भारतीय एवं पश्चिमी प्रशांत महासागरों के आसपास की भूमि के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**154. दूरसंचार अधिनियम 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 एवं टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्ज़ा) अधिनियम, 1950 को निरस्त करने का प्रयास करता है।
2. व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे संचार सेवा प्रदाता एवं अन्य ओवर-द-टॉप (OTT) सेवाएँ तथा एप्स दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा में शामिल हैं।
3. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) अधिनियम, 1997 में संशोधन कम से कम 30 वर्षों के पेशेवर अनुभव वाले व्यक्तियों को अध्यक्ष पद के लिये अर्हता प्राप्त करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**155. डाकघर विधेयक 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य 1898 के 125 वर्ष पुराने भारतीय डाकघर अधिनियम को निरस्त करना है।
2. यह विधेयक 1898 अधिनियम के तहत सभी दंडों और अपराधों को समाप्त करता है।
3. निजी कूरियर सेवाओं को नए अधिनियम से छूट दी गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**156. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक एजेंसी है तथा देश में सभी मौसम संबंधी एवं अन्य संबंधित मामलों की देख-रेख करती है।
2. IMD 'सभी के लिये प्रारंभिक चेतावनी' कार्यक्रम के लिये संयुक्त राष्ट्र के साथ सहयोग करता है, जिसमें 30 चिह्नित देश शामिल हैं।
3. ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (CEEW) नीति निर्माण के लिये IMD की एक शाखा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**157. हाल ही में चर्चा में रहा सत्र शब्द का सबसे सटीक वर्णन इस प्रकार किया गया है:**

A. वैदिक काल में नई फसल की कटाई का उत्सव मनाने के लिये वार्षिक उत्सव।
B. यह शंकरदेव द्वारा वैष्णव संप्रदाय के लिये शुरू किये गए पारंपरिक प्रदर्शन कला के लिये मठ और केंद्र दोनों के रूप में कार्य करता है।
C. अशोक द्वारा पुजारियों को दिया गया भूमि अनुदान।
D. हड़प्पा काल की नर्तकी की प्रतिमा के अनुयायी।

**158. बायोमार्कर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी जीव के भीतर एक विशिष्ट रोग स्थिति या अन्य शारीरिक स्थिति के संकेतक के रूप में कार्य करता है।
2. यह एक ऐसे पदार्थ को संदर्भित करता है जिसे अंग प्रकार्य अथवा स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं का अध्ययन करने के उद्देश्य से किसी जीव में अंतक्षेप किया जाता है।
3. चिकित्सा के क्षेत्र में एक बायोमार्कर किसी बीमारी के मात्रात्मक संकेत के रूप में कार्य करता है जो किसी विशेष रोग स्थिति के अस्तित्व अथवा डिग्री को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**159. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, मूल रूप से सोसायटी अधिनियम 1860 के तहत एक सोसायटी का NDBB अधिनियम 1987 के तहत भारतीय डेयरी निगम में विलय हो गया।
2. इसे राष्ट्रीय महत्त्व की संस्था घोषित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**160. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 87वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2011 ने सहकारी समितियों के गठन के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्थापित किया।
2. सहकारी समितियों से संबंधित भाग IXB विशेष रूप से बहु-राज्य सहकारी समितियों पर लागू होता है, क्योंकि अलग-अलग राज्य, राज्य सहकारी समितियों पर विधायी अधिकार बनाए रखते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**161. रूल ऑफ लॉ इंडेक्स निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है:**

A. विश्व न्याय परियोजना
B. विश्व बैंक
C. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
D. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

**162. सुभाष चंद्र बोस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने राजनीतिक रूप से वामपंथियों को एकजुट करने और अपने गृह राज्य बंगाल में महत्त्वपूर्ण समर्थन हासिल करने के लिये 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की है।
2. उनकी जयंती 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जाती है।
3. बोस वर्ष 1926 में हरिपुरा में कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**163. येओनप्योंग द्वीप और बेंगनीओंग द्वीप निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित हैं:**

A. दक्षिण कोरिया

B. उत्तर कोरिया

C. जापान

D. इंडोनेशिया

**164. एकसारना धर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. यह 15वीं-16वीं शताब्दी के संत-सुधारक श्रीमंत शंकरदेव द्वारा स्थापित एक आध्यात्मिक परंपरा है।

B. बताद्रवा एकसारना धर्म के अनुयायियों के लिये एक पवित्र स्थल के रूप में गहरा महत्त्व रखता है।

C. इसे चोलों का संरक्षण प्राप्त था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और म्याँमार के बीच की सीमा 4 राज्यों मिज़ोरम, मणिपुर, नगालैंड एवं अरुणाचल प्रदेश में 1,643 किमी. तक फैली हुई है।
2. ब्रिटिश शासन के दौरान स्थापित मुक्त आवाजाही व्यवस्था (Free Movement Regime - FMR) भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर के निवासियों को बिना वीज़ा के 16 किमी. तक एक-दूसरे के क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति देता है।
3. फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR) के तहत वे एक साल की वैधता वाले बॉर्डर पास के माध्यम से सीमा पार कर सकते हैं और दो सप्ताह तक रह सकते हैं।

**उपर्युक्त कथन में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**166. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य है।
2. राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति के तहत जैव ईंधन का निर्यात पूर्णत: प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त कथन में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**167. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय खाद्य निगम (Food Corporation of India- FCI) को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में शामिल किया गया था।
2. FCI के पास परिचालन आवश्यकताओं से परे अधिशेष अनाज का स्टॉक होता है, जिसे रणनीतिक स्टॉक के रूप में जाना जाता है, जिसमें बफर स्टॉक भी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजस्व व्यय वह व्यय है जिससे न तो न तो परिसंपत्तियों का सृजन होता है तथा न ही वित्तीय दायित्वों में कमी आती है।
2. पूंजीगत व्यय वे व्यय हैं जिसके परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों का सृजन अथवा वित्तीय दायित्वों में कमी आती है।
3. केंद्र सरकार द्वारा लिये गए ऋण पर ब्याज भुगतान तथा राज्य सरकार और स्थानीय निकायों को दिया गया अनुदान पूंजीगत व्यय के अंतर्गत आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**169. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (NSP) का लक्ष्य साहसिक तथा नवीन उपायों के माध्यम से वर्ष 2025 तक भारत में तपेदिक रोग को खत्म करना है।
2. WHO की एंड TB रणनीति का लक्ष्य TB से होने वाली मौतों को 90% तक कम करना, नए मामलों को 80% (वर्ष 2015-2030) तक कम करना एवं परिवारों पर TB के कारण पड़ने वाले प्रभाव को कम करना है।
3. वर्ष 2030 तक TB महामारी को समाप्त करना स्वास्थ्य लक्ष्यों के अंतर्गत अपनाए गए नए सतत् विकास लक्ष्यों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: नीति आयोग ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा ऑक्सफोर्ड निर्धनता और मानव विकास पहल (OPHI) के सहयोग से राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) विकसित किया है जो गरीबी पर बहुआयामी परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है।**

**कथन-II: राष्ट्रीय MPI एक सुदृढ़ तथा सूक्ष्म सार्वजनिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग भारत में राष्ट्रीय, राज्य तथा ज़िला स्तर पर बहुआयामी निर्धनता की निगरानी के लिये किया जा सकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**171. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत की गई है।
2. CEA के कार्यों और कर्त्तव्यों को विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 के तहत रेखांकित किया गया है।
3. इसमें चौदह से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनमें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त आठ से अधिक पूर्णकालिक सदस्य नहीं होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**172. ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) एक छोटा, गैर-आच्छादित डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) वायरस है जो त्वचा या म्यूकोसल कोशिकाओं को संक्रमित करता है।
2. इसके दो प्रकार सर्वाइकल कैंसर के लगभग 70% मामलों में योगदान करते हैं।
3. ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के खिलाफ टीके अभी तक विकसित नहीं हुए हैं।

**उपर्युक्त कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**173. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम के तहत "बोर्ड" का अर्थ प्रत्येक राज्य सरकार द्वारा स्थापित भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड है।
2. सहमति प्रबंधक बोर्ड द्वारा पंजीकृत एक व्यक्ति है जो डेटा प्रिंसिपल के सुलभ, पारदर्शी और अंतर-संचालित सहमति प्रबंधन की सुविधा प्रदान करता है, जिसमें सहमति देना, समीक्षा करना और सहमति वापस लेना शामिल है।
3. डेटा प्रत्ययी एक व्यक्ति या समूह को संदर्भित करता है, जो स्वतंत्र रूप से या दूसरों के सहयोग से, व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने के उद्देश्य और तरीकों को तय करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**174. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **स्थान** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | एरबिल | ईराक |
| 2. | लिब्रेविल | गैबॉन |
| 3. | इस्फहान | अफगानिस्तान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**175. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोलकनाथ मामले और सज्जन सिंह मामले के फैसलों में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में संशोधन करने के लिये संसद के पूर्ण अधिकार को मान्यता दी।
2. शंकरी प्रसाद मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि मौलिक अधिकारों में संशोधन करने का अधिकार केवल संविधान सभा को है, संसद को नहीं।
3. केशवानंद भारती मामले में यह माना गया कि संसद संविधान में तब तक संशोधन कर सकती है जब तक वह इसकी मूल संरचना या आवश्यक विशेषताओं को नहीं बदलती।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**176. हाल ही में समाचारों में देखे गए थ्री ब्रदरहुड एलायंस का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया गया है:**

A. अराकान आर्मी, म्याँमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी और ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी के बीच गठबंधन।
B. हिज़बुल्लाह, हौथिस और हमास सहित एक अनौपचारिक इज़रायल विरोधी गठबंधन।
C. हाल ही में पाकिस्तान, चीन और मालदीव के बीच गठबंधन बना।
D. इनमे से कोई भी नहीं।

**177. सेमीकंडक्टर्स के लिये डिज़ाइन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह देश में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिये इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना मंत्रालय (MeitY) के व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है।
2. योजना के लाभार्थियों को प्रोत्साहन का दावा करने के बाद तीन वर्ष तक निवासी भारतीय नागरिकों और/या उनके द्वारा नियंत्रित भारतीय कंपनियों द्वारा 50% से अधिक स्वामित्व बनाए रखते हुए घरेलू स्थिति बरकरार रखनी होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**178. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 131 के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय केंद्र सरकार और राज्यों के बीच विवादों पर विशेष मूल क्षेत्राधिकार रखता है।
2. संविधान अनुच्छेद 246 के तहत राज्य सूची में प्रविष्टि 1 और 2 के माध्यम से राज्य को पुलिस एवं सार्वजनिक व्यवस्था के मामलों पर विशेष विधायी अधिकार प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**179. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन (OPG) एक यू.एस. गठबंधन है। नौसेना के नेतृत्व वाला गठबंधन लाल सागर में सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग सुनिश्चित कर रहा है।**

**कथन-II: यमन के हौथी खतरों का मुकाबला करने के लिये अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसैनिक गठबंधन को मज़बूत करने हेतु भारत और ग्रीस लाल सागर में युद्धपोत तैनात करेंगे।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**180. 'एक्सिस ऑफ रेज़िस्टेंस' शब्द अक्सर समाचारों में निम्नलिखित के संदर्भ में देखा जाता है:**

A. भारत-पाकिस्तान

B. इज़रायल-ईरान

C. यू.एस.-चीन

D. रूस-यूक्रेन

**181. दूरसंचार अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्राधिकरण प्रणाली की ओर आगे बढ़कर दूरसंचार नेटवर्क के लिये वर्तमान लाइसेंसिंग व्यवस्था को सरल बनाना चाहता है।
2. यह सरकार को अप्रयुक्त स्पेक्ट्रम वापस लेने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**182. खाद्य मूल्य सूचकांक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है:**

A. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

B. विश्व बैंक

C. नीति आयोग

D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**183. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: वन फ्यूचर एलायंस राष्ट्रों का एक गठबंधन है जिसका उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये सामाजिक, आर्थिक और सतत् विकास हेतु प्रौद्योगिकी का सहयोगात्मक उपयोग करना है।**

**कथन-II: इसका लक्ष्य ओपन-सोर्स अनुकूलन योग्य स्टैक का निर्माण करना है जो पहले से ही उपलब्ध हैं और देशों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के लिये इन समाधानों के नवीनीकरण तथा अनुकूलित करने हेतु प्रोत्साहित करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**184. दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) अधिनियम, 2013 के तहत दूरसंचार से संबंधित विवादों को संबोधित करने के लिये की गई है।
2. TDSAT के अधिकार क्षेत्र में साइबर अपीलीय न्यायाधिकरण और विमान पत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण अपीलीय न्यायाधिकरण के तहत पहले के मामले भी शामिल हैं।
3. ट्रिब्यूनल के पास दूरसंचार, प्रसारण और विमान पत्तन के टैरिफ मामलों पर मूल एवं अपीलीय क्षेत्राधिकार है, जबकि साइबर मामलों में इसके पास विशेष रूप से अपीलीय क्षेत्राधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**185. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने तीन मूलभूत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) विकसित करने में उपलब्धि हासिल की है, जो सभी इंडिया स्टैक के माध्यम से डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर बनाए गए हैं।
2. DEPA एक डिजिटल ढाँचा का निर्माण करता है जो उपयोगकर्त्ताओं को एक तृतीय-पक्ष इकाई के माध्यम से अपने डेटा को अपनी शर्तों पर साझा करने की अनुमति देता है, जिन्हें कंसेंट मैनेजर के रूप में जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**186. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने व्यापार, विश्वसनीय प्रौद्योगिकी तथा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिये सहयोगात्मक रूप से एक समन्वय मंच के रूप में व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (TTC) की स्थापना की है।
2. TTC की मंत्रिस्तरीय बैठकें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच वार्षिक आधार पर क्रमिक रूप से होंगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: वासेनार अरेंजमेंट का उद्देश्य पारदर्शिता, ज़िम्मेदारी को बढ़ावा देना और पारंपरिक हथियारों तथा दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं एवं प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण में अस्थिर संचय को रोककर क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा को बढ़ाना है।**

**कथन-II: भाग लेने वाले राज्यों का उद्देश्य उन वस्तुओं के हस्तांतरण को सैन्य क्षमताओं के विकास या वृद्धि में योगदान करने से रोकना है जो स्थापित लक्ष्यों को कमज़ोर करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें राष्ट्रीय नीतियों के माध्यम से ऐसे उद्देश्यों के लिये नहीं भेजा जाए।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**188. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) अधिनियम, 1997 के तहत संचालित होता है।
2. TRAI दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ के निर्धारण/संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है जो पहले केंद्र सरकार के क्षेत्राधिकार में आता था।
3. पारदर्शिता बनाए रखने के लिये TRAI के अध्यक्ष की नियुक्ति संचार मंत्री की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**189. हाल ही में लॉन्च किये गए वैभव फैलोशिप योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों (HEI), विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक वित्त पोषित वैज्ञानिक संस्थानों के साथ भारतीय प्रवासी वैज्ञानिकों के बीच सहयोग की परिकल्पना करती है।
2. वैभव फेलो सहयोग के लिये एक भारतीय संस्थान की पहचान करेगा और अधिकतम 3 वर्षों तक एक वर्ष में दो महीने तक का समय व्यतीत कर सकता है।
3. भारत सरकार का विदेश मंत्रालय 'वैभव फेलोशिप कार्यक्रम' लागू कर रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**190. कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बंगाल की खाड़ी के माध्यम से भारत और म्याँमार को जोड़ता है।
2. इस परियोजना का उद्देश्य सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर दबाव कम करने के लिये एक रणनीतिक लिंक स्थापित करते हुए भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**191. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **स्थान** | **देश** |
|---|---|
| 1. पलेतवा | म्याँमार |
| 2. कीव | रूस |
| 3. बेल्गोरोद | यूक्रेन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**192. फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (UNRWA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा केवल 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों' की सेवा करना अनिवार्य है।
2. यह मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के स्वैच्छिक योगदान पर निर्भर करता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट के एक हिस्से द्वारा पूरक किया जाता है, जो मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्टाफिंग खर्चों को कवर करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**193. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महिला भारतीय संघ (WIA) महिलाओं के मताधिकार का समर्थन करने और महिलाओं के सामने आने वाली सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने वाला पहला राष्ट्रीय संगठन था।
2. भारत सरकार अधिनियम 1919 ने प्रांतीय विधायिकाओं को महिलाओं को मतदान का अधिकार देने का अधिकार दिया।
3. वर्ष 1921 में मद्रास ने महिलाओं के मताधिकार का नेतृत्व किया, बाद में बॉम्बे और संयुक्त प्रांत ने इसका अनुसरण किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**194. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिकी संविधान प्रस्तावना से शुरू होने वाला पहला संविधान था।
2. डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने प्रस्तावना को 'संविधान का परिचय पत्र' कहा है।
3. भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'उद्देश्य संकल्प' पर आधारित है, जिसे 13 दिसंबर, 1946 को पंडित नेहरू द्वारा तैयार और प्रस्तावित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**195. संसद रत्न पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. संसद रत्न पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिये जाते हैं।
2. इसमें विधायी निकाय में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को उनके काम के आधार पर सम्मानित किया जाता है।
3. पहला डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2023 में प्रदान किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**196. प्राइवेट मेंबर बिल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे मंत्री के अलावा संसद के किसी भी सदस्य द्वारा पेश किया जाता है।
2. इसे केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है, राज्यसभा में नहीं।
3. इसे सदन में पेश करने के लिये दो महीने के नोटिस की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**197. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिहार प्रणाली को जेल अधिनियम, 1894 के तहत परिभाषित किया गया है।
2. संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत परिहार देना एक मौलिक अधिकार है।
3. भारतीय संविधान के तहत केवल भारत के राष्ट्रपति के पास किसी दोषी को सज़ा में छूट देने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**198. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: हिंदू-कुश-हिमालयी (HKH) क्षेत्र को तीसरा ध्रुव (उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव के बाद) माना जाता है और इसका जलवायु पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।**

**कथन-II: इस क्षेत्र में विशाल क्रायोस्फेरिक ज़ोन अवस्थित है जो विश्व में ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर बर्फ का सबसे विशाल भंडार है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**199. GST परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GST परिषद एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में GST के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. परिषद के सदस्यों में केंद्र से केंद्रीय वित्त मंत्री (अध्यक्ष), केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त) शामिल हैं।
3. राज्य का प्रतिनिधित्व राज्य के वित्त मंत्री द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**200. विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति 2023 रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है:**

A. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

**201. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बंगीय नारी समाज, बंगाल में महिलाओं के मुद्दों पर कानून के लिये सचेत रूप से अभियान चलाने वाला पहला महिला संघ था।
2. कामिनी रॉय, ब्रिटिश भारत में स्नातक करने वाली पहली महिला और बंगीय नारी समाज की सह-संस्थापक भी थीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**202. एनीमिया मुक्त भारत अभियान (AMB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे एनीमिया की गिरावट की वार्षिक दर को एक से तीन प्रतिशत अंक तक बढ़ाने के लिये गहन राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल (NIPI) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।
2. AMB के लिये लक्षित समूह केवल 6 महीने से 9 वर्ष तक के बच्चे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**203. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने प्रांतीय विधायिका में महिलाओं को मताधिकार देने की अनुमति दी।
2. 1929 में सर्वदलीय सम्मेलन द्वारा तैयार की गई नेहरू रिपोर्ट में सभी नागरिकों के लिये समान नागरिक अधिकारों का आह्वान किया गया।
3. 1945-46 में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन (AIWC) ने भारतीय महिला अधिकारों और कर्त्तव्यों के चार्टर को अपनाया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**204. प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को बिजली प्रदान करना है तथा साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन के लिये अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध करना है।
2. योजना का प्रारंभिक लक्ष्य वर्ष 2025 तक 10 करोड़ रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**205. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा द्विमासिक रूप से संकलित एवं प्रकाशित किया जाता है।
2. IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है।
3. IIP में सबसे ज़्यादा महत्त्व कोयला सेक्टर का है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**206. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व के शीर्ष तीन शेयर बाज़ार अमेरिका, चीन और जापान हैं।
2. हॉन्गकॉन्ग को पीछे छोड़ते हुए भारत चौथा सबसे बड़ा शेयर बाज़ार बन गया है।
3. भारत की अर्थव्यवस्था आकार के मामले में ब्रिटेन से आगे निकल गई है, जिससे यह पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**207. धर्मनिरपेक्षता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धर्मनिरपेक्षता की पश्चिमी अवधारणा धर्म और राज्य के बीच पूर्ण अलगाव को दर्शाती है।
2. भारतीय संविधान के भाग चार में धर्मनिरपेक्षता शब्द का स्पष्ट उल्लेख है।
3. भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता की सकारात्मक अवधारणा का प्रतीक है अर्थात् सभी धर्मों को समान सम्मान देना या सभी धर्मों की समान रूप से रक्षा करना।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**208. परमाणु प्रसार संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके लिये देशों को परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के बदले में परमाणु हथियार बनाने की किसी भी वर्तमान या भविष्य की योजना को त्यागना होगा।
2. भारत जो कि पाकिस्तान, इज़रायल, दक्षिण कोरिया और दक्षिण सूडान के साथ या तो NPT पर हस्ताक्षर करने से दूर रहा या उससे अलग हो गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**209. बी.आर. अंबेडकर के संबंध में निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:**

1. बहिष्कृत भारत समाचारपत्र दलित वर्गों के मुद्दों को संबोधित करने के लिये शुरू किया गया था।
2. उन्होंने दलित वर्गों के हितों की रक्षा के लिये स्वतंत्र लेबर पार्टी का गठन किया जिसमें ज़्यादातर श्रमिक वर्ग के लोग शामिल थे।
3. उन्हें भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।
4. उन्हें नेहरू की पहली कैबिनेट में कानून और न्याय मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था।

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम है?**

A. 2-1-3-4
B. 1-2-3-4
C. 3-2-1-4
D. 3-1-2-4

**210. 'द इंडियन इकॉनमी: ए रिव्यू', हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया गया था:**

A. वित्त मंत्रालय
B. भारतीय रिज़र्व बैंक
C. नीति आयोग
D. विश्व बैंक

210.

**211. डेंगू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फ्लेविवायरस के कारण होने वाला डेंगू एक उष्णकटिबंधीय रोग है जो एडीज़ मच्छरों, मुख्य रूप से एडीज़ एजिप्टी द्वारा संचरित होता है।
2. यह मच्छर चिकनगुनिया, पीत ज्वर और ज़ीका संक्रमण का भी संचरण करता है।
3. विश्व मच्छर कार्यक्रम के शोधकर्त्ताओं ने इंडोनेशिया में डेंगू को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिये वोलबैचिया बैक्टीरिया से संक्रमित मच्छरों का उपयोग किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**212. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: लेखानुदान वित्तीय वर्ष के अनुमानित व्यय के हिस्से के लिये एक अग्रिम अनुदान है, जो अनुदान की मांगों और विनियोग विधेयक के माध्यम से अनुमोदन के लिये प्रस्तावित होता है।**

**कथन-II: विनियोग विधेयक के लागू होने तक सरकार भारत की संचित निधि से धन की निकासी नहीं कर सकती।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किन्तु कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है किन्तु कथन II सही है।

**213. विश्व निवेश रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. विश्व बैंक
B. व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. विश्व आर्थिक मंच

**214. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजकोषीय घाटा सरकार की कुल ऋण-ग्रहण आवश्यकताओं को दर्शाता है।
2. अधिक राजकोषीय घाटा का तात्पर्य सरकारी ऋण-ग्रहण में वृद्धि से है जिससे अर्थव्यवस्था के भीतर ब्याज दरों में गिरावट आती है।
3. भारत निरंतर राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 के लक्ष्य को पूरा कर रहा है जिसके तहत राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक सीमित करने की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**215. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना (PMBJP) वर्ष 2022 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
2. इस योजना के अंतर्गत उर्वरक सब्सिडी योजना के तहत आने वाले सभी उर्वरक निर्माताओं द्वारा उर्वरकों के लिये एक ही ब्रांड और लोगो का उपयोग करना आवश्यक है।
3. इस योजना का उद्देश्य संपूर्ण देश में उर्वरक ब्रांडों का मानकीकरण करना, उर्वरकों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के बारे में किसानों के भ्रम को दूर करना, लागत को कम करना एवं उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ाना तथा देश भर में उर्वरकों की परिवहन लागत को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**216. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 15 निर्वाचित स्वतंत्र न्यायाधीशों से बनी एक निकाय है।
2. न्यायाधीशों का कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है।
3. संस्थागत निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये न्यायालय के एक-तिहाई, यानी पाँच न्यायाधीश हर तीन वर्ष में चुने जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**217. विस्तारित निधि सुविधा (EFF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EFF संरचनात्मक कमज़ोरियों के कारण मध्यम अवधि के भुगतान संतुलन के मुद्दों का सामना कर रहे देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
2. उन्नत देश पूरी तरह से EFF पर निर्भर हैं, जबकि कम आय वाले देश बाहरी वित्तपोषण के लिये पूरी तरह से विस्तारित क्रेडिट सुविधा (ECF) पर निर्भर हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**218. निम्नलिखित अधिनियमों पर विचार कीजिये:**

1. धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA)
2. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA)
3. भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA)

**उपर्युक्त में से कौन-सा अधिनियम प्रवर्तन निदेशालय के दायरे में आता है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**219. एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना (ONORC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लाभार्थियों को स्वतंत्र रूप से अपने डीलर/वितरक का चयन करने की अनुमति देती है, गलत आवंटन या गड़बड़ी के मामले में तुरंत स्विच करने की सुविधा देती है।
2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के लाभार्थी, जिनमें प्रवासी भी शामिल हैं, अपने मौजूदा राशन कार्ड और बायोमेट्रिक/आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करके किसी भी उचित मूल्य की दुकान से देश भर में पूर्ण या आंशिक खाद्यान्न का आसानी से दावा कर सकते हैं।
3. सरकार ने ONORC योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिये 'MERA RATION' मोबाइल एप्लीकेशन भी शुरू किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**220. शुमंग लीला, जिसे हाल ही में समाचारों में देखा गया था, का सबसे अच्छा वर्णन करती है:**

A. मणिपुर के रंगमंच का एक पारंपरिक रूप
B. आम की हाल ही में खोजी गई एक प्रजाति
C. गणतंत्र दिवस पर पुरस्कार विजेता रही केरल की झाँकी
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

# व्याख्या

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

**असम समझौता 1985:**

- यह वर्ष 1985 में भारत सरकार, असम राज्य सरकार और असम आंदोलन के नेताओं के बीच हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौता था। **अत: कथन 1 सही है।**
- समझौते पर हस्ताक्षर के परिणामस्वरूप वर्ष 1979 में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (AASU) द्वारा असम से अवैध अप्रवासियों की पहचान और निर्वासन की मांग को लेकर शुरू किया गया छह वर्ष का आंदोलन समाप्त हो गया।
- असम समझौते में वर्ष 1951 की जगह 24 मार्च, 1971 की तिथि तय की गई, जो कोई भी इस तिथि से पहले असम में आया, उसे भारत का नागरिक माना जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1985 के असम समझौते के बाद नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 1985 के हिस्से के रूप में धारा 6A को अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

2.

उत्तर: D

व्याख्या:

**दक्षिण-चीन सागर:**

- सामरिक स्थिति: दक्षिण-चीन सागर की सीमा उत्तर में चीन एवं ताइवान से पश्चिम में भारत-चीनी प्रायद्वीप (वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया एवं सिंगापुर सहित), दक्षिण में इंडोनेशिया और ब्रुनेई तथा पूर्व में फिलीपींस से लगती है (पश्चिम फिलीपीन सागर के रूप में जाना जाता है)। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी-चीन सागर से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह लुज़ोन जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

**महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET):**

- iCET की घोषणा भारत और अमेरिका द्वारा मई 2022 में की गई थी तथा इसे आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में लॉन्च किया गया था। इसका संचालन दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा किया जा रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- iCET के अंतर्गत दोनों देशों ने सहयोग के छह क्षेत्रों की पहचान की है जिसमें सह-विकास और सह-उत्पादन शामिल होगा जिसे धीरे-धीरे QUAD फिर NATO, यूरोप तथा शेष विश्व में विस्तारित किया जाएगा। iCET के अंतर्गत भारत, अमेरिका के साथ अपनी प्रमुख तकनीकों को साझा करने के लिये तैयार है और वाशिंगटन से भी ऐसा ही करने की अपेक्षा करता है।
- इसका उद्देश्य AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर्स और वायरलेस टेलीकम्युनिकेशन सहित महत्त्वपूर्ण तथा उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

**हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (Indian Ocean Rim Association-IORA):**

- हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA), हिंद महासागर की सीमा से लगे देशों के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IORA का सर्वोच्च निकाय विदेश मंत्रियों की परिषद (COM) है इसकी वार्षिक बैठक होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में, IORA 23 सदस्य देशों और 11 संवाद भागीदारों का एक गतिशील संगठन है, जिसमें सर्वसम्मति-आधारित, विकासवादी तथा गैर-दखल देने वाले दृष्टिकोण के माध्यम से पारस्परिक रूप से लाभप्रद क्षेत्रीय सहयोग की गति लगातार बढ़ रही है। यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा संगठन नहीं है। **अत: कथन 3 नहीं सही है।**

5.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने वैश्विक जलवायु रिपोर्ट 2022 जारी की।

नोट :

- यह रिपोर्ट प्रमुख जलवायु संकेतकों पर केंद्रित है - ग्रीनहाउस गैसें, तापमान, समुद्र के स्तर में वृद्धि, महासागर का तापमान और अम्लीकरण, समुद्री बर्फ एवं ग्लेशियर। इसमें जलवायु परिवर्तन तथा तीव्र मौसम के प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया।

  **अत: विकल्प B सही है।**

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण परिषद (Long Duration Energy Storage Council-LDES):**

- LDES काउंसिल एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसके 19 देशों में 70 से अधिक सदस्य हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- परिषद का प्राथमिक उद्देश्य दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण परिषद (LDES) प्रौद्योगिकियों के त्वरण के माध्यम से दुनिया के डीकार्बोनाइज़ेशन में तेज़ी लाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ये प्रौद्योगिकियाँ विश्वसनीय और कुशल ऊर्जा भंडारण समाधान प्रदान करके नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को पावर ग्रिड में एकीकृत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- LDES परिषद के सभी सदस्यों को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - सदस्य एक निदेशक मंडल का चुनाव करते हैं जिसमें ग्यारह सदस्य होते हैं, इसमें अध्यक्ष भी शामिल होता है जो गैर-कार्यकारी भूमिका में कार्य करता है। निदेशक मंडल तब LDES परिषद के लिये दीर्घकालिक दृष्टिकोण, साथ ही अनुसंधान प्राथमिकताओं और केंद्रित क्षेत्रों को निर्धारित करने का प्रभारी होता है।

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गुरु रविदास:**

- गुरु रविदास 14वीं सदी के संत और उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन के सुधारक थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने अपना पूरा जीवन जाति व्यवस्था के उन्मूलन के लिये समर्पित कर दिया और खुले तौर पर ब्राह्मणवादी समाज की धारणा का तिरस्कार किया।
- उनके भक्ति गीतों ने, भक्ति आंदोलन पर प्रभाव डाला और उनकी लगभग 41 कविताओं को सिखों के धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में शामिल किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- वे महर्षि वाल्मीकि के समकालीन नहीं थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**8.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) (PoSH) अधिनियम, 2013:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य मामला, 1997 के दौरान एक ऐतिहासिक निर्णय में 'विशाखा दिशा-निर्देश' जारी किये गए।
  - इन दिशा-निर्देशों ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का आधार बनाया। **अत: कथन 1 सही है।**
- रोकथाम और निषेध: अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने और प्रतिबंधित करने के लिये नियोक्ताओं पर कानूनी दायित्व डालता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आंतरिक शिकायत समिति (ICC): नियोक्ताओं को यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिये प्रत्येक कार्यस्थल पर 10 या अधिक कर्मचारियों के साथ एक ICC का गठन करना आवश्यक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) रैंकिंग 2023:**

- NIRF विभिन्न मापदंडों के आधार पर देश भर के संस्थानों को रैंकिंग प्रदान करने की एक पद्धति है।
- यह देश में उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) की रैंकिंग करने का सरकार का पहला प्रयास है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NIRF को शिक्षा मंत्रालय (तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा अनुमोदित किया गया था तथा 29 सितंबर, 2015 को लॉन्च किया गया था। इसकी रैंकिंग वार्षिक रूप से जारी की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- दो विभिन्न एजेंसियों को समान डेटा प्रदान करने के संस्थानों पर बोझ को कम करने के लिये अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स (ARIIA) द्वारा पूर्व में निष्पादित "इनोवेशन" रैंकिंग का भारत रैंकिंग में एकीकरण 2023 रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताओं में से एक है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

10.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- NSS एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे वर्ष 1969 में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व तथा चरित्र को विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
    - NSS की विचारधारा महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है।
- NCC का गठन वर्ष 1948 में (एच.एन.कुंजरू समिति-1946 की अनुशंसा पर) किया गया था तथा इसकी पृष्ठभूमि यूनिवर्सिटी कोर अथवा यूनिवर्सिटी ऑफिसर ट्रेनिंग कोर जैसी ब्रिटिश युग की वर्दीधारी युवा संस्थाओं संबंधित है। **अत: कथन 2 सही है।**

11.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- जिनेवा कन्वेंशन (1949) और उनके अतिरिक्त प्रोटोकॉल अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ हैं जिनमें युद्ध की बर्बरता को सीमित करने वाले सबसे महत्त्वपूर्ण नियम शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ये उन लोगों की रक्षा करते हैं जो युद्ध में भाग नहीं लेते हैं (नागरिक, चिकित्सक, सहायता कर्मी) और जो युद्ध लड़ने में अक्षम हैं (घायल, बीमार और क्षतिग्रस्त जहाज़ के सैनिक, युद्ध कैदी)।
- वर्ष 1954 का हेग कन्वेंशन: यह ध्यान में रखते हुए कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण विश्व के सभी लोगों के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है और इसलिये सार्वभौमिक सुरक्षा की आवश्यकता है, सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में सांस्कृतिक संपत्ति की सुरक्षा के लिये कन्वेंशन को वर्ष 1954 में यूनेस्को के तत्त्वावधान में अपनाया गया था।
- इस सम्मेलन को वर्ष 1954 के हेग कन्वेंशन के रूप में जाना जाता है।
    - यह पहली और सबसे व्यापक बहुपक्षीय संधि है जो विशेष रूप से शांति के साथ-साथ सशस्त्र संघर्ष के दौरान सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिये समर्पित है। **अत: कथन 2 सही है।**

12.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- उत्तरी इराक का एक शहर मोसुल महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्त्व रखता है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- निप्रो सिटी मध्य यूक्रेन का एक प्रमुख शहर है, जो नीपर नदी के तट पर स्थित है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- सना यमन की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

  **अत: विकल्प B सही है।**

13.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**नर्मदा नदी:**

- यह विंध्य (उत्तर) और सतपुड़ा रेंज (दक्षिण) के बीच एक भ्रंश घाटी से होकर बहने वाली प्रायद्वीपीय क्षेत्र की सबसे बड़ी पश्चिम की ओर बहने वाली नदी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मध्य प्रदेश में अमरकंटक के निकट मैकाल पर्वत शृंखलाओं से निकलती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हिरन, ओरसांग, बरना और कोलार हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

14.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**सिलीगुड़ी कॉरिडोर:**

- सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के नाम से भी जाना जाता है, पश्चिम बंगाल में स्थित भूमि का एक पतला टुकड़ा है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी सीमा नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से लगती है, म्याँमार से नहीं । **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- बाज़ार पूंजीकरण कंपनी के वर्तमान शेयर मूल्य और बकाया शेयरों की कुल संख्या के आधार पर कंपनी का कुल मूल्यांकन है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इसकी गणना कंपनी के शेयरों के मौजूदा बाज़ार मूल्य को कंपनी के कुल बकाया शेयरों से गुणा करके की जाती है।
- मल्टी-कैप फंड वे होते हैं जो अपने निवेश को तीनों श्रेणियों (लघु, मध्यम और बृहद-कैप) में विविधता प्रदान करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- मल्टी-कैप फंड शेयर बाजार पूंजीकरण के आधार पर निवेश करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**16.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (Association of Southeast Asian Nations-ASEAN):**

- ASEAN की स्थापना 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक, थाईलैंड में ASEAN घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसकी स्थापना आसियान के संस्थापकों: इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा की गई थी।
- संगठन का लक्ष्य इन देशों में स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- सदस्य राज्यों के अंग्रेज़ी नामों के वर्णमाला क्रम के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रतिवर्ष बदलती रहती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**17.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग (Finance Commission):**

- भारत में वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 280(1) के अनुपालन में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अरविंद पनगढ़िया को इसके अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए, सोलहवें वित्त आयोग की स्थापना की है।

**18.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूरोपा:**

- यह बृहस्पति के चंद्रमाओं में से एक है।
- यूरोपा पृथ्वी के चंद्रमा से थोड़ा छोटा है तथा इसका व्यास पृथ्वी का लगभग एक-चौथाई है।
- हालाँकि यूरोपा में अल्प ऑक्सीजन वातावरण है फिर भी इसे पृथ्वी से इतर जीवन के लिये उपयुक्त वर्तमान वातावरण खोजने के लिये सौरमंडल में सबसे आशाजनक स्थानों में से एक माना जाता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**19.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एक्स-किरण ध्रुवणमापी उपग्रह (XpoSat):**

- XPoSat को मध्यम एक्स-रे बैंड में X-रे ध्रुवीकरण का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो खगोलीय स्रोतों के विकिरण तंत्र तथा ज्यामिति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इन खगोलीय पिंडों से संबंधित भौतिकी को समझने के लिये यह अध्ययन महत्त्वपूर्ण है।
- उपग्रह में दो मुख्य पेलोड POLIX (एक्स-किरण में ध्रुवणमापी उपकरण) तथा XSPECT (एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी और समय) मौजूद हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - POLIX लगभग 40 प्रदीप्त खगोलीय पिंडों का निरीक्षण करेगा, जबकि XSPECT विभिन्न पदार्थों द्वारा उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का अध्ययन करेगा।
- XPoSat मध्यम एक्स-रे बैंड में एक्स-रे ध्रुवीकरण के अध्ययन के लिये समर्पित विश्व का दूसरा मिशन है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया NASA का इमेजिंग एक्स-रे पोलारिमेट्री एक्सप्लोरर (IXPE), किसी अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया गया पहला ऐसा मिशन था।

**20.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल मुद्रा है जो एन्क्रिप्शन एल्गोरिदम का उपयोग करके विकसित किया गया भुगतान का एक वैकल्पिक रूप है।
- एन्क्रिप्शन तकनीकों के उपयोग का आशय क्रिप्टोकरेंसी के एक मुद्रा तथा एक आभासी लेखांकन प्रणाली दोनों के रूप में कार्य करने से है।
- एथेरियम, टीथर व सोलाना कुछ प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी के नाम हैं।

**अत: विकल्प B सही है।**

नोट :

21.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान से सार्वजनिक पदाधिकारियों के व्यक्तिगत व्यवहार से निपटने की उम्मीद नहीं की जा सकती; यह केवल राज्यपालों के कार्यों, शक्तियों और कर्त्तव्यों की बात करता है। हालाँकि संवैधानिक नैतिकता की धारणा को राज्यपालों को उनके सार्वजनिक आचरण में नियंत्रित करना चाहिये।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) में सर्वोच्च न्यायालय की एक संविधान पीठ ने "संवैधानिक संस्कृति" की धारणा के आधार पर "संविधान के नैतिक मूल्यों" की पहचान करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसमें कहा गया है कि "संवैधानिक नैतिकता उन व्यक्तियों पर ज़िम्मेदारियाँ और कर्त्तव्य रखती है जो संवैधानिक संस्थानों और कार्यालयों पर कब्ज़ा करते हैं"।

**अत: विकल्प A सही है।**

22.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सरकारिया आयोग की रिपोर्ट (1988) में खेद व्यक्त किया गया कि "कुछ राज्यपाल उनसे अपेक्षित निष्पक्षता और दूरदर्शिता के गुणों को प्रदर्शित करने में विफल रहे हैं"। इसमें कहा गया है कि "कई राज्यपाल, जो अपने कार्यकाल के बाद संघ के तहत आगे किसी पद या राजनीति में सक्रिय भूमिका की उम्मीद रखते हुए स्वयं को संघ के एजेंट के रूप में मानने लगे"। तब से स्थिति और खराब हो गई। आयोग की यह सिफारिश कि "(राज्यपाल) को राज्य के बाहर का व्यक्ति होना चाहिये जो कि राज्य की स्थानीय राजनीति से बहुत गहराई से जुड़ा ना हो" यह सिफारिश सिर्फ एक काल्पनिक सोच बनकर रह गई।

**अत: विकल्प A सही है।**

23.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मुदासरलोवा जलाशय (Mudasarlova Reservoir) विशाखापत्तनम में स्थित है। आंध्र प्रदेश सरकार ने जलाशय पर एक तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र बनाया।
  - यह कंबालाकोंडा (Kambalakonda) और सिम्हाचलम (Simhachalam) की हरी-भरी पहाड़ियों के बीच अरिलोवा हेल्थ सिटी के पास स्थित है और शहर के घरों में प्रतिदिन लगभग दस लाख गैलन पीने का पानी उपलब्ध कराता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

24.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दिसंबर-जनवरी 2023 में भारत ने 31 देशों के साथ किसी परदेश में सजायाफ्ता व्यक्तियों को भारत में स्थानांतरित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत ने कई देशों के साथ कैदी प्रत्यावर्तण संधियाँ की हैं, जो किसी अपराध के दोषी व्यक्ति को जेल की सजा काटने के लिये उससे स्वदेश में स्थानांतरित करने की अनुमति देती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - जो कैदी स्थानांतरित होना चाहता है उसे भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास को अपनी इच्छा के बारे में सूचित करना चाहिये। फिर आवेदन को परदेश और भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।
- कैदी को अपनी शेष सज़ा भारत में काटने के लिये किसी परदेश की जेल में उसकी प्रतिबद्धता के विरुद्ध स्थायी अपील नहीं की जानी चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

परमाणु प्रसार संधि (Nuclear Proliferation Treaty- NPT):

- NPT एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों और हथियार प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकना, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना एवं निरस्त्रीकरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह परमाणु-हथियार संपन्न राज्यों द्वारा निरस्त्रीकरण के लक्ष्य के लिये बहुपक्षीय संधि में एकमात्र बाध्यकारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस संधि पर वर्ष 1968 में हस्ताक्षर किये गए और वर्ष 1970 में यह लागू हुई। वर्तमान में इसमें 191 सदस्य देश हैं।
- भारत और इज़रायल दोनों ही NPT के हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**26.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल संधि (ABM संधि), 1972: इस संधि से संयुक्त राज्य अमेरिका 13 जून,2002 को हट गया, इसने वाशिंगटन और मॉस्को को रणनीतिक बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रति राष्ट्रव्यापी सुरक्षा सुनिश्चित करने से रोक दिया। इसलिये इसका भारत और पाकिस्तान से कोई संबंध नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - संधि की प्रस्तावना में दोनों पक्षों ने बल देकर कहा कि मिसाइल-रोधी प्रणालियों पर प्रभावी सीमाएँ "रणनीतिक आक्रामक हथियारों की दौड़ को रोकने में महत्त्वपूर्ण कारक" होंगी।
- नई रणनीतिक हथियार कटौती संधि (Strategic Arms Reduction Treaty- START) संधि, जो अमेरिका और रूस द्वारा तैनात किये जा सकने वाले रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती है, पर वर्ष 2010 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके रूसी समकक्ष दमित्री मेदवेदेव द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे।
  - यह फरवरी 2011 में लागू हुआ और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के पदभार संभालने के बाद वर्ष 2021 में इसे 5 वर्ष के लिये बढ़ा दिया गया।
- रूसी राष्ट्रपति ने कहा है कि पश्चिम पर अपने रणनीतिक हवाई अड्डों पर हमला करने के प्रयासों में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप लगाने के बाद रूस संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ नई START परमाणु हथियार कटौती संधि में भागीदारी को निलंबित कर रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**27.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**AUKUS:**

- सितंबर 2021 में ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के नेताओं ने AUKUS नामक एक उन्नत त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी की घोषणा की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - AUKUS का उद्देश्य दीर्घकालिक तथा मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाते हुए, सुरक्षा तथा रक्षा हितों का समर्थन करने के लिये प्रत्येक सरकार की क्षमता को सशक्त करना है।
- यह गहन सूचना साझाकरण तथा प्रौद्योगिकी साझाकरण को प्रोत्साहित करता है और साथ ही सुरक्षा व रक्षा-संबंधित विज्ञान, प्रौद्योगिकी, औद्योगिक आधारों एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं के गहन एकीकरण को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- AUKUS के तहत पहली पहल का उद्देश्य रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिये परमाणु-संचालित पनडुब्बियों को प्राप्त करने में ऑस्ट्रेलिया का समर्थन करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - दूसरी पहल का उद्देश्य साइबर क्षमताओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम प्रौद्योगिकियों तथा अतिरिक्त समुद्री क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए संयुक्त क्षमताओं एवं अंतरसंचालनीयता को बढ़ाना है।

**28.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (United Nations Convention on the Law of the Sea- UNCLOS), 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय है जो समुद्री क्षेत्रों में राज्य के अधिकार क्षेत्र के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करता है। यह विभिन्न समुद्री क्षेत्रों को एक प्रथक कानूनी स्थिति प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे समुद्र का नियम भी कहा जाता है। यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है जिनमें आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) तथा उच्च स्तरीय समुद्र शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**29.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- UNEP की अडैप्टेशन गैप रिपोर्ट 2023: अल्प-वित्तीयन तथा अल्प-तत्परता- जलवायु अनुकूलन पर अपर्याप्त निवेश के कारण योजना के अंतर्गत विश्व की जलवायु अनुकूलन प्रगति धीमी रही है, जबकि इन बढ़ते जलवायु परिवर्तन प्रभावों के समाधान के लिये इसमें तत्परता लानी चाहिये। वर्ष 2023 में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया और साथ ही तूफान, बाढ़, सूखा एवं लू ने विश्व को गंभीर रूप से प्रभावित किया।

**अत: विकल्प B सही है।**

30.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- चीन वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम का अग्रणी उत्पादक और उपभोक्ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - हालाँकि पश्चिमी देशों की भारत से सोर्सिंग में बढ़ती रुचि भारतीय एल्युमीनियम निर्माताओं को वैश्विक बाज़ार में इसकी आपूर्ति का अवसर प्रदान कर सकती है।
  - यह बदलाव भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप है। घरेलू उत्पादन में वृद्धि के बावजूद भारत महत्त्वपूर्ण मात्रा में एल्युमीनियम, मुख्य रूप से निम्न-गुणवत्ता वाले स्क्रैप का आयात करना जारी रखता है।
- भारत में विद्युत क्षेत्र कुल एल्युमीनियम के 48% का उपयोग करता है, इसके बाद ऑटोमोबाइल और परिवहन क्षेत्र (15%), निर्माण (13%), उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ (7%), मशीनरी और उपकरण (7%), पैकेजिंग (4%) तथा अन्य (6%) शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि भारत की प्रति व्यक्ति खपत विश्व औसत का एक-चौथाई है।

31.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र ने समुद्र के संतुलन में गिरावट के चक्र को उलटने और एक सामान्य ढाँचे में दुनिया भर में महासागर के हितधारकों को शामिल करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिये 2021-2030 के रूप में सतत् विकास हेतु महासागर विज्ञान दशक की घोषणा की है। **अतः कथन 1 सही है।**
- फ्राँस और कोस्टा रिका के नेतृत्व में तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन जून 2025 में नीस में आयोजित किया जाएगा।
  - इसका लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय कानून को अद्यतन करना है, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रतिबंध लगाना और गहरे समुद्र तथा समुद्री तल की रक्षा करना शामिल है। इससे विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों में समुद्री तट संरक्षण के लिये राष्ट्रीय रणनीतियों के विकास की भी अनुमति मिलेगी।

32.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वाटर समिट वैश्विक जल संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिये एक साथ काम करने हेतु विभिन्न देशों और संगठनों के लोगों को एकजुट करता है। जल की समस्या आमतौर पर स्थानीय होती है लेकिन साथ मिलकर काम करने से विभिन्न देश एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं, तकनीकें साझा कर सकते हैं और समाधान निकाल सकते हैं। इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के तत्त्वावधान में आयोजित नहीं किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- फ्राँस और कज़ाखस्तान सितंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान वन वाटर समिट की मेज़बानी करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**

33.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के अनुसार, जैव-अर्थशास्त्र को एक स्थायी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ाने के उद्देश्य से सभी आर्थिक क्षेत्रों को सूचना, उत्पाद, प्रक्रियाएँ और सेवाएँ प्रदान करने के लिये संबंधित ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित जैविक संसाधनों के उत्पादन, उपयोग एवं संरक्षण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

34.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों का बचाव और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय पैकेज है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह शब्द उस मुआवज़े को संदर्भित करता है जो अमीर राष्ट्रों, जिनके औद्योगिक विकास के कारण ग्लोबल वार्मिंग हुई है और जिसने ग्रह पर जलवायु संकट की स्थिति पैदा की है, को गरीब देशों, जिनका कार्बन पदचिह्न कम है, समुद्र के बढ़ते स्तर, बाढ़, भयावह सूखे और तीव्र चक्रवातों आदि का खामियाजा भुगत रहे हैं, को भुगतान करना होगा।
- लॉस एंड डैमेज फंड की निगरानी शुरुआत में विश्व बैंक करेगा, धन प्राप्ति का स्रोत अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे समृद्ध देशों के साथ-साथ कुछ विकासशील देश भी होंगे। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

35.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- SDR न तो मुद्रा है और न ही IMF पर दावा। बल्कि यह IMF के सदस्यों की स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इन मुद्राओं के एवज में SDR का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- SDR, IMF और कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के खाते की इकाई के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- SDR मुद्रा की कीमत का निर्धारण US डॉलर में मूल्यों को जोड़कर किया जाता है, जो बाज़ार विनिमय दर, मुद्राओं की एक SDR बास्केट पर आधारित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मुद्राओं की SDR बास्केट में US डॉलर, यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग एवं चीनी रॅन्मिन्बी (वर्ष 2016 में शामिल) हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- SDR मुद्रा के मूल्यों का दैनिक मूल्यांकन (अवकाश को छोड़कर या जिस दिन IMF व्यावसायिक गतिविधियों के लिये बंद हो) होता है एवं मूल्यांकन, बास्केट की समीक्षा तथा इसका समायोजन प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है।

36.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- EPA का अधिनियमन जून, 1972 (स्टॉकहोम सम्मेलन) में स्टॉकहोम में आयोजित "मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन" को देश में प्रभावी बनाने हेतु किया गया। ज्ञातव्य है कि भारत ने मानव पर्यावरण में सुधार के लिये उचित कदम उठाने हेतु इस सम्मेलन में भाग लिया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- EPA सरकार को पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और कमी के लिये एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की योजना बनाने तथा निष्पादित करने का अधिकार देता है। यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी उद्योग के संचालन या प्रक्रिया को बंद करने, निषेध करने या नियंत्रित करने का निर्देश देने का अधिकार देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना 18 अक्तूबर, 2010 को NGT अधिनियम, 2010 के तहत पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन, दुष्प्रभावित व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिये अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करने एवं इससे जुड़े हुए मामलों के प्रभावशाली एवं त्वरित निपटारे के लिये की गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

37.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कावेरी को तमिल भाषा में 'पोन्नी' के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा इस नदी को दक्षिण की गंगा (Ganga of the South) भी कहा जाता है और यह दक्षिण भारत की चौथी सबसे बड़ी नदी है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह दक्षिण भारत की एक पवित्र नदी है। इसका उद्गम दक्षिण-पश्चिमी कर्नाटक राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित ब्रह्मगिरि पहाड़ी से होता है, यह कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्यों से होती हुई दक्षिण-पूर्व दिशा में बहती है और एक श्रृंखला बनाती हुई पूर्वी घाटों में उतरती है, इसके बाद पुदुचेरी से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- थमिराबरानी तमिलनाडु की एकमात्र बारहमासी नदी है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - थमिराबरानी राज्य की सबसे छोटी नदी है। यह अंबासमुद्रम तालुक में पश्चिमी घाट की पोथिगई पहाड़ियों से निकलती है और तिरुनेलवेली तथा थूथुकुडी ज़िलों से होकर बहती हुई कोरकाई (तिरुनेलवेली ज़िले) में मन्नार की खाड़ी (बंगाल की खाड़ी) में गिरती है। इस प्रकार यह एक ही राज्य में बहती है।

38.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कैंप डेविड समझौते, ओस्लो समझौते और बाल्फोर घोषणापत्र इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष से संबंधित हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

39.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- स्टील, प्लास्टिक और अन्य खनिजों की तुलना में एल्युमीनियम पुनर्चक्रण योग्य, पर्यावरण के अनुकूल, संक्षारण प्रतिरोधी और अत्यधिक लचीली धातु है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- भारत में विद्युत क्षेत्र में 48% एल्युमीनियम की खपत होती है, इसके बाद ऑटोमोबाइल और परिवहन (15%), निर्माण (13%), उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ (7%), मशीनरी एवं उपकरण (7%), पैकेजिंग (4%) तथा अन्य (6%) शामिल हैं। हालाँकि भारत की प्रति व्यक्ति खपत विश्व औसत का एक-चौथाई है।
- एल्यूमिना बॉक्साइट से प्राप्त होता है। एक टन एल्यूमिना का उत्पादन करने के लिये लगभग 3-3.5 टन बॉक्साइट की आवश्यकता होती है और एक टन एल्युमीनियम का उत्पादन करने के लिये लगभग 2 टन एल्यूमिना की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में बॉक्साइट के भंडार पाए जाते हैं, लेकिन खनन बढ़ाने के लिये खनिज-युक्त क्षेत्रों तक पहुँच, भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण तथा वन मंज़ूरी से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - बॉक्साइट खदानों का निर्बाध आवंटन और उत्पादकों को उच्च गुणवत्ता, जलवायु-लचीले एल्यूमीनियम निर्माण के लिये प्रोत्साहन प्रदान करना वर्तमान में महत्त्वपूर्ण है।

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अदन, अदन की खाड़ी के उत्तरी तट पर स्थित अल-तवाही हार्बर के पूर्वी हिस्से के समीप एक प्रायद्वीप पर स्थित है। वर्ष 2015 में यह यमन की अस्थायी राजधानी बन गया। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- हेब्रोन दक्षिणी-पश्चिम तट पर स्थित एक फिलिस्तीनी शहर है जो यरूशलम से 30 किलोमीटर दक्षिण में है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- कर्मन दक्षिण-पूर्वी ईरान के सबसे महत्त्वपूर्ण शहरों में से एक है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भी यह ईरान के सबसे बड़े शहरों में से एक है। कर्मन अपने समृद्ध इतिहास तथा गहन सांस्कृतिक विरासत के लिये प्रसिद्ध है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हौथी आंदोलन जिसे आधिकारिक तौर पर अंसार अल्लाह के नाम से जाना जाता है, एक शिया इस्लामी राजनीतिक तथा सैन्य संगठन है जिसकी उत्पत्ति 1990 के दशक में यमन से हुई थी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- लेबनान पर किये गए इज़रायली आक्रमण के प्रत्युत्तर में वर्ष 1982 में गठित लेबनान स्थित शिया आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ("पार्टी ऑफ गॉड") विश्व स्तर पर शिया सशक्तीकरण का समर्थन करता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- हमास अथवा "इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन" फिलिस्तीनी सुन्नी मुसलमानों की एक सशस्त्र संस्था है, जिसका फिलिस्तीनी क्षेत्रों के गाज़ा पट्टी पर शासन है, जिस पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इज़रायल का कब्ज़ा है।

**अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**42.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा कर {कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM)} एक नीतिगत उपाय है जिसका उद्देश्य यूरोपीय संघ में आयातित कुछ वस्तुओं के उत्पादन के दौरान उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन पर उचित मूल्य निर्धारित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CBAM लागत में वृद्धि कर सकता है, साथ ही यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को कम कर सकता है, विशेष रूप से स्टील एवं एल्युमीनियम जैसे क्षेत्रों में, जो कि यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार का एक बड़ा भाग है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह "2030 में फिट फॉर 55" का भाग है, जो यूरोपीय जलवायु कानून के अनुरूप वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम-से-कम 55% कम करने की यूरोपीय संघ की योजना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पाँच वर्षों के लिये पर्याप्त वित्तीय निवेश के साथ ऑटोमोबाइल तथा ऑटो घटकों के लिये PLI कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहनों को सितंबर 2021 तक कवर किया गया था। इस प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 12% के स्थान पर 5% वस्तु और सेवा कर (GST) के अधीन हो गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने बैटरी से चलने वाले वाहनों के मामले में परमिट की छूट के संबंध में एक अधिसूचना जारी की। **अतः कथन 2 सही है।**
- देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फेम इंडिया योजना ने EVs को अपनाने एवं प्रोत्साहित करने के साथ ही इलेक्ट्रिक गतिशीलता बुनियादी ढाँचे का विस्तार करने के लिये महत्त्वपूर्ण प्रगति भी की है। **अतः कथन 3 सही है।**

**44.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सेंदाई फ्रेमवर्क:**

- वर्ष 2015 में मियागी, जापान में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में सेंदाई फ्रेमवर्क को अपनाया गया था।
- सेंदाई फ्रेमवर्क ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (HFA) का उत्तराधिकारी उपकरण है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान फ्रेमवर्क प्राकृतिक या मानव निर्मित खतरों के कारण छोटे और बड़े पैमाने पर आवर्ती एवं असामान्य (कभी-कभार), आकस्मिक तथा धीमी गति से होने वाली आपदाओं के साथ-साथ संबंधित पर्यावरणीय, तकनीकी व जैविक खतरों और जोखिमों पर लागू होता है।
- इसका उद्देश्य सभी स्तरों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों के विकास में आपदा जोखिम के बहु-खतरा प्रबंधन का मार्गदर्शन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

  **अतः विकल्प D सही है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंदाई फ्रेमवर्क, सतत् विकास लक्ष्य (वर्ष 2015-2030) और जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते को अपनाया है, जो सभी DRR, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन (Climate Change Adaptation- CCA) एवं सतत् विकास के बीच संबंध को स्पष्ट करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु वैश्विक मंच: यह एक द्विवार्षिक बहु-हितधारक मंच है, जो आपदा जोखिम न्यूनीकरण (वर्ष 2015-2030) के लिये सेंदाई फ्रेमवर्क की निगरानी एवं कार्यान्वयन प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - संयुक्त राष्ट्र महासभा भी इसे मान्यता देती है।

**46.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नाविकों के लिये प्रशिक्षण, प्रमाणन और निगरानी के मानकों (STCW) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (1978) के प्रावधान:**

- यह समुद्री व्यापारिक जहाज़ों पर मास्टरों, अधिकारियों और निगरानी कर्मियों के लिये योग्यता मानक निर्धारित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1978 का STCW कन्वेंशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाविकों के लिये प्रशिक्षण, प्रमाणन के साथ निगरानी पर बुनियादी आवश्यकताओं को स्थापित करने वाला पहला सम्मेलन था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह गैर-पक्षकार राज्यों के जहाज़ों पर लागू होता है, जब वे उन राज्यों के बंदरगाहों का दौरा करते हैं जो कन्वेंशन के पक्षकार हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन:**

- राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य भारत में व्यावसायिक रूप से हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देना है ताकि शुद्ध ईंधन का निर्यातक बन सके। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह मिशन हरित हाइड्रोजन की मांग निर्माण, उत्पादन, उपयोग तथा निर्यात की सुविधा प्रदान करेगा।
- हरित हाइड्रोजन संक्रमण कार्यक्रम के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप (SIGHT) का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिये किफायती इलेक्ट्रोलाइज़र आयात को वित्तपोषित करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- हरित हाइड्रोजन हब:
  - बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन के उत्पादन के साथ उपयोग का समर्थन करने में सक्षम राज्यों एवं क्षेत्रों की हरित हाइड्रोजन हब के रूप में पहचान कर उन्हें विकसित किया जाएगा, **अतः कथन 3 सही है।**

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

**विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (Foreign Contribution Regulation Act- FCRA), 2010:**

- FCRA को वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान स्वतंत्र संगठनों को वित्तीय सहायता के माध्यम से भारत के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंताओं के कारण अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वैधता और नवीनीकरण:
  - FCRA पंजीकरण 5 वर्षों के लिये वैध है और NGO को पंजीकरण की समाप्ति के छह महीने के भीतर नवीनीकरण के लिये आवेदन करना आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 2020 संशोधन:
  - किसी अन्य व्यक्ति या संगठन को विदेशी योगदान के हस्तांतरण पर रोक लगाई गई।
  - प्रशासनिक खर्चों के लिये विदेशी अंशदान के उपयोग की सीमा को 50% से घटाकर 20% किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस (Indian Science Congress-ISC):
  - भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस का पहला सत्र वर्ष 1914 में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह न केवल प्रमुख संस्थानों और प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों एवं शोधकर्त्ताओं को बल्कि कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों एवं प्रोफेसरों को भी एक साथ लाता है।
- भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस एसोसिएशन (ISCA):
  - यह केंद्र सरकार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के सहयोग से कार्य करने वाला एक स्वतंत्र निकाय है। **अतः कथन 2 सही है।**

50.

उत्तर: B

व्याख्या:

**रोगाणुरोधी प्रतिरोध::**

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध तब होता है जब बैक्टीरिया और कवक जैसे रोगाणु उन्हें मारने के लिये बनाई गई दवाओं के प्रतिरोध की क्षमता विकसित कर लेते हैं। इसका मतलब है कि रोगाणु मारे नहीं जाते और बढ़ते रहते हैं। प्रतिरोधी संक्रमणों का इलाज करना कठिन और कभी-कभी असंभव हो सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रोगाणुरोधी प्रतिरोध एक तत्काल वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा है, जिससे दुनिया भर में कम-से-कम 1.27 मिलियन लोग मारे गए और वर्ष 2019 में लगभग 5 मिलियन मौतें हुईं।
  - रोगाणुरोधी प्रतिरोध जीवन के किसी भी चरण में लोगों के साथ-साथ स्वास्थ्य देखभाल, पशु चिकित्सा और कृषि उद्योगों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। यह इसे दुनिया की सबसे ज़रूरी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

**दसवीं अनुसूची:**

- दसवीं अनुसूची- जिसे दल-बदल विरोधी अधिनियम के नाम से जाना जाता है, को 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह उस प्रक्रिया को बताता है जिसके द्वारा सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के आधार पर विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा विधायकों को दलबदल के आधार पर अयोग्य ठहराया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यदि कोई विधायक स्वेच्छा से अपनी पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है या पार्टी नेतृत्व के निर्देशों की अवहेलना कर वोट देता है तो उसे दलबदलू माना जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि किसी भी मुद्दे पर पार्टी व्हिप/सचेतक की अवहेलना (निष्पादन या उसके विरुद्ध मतदान करना) करने वाला विधायक सदन में अपनी सदस्यता खो सकता है।
- 10वीं अनुसूची संसद और राज्य विधानसभाओं दोनों पर लागू होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

52.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गाज़ा पट्टी:**

- गाज़ा पट्टी पूर्वी भू-मध्यसागरीय बेसिन में स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह दक्षिण पश्चिम में मिस्र और उत्तर-पूर्व में इज़रायल के साथ सीमा साझा करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - पश्चिम में यह भूमध्य सागर से घिरी हुई है।
- इसमें तीन कार्यात्मक सीमा क्रॉसिंग मौजूद हैं- करीम अबू सलेम क्रॉसिंग एवं इज़रायल द्वारा नियंत्रित इरेज़ क्रॉसिंग और मिस्र द्वारा नियंत्रित राफा क्रॉसिंग। **अत: कथन 3 सही है।**

53.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अवैध प्रवासियों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के अंतर्गत कारावास दिया जा सकता है या निर्वासित किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - 1946 और 1920 के अधिनियम केंद्र सरकार को भारत में विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं।
- नागरिकता अधिनियम, 1955 नागरिकता प्राप्त करने के लिये विभिन्न आधार प्रदान करता है। यह जन्म, वंश, पंजीकरण, देशीयकरण और क्षेत्र को भारत में शामिल करके नागरिकता प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 में प्रावधान है कि 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले अफगानिस्तान, बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भारत आए हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों एवं ईसाइयों को अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

54.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत का नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) भारत में एक स्वायत्त निकाय, सरकारी जवाबदेही की देख-रेख करता है, सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। ऑडिट विभाग के प्रमुख गिरीश चंद्र मुर्मू वर्तमान में इस पद पर हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में लेखा महानियंत्रक (CGA), भारत सरकार का प्रधान लेखा सलाहकार है और तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रबंधन लेखा प्रणाली की स्थापना एवं रखरखाव के लिये ज़िम्मेदार हैं। यह कोई स्वतंत्र संस्था नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - CAG कार्यालय केंद्र सरकार के लिये व्यय, राजस्व, उधार और विभिन्न वित्तीय संकेतकों का मासिक तथा वार्षिक विश्लेषण तैयार करता है।

55.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कॉर्बेट नेशनल पार्क भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रोजेक्ट टाइगर 1973 में कॉर्बेट नेशनल पार्क में लॉन्च किया गया था जो कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व का हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रामगंगा, सोनानदी, मंडल, पलैन और कोसी कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व से बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

56.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 2011 में उन देशों में जहाँ व्यापक विरोध प्रदर्शनों ने तानाशाही को उखाड़ फेंका, ट्यूनीशिया एकमात्र देश के रूप में सामने आया जिसने लोकतंत्र में सफल परिवर्तन हासिल किया।
- अरब स्प्रिंग प्रदर्शन दिसंबर 2010 में ट्यूनीशिया में शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 1987 से शासन कर रहे ज़ीन अल आबिदीन बेन अली को सत्ता से बाहर होना पड़ा।
- ट्यूनीशिया में उथल-पुथल के इस दौर को जैस्मिन क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। बड़े पैमाने पर विद्रोह का सामना करते हुए बेन अली को देश से भागना पड़ा।
    - इसके बाद विरोध प्रदर्शन तेज़ी से मिस्र, लीबिया, बहरीन, यमन और सीरिया सहित अन्य अरब देशों में फैल गया।

नोट :

57.

उत्तर: B

व्याख्या:

- RBI अधिनियम, 1934 मुद्राओं, उपकरणों और जारीकर्त्ताओं के व्यापक मापदंडों के भीतर विभिन्न विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों एवं स्वर्ण भंडार सुनिश्चित करने के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- चीन के पास अब तक का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है, जो दूसरे सबसे बड़े भंडार धारक जापान से ढाई गुना अधिक है। चीन और हॉन्ग-कॉन्ग का कुल भंडार लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर का है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विदेशी मुद्रा भंडार की पर्याप्तता कभी-कभी इस बात पर निर्धारित की जाती है कि कोई देश कितने महीनों का आयात वहन कर सकता है। जिसमें छह महीने की सीमा को सुरक्षित माना जाता है अर्थात् वर्तमान रिज़र्व पूरे वर्ष के लिये पर्याप्त है। **अतः कथन 3 सही है।**

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

**वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक:**

- यह सूचकांक एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संसाधन है जो 100 से अधिक विकासशील देशों में निरंतर बहुआयामी गरीबी को मापता है।
- इसे पहली बार वर्ष 2010 में ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (OPHI) तथा UNDP के मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- MPI स्वास्थ्य, शिक्षा तथा जीवन स्तर के विभिन्न 10 संकेतकों में अभावों की निगरानी करता है एवं इसमंर गरीबी की स्थिति और तीव्रता दोनों शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक व्यक्ति बहुआयामी रूप से गरीब है यदि वह भारित संकेतकों (दस संकेतकों में से) के एक-तिहाई अथवा अधिक (अर्थात् 33% अथवा अधिक) से वंचित है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - जो लोग भारित संकेतकों के आधे अथवा अधिक से वंचित हैं, उन्हें अत्यधिक बहुआयामी गरीबी के तहत माना जाता है।

59.

उत्तर: D

व्याख्या:

**स्टैंड-अप इंडिया:**

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की प्रति बैंक शाखा में कम-से-कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उधारकर्त्ता एवं कम-से-कम एक महिला उधारकर्त्ता को 10 लाख रुपए से 100 लाख रुपए तक बैंक ऋण की सुविधा प्रदान करना। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के तहत ऋण केवल ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इस योजना में '15% तक' की सीमा राशि की परिकल्पना की गई है जो केंद्रीय/राज्य योजनाओं के साथ अभिसरण में प्रदान की जा सकती है।
    - किसी भी स्थिति में ऋणकर्त्ता को परियोजना लागत का कम-से-कम 10% अपने योगदान के रूप में भुगतान करना होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

60.

उत्तर: A

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY):**

- सरकार ने इस योजना को वर्ष 2015 में गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि छोटे/सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करने हेतु लॉन्च किया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- MUDRA यानी माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड (Micro Units Development & Refinance Agency Ltd) सरकार द्वारा स्थापित एक वित्तीय संस्थान है। MUDRA योजना के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यमियों/व्यक्तियों को सीधे ऋण नहीं दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना के तहत दिया जाने वाला ऋण संपार्श्विक मुक्त ऋण (Collateral-Free Loans) होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

61.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आदित्य-L1 एक वेधशाला श्रेणी का सौर मिशन है जो सात उपकरणों के साथ सूर्य का अध्ययन करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- ◆ VELC, सूर्य के वायुमंडल की सबसे ऊपरी परत का अध्ययन करने हेतु एक कोरोनोग्राफ; SUIT, एक पराबैंगनी इमेजिंग टेलीस्कोप; SoLEXS और HEL1OS, सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन का अध्ययन करने के लिये; ASPEX तथा PAPA, सौर पवन एवं प्लाज़्मा का अध्ययन करने के लिये तथा अंतरिक्ष यान के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र के गुणों को मापने के लिये डिजिटल मैग्नेटोमीटर का एक सेट है।
- ISRO ने अंतरिक्ष में L1 लैग्रेंज पॉइंट नामक एक विशेष स्थान चुना, जो पृथ्वी से सूर्य की दिशा में 1.5 मिलियन किमी. दूर है। यह बिंदु पृथ्वी-सूर्य प्रणाली में पाँच विशिष्ट स्थानों में से एक है जहाँ गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है। इसका मतलब यह है कि आदित्य-L1 जैसा अंतरिक्ष यान, पृथ्वी या सूर्य के खिंचाव का विरोध करने के लिये लगातार बहुत अधिक ईंधन का उपयोग किये बिना वहाँ रह सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016:**

- 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क विकलांगता वाले प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार होगा। सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों को भी समावेशी शिक्षा प्रदान करनी होगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- विकलांग व्यक्तियों के लिये मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करते हुए नियामक निकायों तथा शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**

**63.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्लीन एयर फंड पहल का उद्देश्य सरकारों, वित्तपोषकों, व्यवसायों और अधिवक्ताओं के साथ सहयोग करके दुनिया भर में वायु प्रदूषण को संबोधित करना है ताकि सभी के लिये तेजी से स्वच्छ वायु प्राप्त की जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम समयबद्ध कमी के लक्ष्य के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये एक राष्ट्रीय ढाँचा तैयार करने का देश में पहला प्रयास है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ◆ इसे जनवरी 2019 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा लॉन्च किया गया था।
- वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) एक दैनिक रिपोर्टिंग सूचकांक के रूप में कार्य करता है जो वायुमंडलीय वायु प्रदूषण में भिन्नता को दर्शाता है और आठ प्रमुख वायु प्रदूषकों की निगरानी करते हुए दूषित हवा में साँस लेने के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के समाधान पर ज़ोर देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**64.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 266 के अनुसार भारत की संचित/समेकित निधि से धन निकालने के लिये संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान के अनुच्छेद 114 (3) के अनुसार विधि (अर्थात् विनियोग विधेयक) के अधिनियमन के बिना समेकित निधि से कोई भी राशि नहीं निकाली जा सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**अतः विकल्प A सही है।**

**65.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (Fiscal Responsibility and Budget Management-FRBM) अधिनियम:**

- FRBM अधिनियम संसद का एक अधिनियम है जिसे वर्ष 2003 में सरकारी व्यय में वित्तीय विनियम, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के तहत सरकार को एक निश्चित अवधि में अपने राजकोषीय घाटे को एक निर्दिष्ट लक्ष्य तक कम करने की आवश्यकता होती है। सत्र 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- मध्यम अवधि व्यय फ्रेमवर्क (MTEF) विवरण आधारभूत मान्यताओं और जोखिमों के विनिर्देशों के साथ-साथ व्यय संकेतकों के लिये तीन वर्ष का आवर्ती लक्ष्य निर्धारित करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

66.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रंगराजन समिति की स्थापना योजना आयोग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिये गरीबी रेखा के लिये ₹ 22 प्रतिदिन निर्धारित किये जाने पर राष्ट्रीय आक्रोश की पृष्ठभूमि में की गई थी। **अतः विकल्प 1 सही है।**
- मुदलियार आयोग की स्थापना भारत में माध्यमिक शिक्षा की स्थिति की जाँच करने के लिये की गई थी, जिसका प्राथमिक उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा प्रणाली के अंदर स्थितियों का आकलन करना और इसकी वृद्धि के लिये सिफारिशें प्रस्तावित करना था। **अतः विकल्प 2 सही नहीं है।**
- तेंदुलकर समिति, जिसे आधिकारिक तौर पर गरीबी मापने की पद्धति की समीक्षा करने वाले विशेषज्ञ समूह के रूप में जाना जाता है, का गठन 2009 में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर सुरेश तेंदुलकर की अध्यक्षता में भारत के योजना आयोग द्वारा किया गया था। समिति को भारत में गरीबी मापने की मौजूदा पद्धति की समीक्षा करने और उचित संशोधनों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया था। **अतः विकल्प 3 सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

67.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- होर्मुज़ जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकीर्ण जलमार्ग है। यह दुनिया के सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्रीय मार्ग में से एक है, जहाँ से प्रतिदिन 21 मिलियन बैरल से अधिक तेल का परिवहन होता है। यह जलडमरूमध्य एक रणनीतिक अवरोध बिंदु भी है और इस क्षेत्र के देशों के बीच कई संघर्षों तथा तनावों का स्थल रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- लाल सागर:
  - अफ्रीका और एशिया के बीच स्थित जलराशि,अपनी उच्च लवणता के लिये प्रसिद्ध हिंद महासागर का यह प्रवेश द्वार मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और ज़िबूती जैसे देशों से घिरा हुआ है। दक्षिण में यह बाब अल मांडेब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी के माध्यम से हिंद महासागर से जुड़ता है। उत्तरी क्षेत्र की उल्लेखनीय विशेषताओं में सिनाई प्रायद्वीप, अकाबा की खाड़ी और स्वेज़ की खाड़ी शामिल हैं, जो स्वेज़ नहर तक जाती हैं। यह जलमार्ग ग्रेट रिफ्ट वैली, विशेष रूप से एफ्रो-अरेबियन रिफ्ट वैली का भी एक हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**

68.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भौगोलिक संकेतक ( GI ):**

- भारत में भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री (Geographical Indication Registry- GIR) भौगोलिक संकेतक (GI) टैग जारी करती है। GIR उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन है।
  - GI टैग उन उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक चिह्न है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उस उत्पत्ति से संबंधित गुण अथवा पहचान से जाने जाते हैं। यह टैग 10 वर्ष के लिये वैध होता है।
  - **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- "भौगोलिक संकेतक" को बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) पर समझौते तथा उत्पत्ति एवं भौगोलिक संकेतकों के अभिधान पर लिस्बन समझौते के जिनेवा अधिनियम में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

69.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्रीन क्रेडिट नियम, 2023:**

- प्रधानमंत्री द्वारा COP-28 के अवसर पर ग्रीन क्रेडिट पहल का शुभारंभ किया गया था। यह पर्यावरण के लिये जीवनशैली अथवा LiFE आंदोलन के अंतर्गत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है।
- ग्रीन क्रेडिट नियम, 2023 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत अधिसूचित नहीं किया गया है। उन्हें पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत 12 अक्तूबर, 2023 को अधिसूचित किया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ये नियम स्वैच्छिक पर्यावरणीय सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिये एक व्यवस्था को स्थापित करते हैं जिसके परिणामस्वरूप ग्रीन क्रेडिट जारी किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्रीन क्रेडिट नियम, 2023 के अंतर्गत ग्रीन क्रेडिट का सृजन कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम 2023 के तहत प्रदान किये गए कार्बन क्रेडिट से स्वतंत्र रूप से संचालित है। **अतः कथन 3 सही है।**

70.

उत्तर: D

व्याख्या:

**कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (Carbon Border Adjustment Mechanism- CBAM):**

- CBAM कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने के लिये यूरोपीय संघ की रणनीति है और यूरोपीय संघ के महत्त्वाकांक्षी "फिट फॉर 55 एजेंडा" के केंद्रीय स्तंभों में से एक है। इससे घरेलू उत्पादों और आयात के बीच कार्बन की कीमत बराबर हो जाएगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- CBAM प्रारंभ में सीमेंट, लोहा, स्टील, एल्युमीनियम, उर्वरक, बिजली और हाइड्रोजन जैसे कार्बन-सघन आयात पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो कार्बन उत्सर्जन का सबसे अधिक जोखिम पैदा करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- CBAM लागत में वृद्धि कर सकता है और यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को कम कर सकता है, मुख्यतः स्टील और एल्युमीनियम जैसे क्षेत्रों में, जो यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

71.

उत्तर: A

व्याख्या:

**विधि का नियम सूचकांक (Rule of Law Index):**

- यह विश्व न्याय परियोजना (World Justice Project) के तहत जारी किया गया है।
- वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2023 विश्व के 142 देशों और न्यायक्षेत्रों का आकलन करता है।
- लगातार छठे वर्ष अधिकांश देशों में कानून के शासन में गिरावट आई है।

**अतः विकल्प A सही है।**

72.

उत्तर: A

व्याख्या:

- जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2023 का उद्देश्य विभिन्न अधिनियमों के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन द्वारा छोटे अपराधों को अपराधमुक्त करके व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना है। **अतः कथन-I सही है।**
- विधेयक कई जुर्मानों को दंड में परिवर्तित करता है, जिसका अर्थ है कि दंड देने के लिये न्यायिक मुकदमा चलाना आवश्यक नहीं है। यह कई अपराधों के लिये दंड के रूप में कारावास को भी हटा देता है। जैसे डाकघर अधिनियम, 1898 के तहत सभी अपराध हटाए जा रहे हैं। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है।**

73.

उत्तर: B

व्याख्या:

**सामग्री उद्गम और प्रामाणिकता हेतु गठबंधन (Coalition for Content Provenance and Authenticity- C2PA):**

- सामग्री उद्गम और प्रामाणिकता हेतु गठबंधन (C2PA) भारत के नेतृत्व वाली पहल नहीं है। C2PA हेतु गठबंधन, वाशिंगटन स्थित गैर-लाभकारी संयुक्त विकास फाउंडेशन की एक परियोजना है, जो कंटेंट ऑथेंटिसिटी इनिशिएटिव (CAI) और प्रोजेक्ट के प्रयासों को एक साथ लाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसकी स्थापना फरवरी 2021 में Microsoft और Adobe द्वारा की गई थी और इसमें Arm, BBC, Intel एवं Truepic शामिल हैं।
- सामग्री उद्गम और प्रामाणिकता गठबंधन (C2PA) मीडिया सामग्री के स्रोत तथा इतिहास (या उद्गम) को प्रमाणित करने के लिये तकनीकी मानकों के विकास के माध्यम से ऑनलाइन भ्रामक सूचना के प्रसार को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

74.

उत्तर: A

व्याख्या:

**फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR):**

- फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR), भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीज़ा एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी. तक जाने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत और म्याँमार के बीच की सीमा चार राज्यों मिज़ोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में 1,643 किमी. तक विस्तृत है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

75.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारत-संयुक्त अरब अमीरात (UAE):**

- भारत-संयुक्त अरब अमीरात CEPA एक दशक से अधिक समय में भारत द्वारा किसी प्रमुख व्यापारिक भागीदार के साथ किया गया पहला व्यापार समझौता है। भारत ने अंतिम प्रमुख FTA पर हस्ताक्षर वर्ष 2011 में जापान के साथ किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकार ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि इस समझौते में अन्य देशों को कम टैरिफ से लाभ उठाने के लिये संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से अपने निर्यात को फिर से शुरू करने हेतु समझौते का उपयोग करने से रोकने के लिये कड़े मूल नियम शामिल हैं।
  - समझौते के तहत कम टैरिफ के लिये अर्हता प्राप्त करने हेतु अधिकांश उत्पादों को नए समझौते के तहत निर्यातक देश में 40 प्रतिशत मूल्यवर्द्धन की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

76.

उत्तर: B

व्याख्या:

**राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (National Security Strategy):**

- एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति दस्तावेज़ देश के सुरक्षा उद्देश्यों और इन्हें प्राप्त करने के लिये अपनाए जाने वाले तरीकों की रूपरेखा बताता है।
  - इसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है, जो पारंपरिक, गैर-पारंपरिक खतरों और अवसरों को परिभाषित करता है, साथ ही ऐसी ज़िम्मेदारियों के कार्यान्वयन के लिये उत्तरदायी एजेंसियों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। **अतः कथन I सही है।**
- वर्ष 2012 में सुरक्षा पर नरेश चंद्र टास्क फोर्स ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें रक्षा और खुफिया सुधारों सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। हालाँकि रिपोर्ट के परिणामस्वरूप औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति तत्काल जारी नहीं हुई।
  - वर्ष 2019 में पूर्व सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डी.एस. हुड्डा ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति दस्तावेज़ तैयार किया, जिसने भारत के लिये राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया। **अतः कथन II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

77.

उत्तर: C

व्याख्या:

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ:**

- वह केवल त्रि-सेवा मामलों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - तीनों सेनाओं के प्रमुख विशेष रूप से अपनी-अपनी सेवाओं से संबंधित मामलों पर रक्षा मंत्री को सलाह देते हैं, जैसा कि अब तक होता आया है।
- CDS की दोहरी भूमिका में क्रमशः सैन्य ज़िम्मेदारियों और सरकारी कर्त्तव्यों के साथ चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष एवं सैन्य मामलों के विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

78.

उत्तर: D

व्याख्या:

**अग्निपथ योजना:**

- नई योजना में सालाना 45,000 से 50,000 सैनिकों की भर्ती की जाती है, जिनमें से अधिकांश चार वर्षों तक सेवा करते हैं और केवल 25% ही 15 वर्षों तक पद पर बने रहते हैं, जिसका लक्ष्य स्थायी सैन्य बल के स्तर को कम करना और महत्त्वपूर्ण रक्षा पेंशन खर्चों में कटौती करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नई प्रणाली केवल अधिकारी रैंक से नीचे के कर्मियों (वे जो कमीशन अधिकारी के रूप में सैन्य बलों में शामिल नहीं होते हैं) के लिये है। **अतः कथन 2 सही है।**

79.

उत्तर: C

व्याख्या:

**क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (Regional Comprehensive Economic Partnership-RCEP):**

- RCEP 10 आसियान सदस्य देशों और आसियान के मुक्त व्यापार समझौते (Free Trade Agreement-FTA) के भागीदारों अर्थात् ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, कोरिया एवं न्यूज़ीलैंड के बीच एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है। यह विश्व का सबसे बड़ा व्यापारिक समूह है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसे सदस्य देशों के बीच आर्थिक एकीकरण, व्यापार उदारीकरण और सहयोग को बढ़ावा देने के लिये निर्मित किया गया है।
- भारत जो कि RCEP का संस्थापक सदस्य था, वर्ष 2019 में चीनी आयात के कारण अपनी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचने की आशंका के कारण इससे हट गया, जिसमें सेवा गतिशीलता, कृषि और छोटे व्यवसायों की भूमिका थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**80.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लक्षद्वीप द्वीप समूह:**

- भारत का सबसे छोटा केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप एक द्वीपसमूह है जिसमें 32 वर्ग किमी. क्षेत्रफल के साथ 36 द्वीप हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2020 में लक्षद्वीप द्वीप समूह प्रशासन ने समुद्री खीरे के लिये दुनिया का पहला संरक्षण क्षेत्र, डॉ. के. के. मोहम्मद कोया समुद्री ककड़ी संरक्षण रिजर्व की स्थापना की, जो चेरियापानी रीफ में 239 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्थानिक जनसंख्या को उनके आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के कारण अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**81.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-मालदीव संबंध:**

- भारत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान और 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन का उपयोग करके राजधानी माले को विलिंग्ली, गुलहिफाल्हू और थिलाफुशी द्वीपों से जोड़ने वाले 6.74 किमी. लंबे पुल ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का वित्तपोषण और निर्माण कर रहा है, जो इसे मालदीव में सबसे बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजना बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1988 में ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने मालदीव में तख्तापलट को विफल कर दिया और वर्ष 2014 में ऑपरेशन नीर ने देश में संकट को दूर करने के लिये पीने का पानी उपलब्ध कराया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**82.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गिनी गुणांक:**

- गिनी गुणांक (Gini Coefficient), जो लॉरेंज़ वक्र (Lorenz Curve) से प्राप्त होता है, का उपयोग किसी देश में आर्थिक विकास के संकेतक के रूप में किया जा सकता है।
  - गिनी गुणांक किसी जनसंख्या में आय समानता की दर को मापता है। **अतः कथन I सही है।**
- गिनी गुणांक 0 (पूर्ण समानता) से 1 (पूर्ण असमानता) तक भिन्न हो सकता है।
  - शून्य गिनी गुणांक का अर्थ है कि सभी की आय समान है जबकि 1 पूर्ण असमानता को इंगित करता है, जहाँ देश में पूर्ण धन का स्वामी एक व्यक्ति होता है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**83.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के तहत 'कारागार' राज्य का विषय है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - कारागार के प्रबंधन तथा प्रशासन पर विशेष रूप से राज्य सरकारों का क्षेत्राधिकार होता है एवं यह कारागार अधिनियम, 1894 व संबंधित राज्य सरकारों की कारागार नियमावली द्वारा शासित होता है।
- उम्रकैद की सज़ा काट रहे दोषियों को सज़ा माफी/परिहार के लिये आवेदन करने का पात्र बनने से पूर्व अनिवार्य रूप से न्यूनतम 14 वर्ष कारागार में बिताने होंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- परिहार के प्रत्येक आवेदन पर लक्ष्मण नस्कर बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (2000) मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कारकों के आधार पर एक समिति द्वारा वैयक्तिक रूप से विचार किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**84.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिये साझेदारी (PGII):

- PGII निम्न और मध्यम आय वाले देशों की व्यापक आधारभूत अवसंरचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये एक मूल्य-संचालित, प्रभावी एवं पारदर्शी आधारभूत अवसंरचना साझेदारी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (India-Middle East-Europe Economic Corridor- IMEC) परियोजना पर हस्ताक्षर किये गए जो भारत के लिये भू-राजनीतिक और आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण है।
  - यह परियोजना वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिये साझेदारी (Partnership for Global Infrastructure and Investment- PGII) का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**85.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इसे विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है। **अतः विकल्प B सही है।**
  - विश्व बैंक के लॉजिस्टिक परफॉर्मेंस इंडेक्स (Logistic Performance Index) 2023 में भारत छह पायदान ऊपर पहुँच गया है इसलिये वर्तमान में 139 देशों के सूचकांक में वह 38वें स्थान पर है।

**86.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लॉजिस्टिक्स ईज़ अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS):**

- LEADS सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढाँचे, सेवाओं एवं मानव संसाधनों का आकलन करने के लिये एक स्वदेशी डेटा-संचालित सूचकांक है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - LEADS राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने वाले हस्तक्षेपों की पहचान के लिये एक मार्गदर्शक और ब्रिजिंग तंत्र के रूप में कार्य करना जारी रखता है। यह लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक जैसे अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने लॉजिस्टिक्स ईज़ अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) रिपोर्ट 2023 जारी की। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**87.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वन अधिकार अधिनियम (Forest Rights Act) 2006:**

- ग्राम सभा को व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) या दोनों जो कि FDST और OTFD को दिये जा सकते हैं, की प्रकृति एवं सीमा निर्धारित करने हेतु प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम तीन अधिकारों की पहचान नहीं करता बल्कि चार प्रकार के अधिकारों की पहचान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - चार प्रकार के अधिकार:
    - स्वामित्व अधिकार: यह FDST और OTFD को अधिकतम 4 हेक्टेयर भू-क्षेत्र पर आदिवासियों या वनवासियों द्वारा खेती की जाने वाली भूमि पर स्वामित्व का अधिकार देता है। यह स्वामित्व केवल उस भूमि के लिये है जिस पर वास्तव में संबंधित परिवार द्वारा खेती की जा रही है, इसके अलावा कोई और नई भूमि प्रदान नहीं की जाएगी।
    - उपयोग करने का अधिकार: वन निवासियों के अधिकारों का विस्तार लघु वनोत्पाद तथा चराई क्षेत्रों तक है।
    - राहत और विकास से संबंधित अधिकार: वन संरक्षण के लिये प्रतिबंधों के अधीन अवैध बेदखली या जबरन विस्थापन और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पुनर्वास का अधिकार शामिल है।
    - वन प्रबंधन अधिकार: इसमें किसी भी सामुदायिक वन संसाधन की रक्षा, पुनः उत्थान, संरक्षण या प्रबंधन का अधिकार शामिल है, जिसे वन निवासियों द्वारा स्थायी उपयोग के लिये पारंपरिक रूप से संरक्षित एवं सुरक्षित किया जाता है।

नोट :

88.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रतिपाटन-रोधी/डंपिंग-रोधी शुल्क:**

- यह एक संरक्षणवादी टैरिफ है जो एक सरकार उन आयातों पर लगाती है जिनके बारे में उसका मानना है कि उनकी कीमत उचित बाज़ार मूल्य से कम है। **अत: कथन-I सही है।**
  - डंपिंग-रोधी शुल्क का प्रयोग माल की डंपिंग करने तथा उसके परिणामस्वरूप व्यापार में होने वाली विकृति के कारण उत्पन्न स्थिति में सुधार करने का एक उपाय है।
- लंबी अवधि में डंपिंग-रोधी शुल्क समान वस्तुओं का उत्पादन करने वाली घरेलू कंपनियों की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा को कम कर सकता है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

89.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice- ICJ):**

- केवल राष्ट्र ही विवादास्पद मामलों में न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के पात्र हैं। वर्तमान में इसका तात्पर्य अनिवार्य रूप से संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य राष्ट्रों से है।
  - न्यायालय के पास व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों, निगमों या किसी अन्य निजी संस्था के आवेदनों से निपटने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। यह उन्हें कानूनी सलाह नहीं दे सकता या राष्ट्रीय अधिकारियों के साथ उनके व्यवहार में सहयोग नहीं कर सकता। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के पास युद्ध अपराधों या मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- चूँकि यह एक आपराधिक न्यायालय नहीं है, इसलिये इसमें कार्यवाही शुरू करने में सक्षम कोई अभियोजक नहीं होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

90.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाइकोऊ बंदरगाह चीन के हैनान प्रांत में एक प्रमुख बंदरगाह है। यह हैनान द्वीप के उत्तरी तट पर हैनान जलडमरूमध्य के अभिमुख स्थित है। इसलिये यह जापान का बंदरगाह नहीं है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- डिएगो गार्सिया ब्रिटिश हिंद महासागरीय क्षेत्र में बसा हुआ एकमात्र द्वीप है, जो यूनाइटेड किंगडम का एक विदेशी क्षेत्र है, जिसे आमतौर पर "BIOT" के संक्षिप्त रूप में जाना जाता है। इसलिये यह फ्राँस का बंदरगाह नहीं है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- हंबनटोटा अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह श्रीलंका के हंबनटोटा में एक गहन समुद्र बंदरगाह है, जिसे चीन को 99 वर्ष की लीज़ पर दिया गया है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

91.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) की एक सहायक नदी है, जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह सिक्किम के चुनथांग के पास हिमालय से निकलती है और बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर बहती है।
- उत्तरी सिक्किम में दक्षिण ल्होनक झील समुद्र तल से लगभग 5,200 मीटर ऊपर स्थित है। इसलिये यह हिमाचल प्रदेश में स्थित नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

92.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दुर्लभ मृदा धातु:**

- दुर्लभ मृदा धातु 17 धातु तत्त्वों का एक समूह हैं। इनमें स्कैंडियम और यट्रियम के अलावा आवर्त सारणी में 15 लैंथेनाइड्स शामिल हैं जो लैंथेनाइड्स के समान भौतिक एवं रासायनिक गुणयुक्त हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- चीन ने समय के साथ दुर्लभ मृदा धातुओं पर वैश्विक प्रभुत्व हासिल कर लिया है, यहाँ तक कि एक बिंदु पर इसने दुनिया की 90% दुर्लभ मृदा धातुओं का उत्पादन किया था।
  - वर्तमान में हालाँकि यह 60% तक कम हो गया है और शेष मात्रा का उत्पादन अन्य देशों द्वारा किया जाता है, जिसमें क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान एवं संयुक्त राज्य अमेरिका) देश शामिल हैं।
- भारत के पास दुनिया के दुर्लभ खनिज भंडार का 6% है, यद्यपि यह वैश्विक उत्पादन का केवल 1% उत्पादन करता है और चीन से ऐसे खनिजों की अपनी अधिकांश आवश्यकताओं को पूरा करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

93.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मेक इन इंडिया:**

- इस पहल का उद्देश्य भारत को सबसे पसंदीदा वैश्विक विनिर्माण गंतव्य बनाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मेक इन इंडिया सेंटर भारत में विकसित नवीन उत्पादों तथा विनिर्माण प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है जो वैश्विक विनिर्माण परिदृश्य के अंतर्गत डिज़ाइन, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ज़ोर देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका नेतृत्त्व भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT) द्वारा किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

94.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह अल-नीनो दक्षिणी दोलन (El Nino Southern Oscillation- ENSO) घटना का सामान्य से अधिक ऊष्म चरण है जिसके दौरान भारत सहित विश्व के कई क्षेत्रों में आमतौर पर गर्म तापमान और सामान्य से कम वर्षा होती है। **अत: कथन-I सही है।**
  - अल-नीनो घटना के दौरान दक्षिण अमेरिका के उत्तरी तट से भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान (Sea Surface Temperatures- SST) दीर्घकालिक औसत से कम-से-कम 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म होता है।
- अल-नीनो भी तापमान में वृद्धि करता है, हीट वेव को बढ़ाता है तथा गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। **अत: कथन-II सही है।**

  **अत: विकल्प A सही है।**

95.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बेरुत लेबनान की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- करमान ईरान का एक शहर है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- राजधानी बगदाद के बाद आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से मोसुल इराक का दूसरा सबसे बड़ा शहर माना जाता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

  **अत: विकल्प B सही है।**

96.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2015 में भारत ने आर्थिक और सुरक्षा मोर्चों पर समुद्री पड़ोसियों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिये हिंद महासागर के लिये अपनी रणनीतिक दृष्टि यानी क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (Security and Growth for All in the Region- SAGAR) का अनावरण किया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह समुद्री सुरक्षा, समुद्री कॉमन्स और सहयोग की बढ़ती प्रासंगिकता को प्रदर्शित करती है।
  - SAGAR के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को और मज़बूत कर उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है।
- SAGAR SAMPARK एक स्वदेशी डिफरेंशियल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (Differential Global Navigation Satellite System) है जो बेहतर स्थिति, सटीकता के लिये ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (Global Navigation Satellite System) की त्रुटियों को दूर करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

97.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आदर्श आचार संहिता:**

- ECI द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता (MCC), राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिये दिशा-निर्देशों के एक सेट के रूप में कार्य करती है, जो चुनाव आयोग को संसद तथा राज्य विधानमंडलों हेतु स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के संचालन की निगरानी सुनिश्चित करने के लिये अनुच्छेद 324 में उल्लिखित संवैधानिक जनादेश को पूरा करने में सहायता करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- MCC चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तारीख से परिणाम की घोषणा की तारीख तक चालू रहती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हालाँकि MCC के पास कोई वैधानिक समर्थन नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग द्वारा इसके सख्त कार्यान्वयन के कारण पिछले दशक में इसकी शक्ति में वृद्धि हुई है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

98.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कर लोच का तात्पर्य कर दरों में परिवर्तन के प्रति कर आधार की प्रतिक्रियाशीलता से है। यह कर दर में 1% परिवर्तन के परिणामस्वरूप कर आधार में प्रतिशत परिवर्तन को मापता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कर उछाल का तात्पर्य समग्र अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के प्रति कर राजस्व की प्रतिक्रिया से है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1974 में आपूर्ति-पक्ष के संबंध में अर्थशास्त्री आर्थर लाफर द्वारा परिकल्पित लाफर कर्व, कर दरों और सरकारों द्वारा एकत्रित कर राजस्व के बीच संबंध को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।
    - लाफर कर्व दर्शाता है कि कर की दरें और सरकार द्वारा एकत्र किया गया धन कैसे जुड़ा हुआ है, यह सुझाव देता है कि करों को कम करने से कभी-कभी समग्र कर आय में वृद्धि हो सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

99.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (NPA):**

- NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है, जो डिफॉल्ट हो जाते हैं या जिनके मूलधन या ब्याज का अनुसूचित भुगतान बकाया होता है।
- सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति उन सभी ऋणों का योग है जिन्हें वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा नहीं चुकाया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ वह राशि है, जो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों से 'प्रोविज़न अमाउंट' की कटौती के बाद प्राप्त होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अधिकतर मामलों में ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि तक न किया गया हो। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

100.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विशेष आहरण अधिकार (SDR):**

- विशेष आहरण अधिकार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund-IMF) द्वारा 1969 में सदस्य देशों के लिये अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति के रूप में बनाया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- SDR के मूल्य की गणना 'बास्केट ऑफ करेंसी' में शामिल मुद्राओं के औसत भार के आधार पर की जाती है। इस बास्केट में पाँच देशों की मुद्राएँ शामिल हैं- अमेरिकी डॉलर, यूरोप का यूरो, चीन की मुद्रा रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटेन का पाउंड। **अत: कथन 2 सही है।**
    - SDR न तो एक मुद्रा है और न ही IMF पर इसका दावा किया जा सकता है। बल्कि यह IMF के सदस्यों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है।
- SDR मुद्रा के मूल्यों का दैनिक मूल्यांकन (अवकाश को छोड़कर या जिस दिन IMF व्यावसायिक गतिविधियों के लिये बंद हो) होता है एवं मूल्यांकन बास्केट की समीक्षा तथा इसका समायोजन प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है। इस कोटा (Quotas) को SDRs में इंगित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

101.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-सिंगापुर संबंध:**

- भारत और सिंगापुर के मध्य वर्ष 2005 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और सिंगापुर के PayNow को फरवरी 2023 में दोनों देशों के बीच तेज़ी से प्रेषण सुनिश्चित करने के लिये एकीकृत किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2023 में भारत को सबसे ज़्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) सिंगापुर से नहीं बल्कि मॉरीशस से प्राप्त हुआ और सिंगापुर दूसरे स्थान पर रहा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

102.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति प्रणाली में राष्ट्रपति विधायिका का सदस्य नहीं होता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

103.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बॉण्ड यील्ड:**

- ब्याज दरों में वृद्धि के परिणामस्वरूप मौजूदा बॉण्डों (और इस प्रकार परिपक्वता से पहले बिक्री पर पूंजी हानि होगी) की कीमत में गिरावट आएगी। **अत: कथन 1 सही है।**

- पूंजीगत हानि को सीमित करने के लिये निवेशक उन बॉण्डों को बेचने में जल्दबाज़ी करते हैं। पैदावार में बढ़ोतरी से ऋण निवेशकों पर असर पड़ना तय है।
- जब यील्ड बढ़ती है और बॉण्ड की कीमतें गिरती हैं, तो बॉण्ड की कीमत में गिरावट के कारण डेट फंडों के शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य, जो अपने पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियों का एक बड़ा हिस्सा रखते हैं, में भी गिरावट आएगी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसके अलावा इसका असर कॉरपोरेट बॉण्ड पर भी पड़ेगा जिनकी कीमत सरकारी बॉण्ड से अधिक होती है।

104.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दल-बदल विरोधी कानून:**

- इसके तहत कोई सदस्य तब अयोग्य हो जाता है यदि वह स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह सदन के लिये चुना गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि कोई सदस्य अपने राजनीतिक दल द्वारा दिये गए किसी भी निर्देश के विपरीत सदन में मतदान करता है या मतदान से अनुपस्थित रहता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यदि कोई नामांकित सदस्य छह महीने की समाप्ति के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो वह दल-बदल कानून के तहत अयोग्य हो जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

105.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकसभा अध्यक्ष:**

- लोकसभा अध्यक्ष अपनी शक्तियों और कर्त्तव्यों को तीन स्रोतों से प्राप्त करता है अर्थात् भारत के संविधान, लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन संबंधी नियम तथा संसदीय अभिसमय (अवशिष्ट शक्तियाँ जो नियमों में अलिखित या अनिर्दिष्ट हैं)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वह संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है। किसी विधेयक पर दोनों सदनों के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिये राष्ट्रपति द्वारा ऐसी बैठक बुलाई जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वह दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के तहत दल-बदल के आधार पर उत्पन्न होने वाले लोकसभा सदस्य की अयोग्यता के प्रश्नों का निर्णय करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - 1992 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि इस संबंध में स्पीकर का निर्णय न्यायिक समीक्षा के अधीन है।

106.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में स्वास्थ्य को राज्य का विषय बताया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- "रोडमैप मीटिंग" और "चेन्नई डिक्लेरेशन" का उद्देश्य सभी संबंधित हितधारकों के साथ परामर्श के बाद रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) की बढ़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिये एक राष्ट्रीय नीति बनाने का प्रयास करना और रणनीति को लागू करने हेतु सभी संभव उपाय करना था। **अतः कथन 2 सही है।**

107.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दूरसंचार अधिनियम, 2023:**

- धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के उपाय के रूप में संस्थाओं के लिये अपने उपयोगकर्त्ताओं का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करना अनिवार्य किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दूरसंचार सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास को शामिल करने के दायरे का विस्तार करते हुए 'डिजिटल भारत निधि' द्वारा यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) की जगह लेता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह केंद्र को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में या युद्ध की स्थिति में दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क का नियंत्रण एवं प्रबंधन अपने हाथ में लेने का अधिकार देता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

108.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सरकार का संसदीय स्वरूप:**

- बहुमत दल का नियम: जो राजनीतिक दल लोकसभा में बहुमत हासिल करता है वह सरकार बनाता है।
- सामूहिक उत्तरदायित्व: मंत्री सामान्य रूप से संसद और विशेष रूप से लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होते हैं (अनुच्छेद 75)।
- प्रधानमंत्री का नेतृत्व: प्रधानमंत्री इस शासन प्रणाली में नेतृत्वकारी भूमिका निभाता है। वह मंत्रिपरिषद का नेता, संसद का नेता और सत्तासीन पार्टी का नेता होता है।

दी गई सभी विशेषताएँ सरकार के संसदीय स्वरूप की हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

109.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (Fiscal Responsibility and Budget Management-FRBM) अधिनियम, 2003:**

- इसके तहत सरकार को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि समय के साथ राजकोषीय घाटा कम हो जाए और राजस्व घाटा समाप्त हो जाए, जो कि सरकार के कुल राजस्व पर उसके कुल व्यय का आधिक्य है।
  - इसने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक सीमित कर दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के तहत सरकार को अपने राजस्व घाटे को समाप्त करने की आवश्यकता है, जो कि सरकार के कुल राजस्व पर उसके कुल व्यय का आधिक्य है।**अतः कथन 2 सही है।**
- इसके तहत सरकार को संसद में वार्षिक राजकोषीय ज़िम्मेदारी विवरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है, जो अपने राजकोषीय समेकन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सरकार की प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

110.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बाब अल-मंडेब (Bab al-Mandab):**

- अपने चुनौतीपूर्ण नेविगेशन के कारण बाब अल-मंडेब को आँसुओं का द्वार कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह लाल सागर का दक्षिणी निकास है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह यमन (अरब प्रायद्वीप) और जिबूती तथा इरिट्रिया (अफ्रीकी तट) के बीच स्थित है।**अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- बाब अल-मंडेब अपने सबसे संकीर्ण बिंदु पर 18 मील (29 किमी.) चौड़ा है, जो पेरिम द्वीप द्वारा विभाजित इनबाउंड और आउटबाउंड शिपमेंट के लिये यातायात को दो चैनलों तक सीमित करता है।



111.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice):**

- न्यायालय दो प्रकार के मामलों पर विचार कर सकता है: राज्यों के बीच उनके द्वारा प्रस्तुत कानूनी विवाद (विवादास्पद मामले) और संयुक्त राष्ट्र के अंगों एवं विशेष एजेंसियों (सलाहकार कार्यवाही) द्वारा संदर्भित कानूनी प्रश्नों पर सलाहकार राय के लिये अनुरोध। **अतः कथन 1 सही है।**
- न्यायालय के समक्ष सलाहकारी कार्यवाही केवल संयुक्त राष्ट्र के पाँच अंगों और संयुक्त राष्ट्र सदस्यों या संबद्ध संगठनों की 16 विशेष एजेंसियों के लिये खुली है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद "किसी भी कानूनी प्रश्न" पर सलाहकारी राय का अनुरोध कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंग और विशेष एजेंसियाँ जिन्हें सलाहकारी राय लेने के लिये अधिकृत किया गया है, वे केवल "उनकी गतिविधियों के दायरे में उत्पन्न होने वाले कानूनी प्रश्नों" के संबंध में ऐसा कर सकती हैं।
- राष्ट्रों के पास न्यायालय में मान्यता प्राप्त कोई स्थायी प्रतिनिधि नहीं है। ये आमतौर पर अपने विदेश मंत्री या नीदरलैंड में मान्यता प्राप्त अपने राजदूत के माध्यम से रजिस्ट्रार के साथ संवाद करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

112.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**ताइवान जलडमरूमध्य (Taiwan Strait):**

- ताइवान जलडमरूमध्य (जिसे फॉर्मोसा जलडमरूमध्य भी कहा जाता है) जल का एक संकीर्ण निकाय है जो ताइवान द्वीप को चीन की मुख्य भूमि के दक्षिणपूर्वी तट से अलग करता है।
- यह जलडमरूमध्य प्रशांत महासागर की एक शाखा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दक्षिण पश्चिम में दक्षिण चीन सागर को, उत्तर पूर्व में पूर्वी चीन सागर से जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पेंग-हू द्वीप समूह (जिसे पेस्काडोरेस द्वीप भी कहा जाता है) ताइवान और मुख्य भूमि चीन के बीच ताइवान जलडमरूमध्य में स्थित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**



**113.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इथियोपिया:**

- यह हॉर्न ऑफ अफ्रीका में स्थित एक भूमि से घिरा देश है जिसे आधिकारिक तौर पर इथियोपिया के संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में जाना जाता है।
- यह देश पूर्ण रूप से उष्णकटिबंधीय अक्षांशों के भीतर स्थित है तथा समान उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम आयाम इसकी विशेषता है।
- इथियोपिया का विस्तार दक्षिण-पूर्व में सूडान, दक्षिण में इरिट्रिया, पश्चिम में जिबूती और सोमालिया, उत्तर में केन्या तथा पूर्व में दक्षिण सूडान तक है। **अत: विकल्प C सही है।**




**114.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अल-शबाब पूर्वी अफ्रीका में स्थित एक उग्रवादी इस्लामी समूह है जो मुख्य रूप से सोमालिया में सक्रिय है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- हौथिस, जिसे अंसार अल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, यमन का एक ज़ैदी शिया इस्लामी राजनीतिक तथा सैन्य संगठन है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- हिज़बुल्लाह एक लेबनानी शिया इस्लामी राजनीतिक दल तथा आतंकवादी समूह है। इसे संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ एवं कई अन्य देशों द्वारा एक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**115.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट, फ्यूचर अर्थ का एक वैश्विक अनुसंधान प्रोजेक्ट है और साथ ही विश्व जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम का अनुसंधान भागीदार भी है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान समुदाय के साथ मिलकर नीतिगत बहस और कार्रवाई को धीमा करने के साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की वृद्धि को रोकने के लिये

नोट :

एक सामान्य एवं पारस्परिक रूप से सहमत ज्ञान आधार स्थापित करने के लिये किया गया था।

- ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट की स्थापना वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय भूमंडल-जीवमंडल कार्यक्रम (IGBP), वैश्विक पर्यावरण परिवर्तन पर इंटरनेशनल ह्यूमन डाइमेंशन प्रोग्राम (IHDP), वैश्विक जलवायु अनुसंधान कार्यक्रम (WCRP) और विविधता के बीच एक साझा साझेदारी द्वारा की गई थी।
  - इस साझेदारी में अर्थ सिस्टम साइंस पार्टनरशिप (ESSP) का गठन किया था जो बाद में फ्यूचर अर्थ के रूप में विकसित हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**

**116.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गोदावरी की सहायक नदियाँ:
  - प्रवरा, पूर्णा, मंजरा, पेनगंगा, वर्धा, वेनगंगा, प्राणहिता (वेनगंगा, पेनगंगा, वर्धा का संयुक्त प्रवाह), इंद्रावती, मनेर और सबरी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- कावेरी:
  - बाएँ तट की सहायक नदियाँ: अर्कावती, हेमावती, शिमसा और हरंगी। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
  - दाहिने किनारे की सहायक नदियाँ: लक्ष्मणतीर्थ, सुवर्णवती, नोयिल, भवानी, काबिनी और अमरावती।
- कृष्णा :
  - सहायक नदियाँ: तुंगभद्रा, मालप्रभा, कोयना, भीमा, घाटप्रभा, यरला, वर्ना, बिंदी, मूसी और दूधगंगा। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**अतः विकल्प A सही है।**

**117.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन:**

- कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (Colombo Security Conclave) का गठन वर्ष 2011 में भारत, श्रीलंका तथा मालदीव के त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा समूह के रूप में किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह सम्मेलन हिंद महासागर क्षेत्र (Indian Ocean Region- IOR) में सभी तटीय देशों से संबंधित क्षेत्रीय सहयोग तथा साझा सुरक्षा उद्देश्यों को रेखांकित करता है। इसका उद्देश्य संबद्ध क्षेत्र के लिये समुद्री सुरक्षा, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया तथा समुद्री खोज एवं बचाव प्राथमिकताएँ तय करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- गतिविधियों के रोडमैप को बाद में विस्तारित किया गया, जिसमें मॉरीशस चौथे सदस्य के रूप में शामिल हुआ तथा बांग्लादेश व सेशेल्स ने पर्यवेक्षक देशों के रूप में भाग लिया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**118.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

वैश्विक विकास पहल (Global Development Initiative- GDI), वैश्विक सुरक्षा पहल (Global Security Initiative- GSI) तथा वैश्विक सभ्यता पहल (Global Civilisation Initiative- GCI), ये सभी तीन पहल चीन की हैं जो देश की विदेश नीति को रेखांकित करती हैं।


**अतः विकल्प A सही है।**

**119.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आधार रेखा (Baseline) से भूमि की ओर (landward side) का जल, जिससे प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई निर्धारित होती है, आंतरिक जल (Internal waters) कहलाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - प्रत्येक तटीय राज्य को अपने भू-भाग की भाँति अपने आंतरिक जल पर भी पूर्ण संप्रभुता प्राप्त होती है। आंतरिक जल के उदाहरणों में खाड़ियाँ, पत्तन, प्रवेश द्वार, नदियाँ तथा समुद्र से जुड़ी झीलें शामिल हैं।
- प्रादेशिक समुद्र बेसलाइन से 12 समुद्री मील (nm) की दूरी तक विस्तारित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसकी संप्रभुता तथा क्षेत्राधिकार तटीय राज्यों के पास होते हैं। इसके क्षेत्राधिकार में हवाई क्षेत्र, समुद्र तल, सीबेड तथा सबसॉइल शामिल है।
- प्रत्येक तटीय राज्य अपने क्षेत्रीय समुद्र से परे तथा उसके निकट एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) का दावा कर सकता है जो उसकी बेसलाइन से समुद्र की ओर 200 nm तक विस्तारित है। **अतः कथन 3 सही है।**




120.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यूनिकॉर्न्स: वर्ष 2000 के बाद 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ स्टार्टअप की स्थापना हुई। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- डेकाकॉर्न: 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का वर्तमान मूल्यांकन। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- गज़ेल: ऐसे स्टार्टअप जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

अत: विकल्प b सही है।

121.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 'वन चाइना पॉलिसी' चीन की इस स्थिति की कूटनीतिक स्वीकृति है कि चीन में केवल एक ही सरकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - चीन की 'वन चाइना पॉलिसी' का अर्थ है कि जो देश 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' (मेनलैंड चाइना) से कूटनीतिक संबंध स्थापित करना चाहते हैं उन्हें 'रिपब्लिक ऑफ चाइना' (ताइवान) के साथ अपने कूटनीतिक संबंध समाप्त करने होंगे।
- भारत के अभी तक ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, क्योंकि वह वन-चाइना नीति का पालन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - वन-चाइना नीति का पालन करते हुए, भारत के पास राजनयिक कार्यों के लिये ताइपे में एक कार्यालय है, भारत-ताइपे एसोसिएशन (आईटीए) का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करता है। ताइवान का नई दिल्ली में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (TECC) है। दोनों की स्थापना 1995 में हुई थी।

122.

उत्तर: B

व्याख्या:

NGO प्रथम द्वारा शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (Annual Status of Education Report- ASER) जारी की जाती है।

**अत: विकल्प B सही है।**

123.

उत्तर: B

व्याख्या:

**उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (Production Linked Incentive Scheme- PLI):**

- PLI योजनाओं से उम्मीद की जाती है कि वे योजना के तहत स्थापित वैश्विक चैंपियनों के लिये व्यापक आपूर्तिकर्त्ता आधार स्थापित करने में सक्षम होंगी। **अत: कथन-I सही है।**

- यह प्रमुख क्षेत्रों में पैमाने और आयाम देने, वैश्विक अग्रणी बनाने और पोषित करने में मदद करेगा। सभी इकाइयाँ एक साथ मिलकर भारत को बड़े पैमाने पर प्राथमिक और माध्यमिक रोज़गार के अवसर उत्पन्न करने में मदद करेंगी।

- दिये गए प्रोत्साहन की गणना वृद्धिशील बिक्री के आधार पर की जाती है। **अत: कथन-II सही है।**
  - उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, कपड़ा उत्पाद और ड्रोन उद्योग जैसे कुछ क्षेत्रों में दिये जाने वाले प्रोत्साहन की गणना पाँच वर्षों की अवधि में की गई बिक्री, प्रदर्शन एवं स्थानीय मूल्यवर्द्धन के आधार पर की जाएगी।

**अत: विकल्प B सही है।**

124.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (Green Credit Program):**

- 'ग्रीन क्रेडिट' का अर्थ है किसी निर्दिष्ट गतिविधि के लिये प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन की एक एकल इकाई, जो पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।
  - ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम एक ऐसे तंत्र के रूप में है जो घरेलू कार्बन बाज़ार का पूरक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ग्रीन क्रेडिट व्यापार योग्य हैं और इसे अर्जित करने वाले इन क्रेडिट को प्रस्तावित घरेलू बाज़ार मंच पर बिक्री के लिये रख सकेंगे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**


125.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI):**

- वैश्विक MPI की भाँति भारत के राष्ट्रीय MPI के तीन समान महत्त्व वाले आयाम हैं जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा व जीवन स्तर शामिल हैं, जो 12 संकेतकों द्वारा दर्शाए जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- नीति आयोग, MPI के लिये केंद्रक अभिकरण के रूप में बहुआयामी गरीबी का समाधन करने में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों (Union Territories- UTs) के प्रदर्शन की निगरानी हेतु एक स्वदेशी सूचकांक विकसित करने हेतु उत्तरदायी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसे संस्थागत बनाने के लिये नीति आयोग ने एक अंतर-मंत्रालयी MPI समन्वय समिति (MPICC) का गठन किया, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, ग्रामीण विकास, पेयजल, स्वच्छता, बिजली और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों से संबंधित मंत्रालय तथा विभाग शामिल थे।




नोट :

126.

उत्तर: B

व्याख्या:

- देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (Electric Vehicle- EV) के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फेम इंडिया योजना (FAME India Scheme) ने EV को अपनाने को प्रोत्साहित करने तथा इलेक्ट्रिक आवागमन बुनियादी ढाँचे का विस्तार करने के लिये महत्त्वपूर्ण प्रगति की है।
    - FAME इंडिया नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना का एक हिस्सा है। FAME इंडिया का मुख्य उद्देश्य सहायिकी प्रदान करके इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन-I सही है।**
- इस योजना में माइल्ड हाइब्रिड, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड तथा बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन जैसी हाइब्रिड व इलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

127.

उत्तर: C

व्याख्या:

**क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET) पर अमेरिका-भारत पहल:**

- इसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा बेतार दूरसंचार सहित महत्त्वपूर्ण एवं उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- iCET प्रक्रिया का कार्यान्वन दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों (National Security Councils) द्वारा किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

128.

उत्तर: A

व्याख्या:

**77 देशों का समूह (G-77):**

- वर्ष 1964 में, 77 देशों का समूह (G-77) अस्तित्व में आया जब उन देशों/राष्ट्रों ने जिनेवा में व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UN Conference on Trade and Development- UNCTAD) के प्रथम सत्र के दौरान एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन-I सही है।**
- G-77 का उद्देश्य: इसका गठन विकासशील देशों के आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वार्ता करने की उनकी क्षमता में सुधार करने के लिये किया गया था। **अत: कथन-II सही है।**
    - इसमें अब एशिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, कैरेबियन और ओशिनिया के 134 देश शामिल हैं। चीन तकनीकी रूप से इस समूह का हिस्सा नहीं है, इसलिये बहुपक्षीय मंचों पर इस समूह को प्राय: "G-77+चीन" कहा जाता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

129.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1963 में, अफ्रीका के स्वतंत्र राज्यों द्वारा अफ्रीकी एकता संगठन (Organization of African Unity) की स्थापना की गई थी। संगठन का उद्देश्य अफ्रीकी राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1980 की लागोस कार्य योजना को अफ्रीकी एकता संगठन द्वारा अपनाया गया था। योजना में सुझाव दिया गया कि अफ्रीका को अंतर-अफ्रीकी व्यापार को बढ़ावा देकर पश्चिम पर निर्भरता कम करनी चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2002 में, अफ्रीकी एकता संगठन को अफ्रीकी संघ द्वारा सफल बनाया गया, जिसका एक लक्ष्य "महाद्वीप के आर्थिक एकीकरण" में तेज़ी लाना था। **अत: कथन 3 सही है।**

130.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ऐतिहासिक रूप से, अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक भारत की पहुँच काफी हद तक पाकिस्तान के माध्यम से ट्रांज़िट मार्गों पर निर्भर रही है।
- चाबहार बंदरगाह भारत की ईरान तक पहुँच को बढ़ावा देगा, जो अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का प्रमुख प्रवेश द्वार है, जिसमें भारत, ईरान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच समुद्री, रेल एवं सड़क मार्ग हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- चाबहार बंदरगाह एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करता है जो पाकिस्तान को बायपास करता है, जिससे अफगानिस्तान और उससे आगे व्यापार के लिये अपने पड़ोसी पर भारत की निर्भरता कम हो जाती है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

131.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA):**

- वर्ष 1968 में अधिनियमित आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA), समुदाय के सामान्य जीवन के लिये महत्त्वपूर्ण सेवाओं के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम सरकार को विशिष्ट आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन, वितरण और आपूर्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रविष्टि संख्या 33 के तहत समवर्ती सूची में सूचीबद्ध आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम, अपनी समवर्ती प्रकृति के कारण राज्य और संसद दोनों को सशक्त बनाता है।
- प्रविष्टि संख्या 33 के तहत समवर्ती सूची में सूचीबद्ध आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम, अपनी समवर्ती प्रकृति के कारण राज्य और संसद दोनों को सशक्त बनाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

132.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत और बांग्लादेश 4096.7 किमी. की सीमा साझा करते हैं। यह भारत द्वारा अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ साझा की जाने वाली सबसे लंबी स्थलीय सीमा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत ने वर्ष 2011 से दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA) के तहत तंबाकू और शराब को छोड़कर सभी टैरिफ लाइनों पर बांग्लादेश को ड्यूटी फ्री कोटा फ्री पहुँच प्रदान की है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जुलाई 2023 में बांग्लादेश और भारत ने रुपए में व्यापारिक लेन-देन शुरू किया, जिसका उद्देश्य अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करना तथा क्षेत्रीय मुद्रा व व्यापार को मज़बूत करना था। **अतः कथन 3 सही है।**

133.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- काशगर चीन के सबसे पश्चिमी शहरों में से एक है, जो किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के साथ देश की सीमा के निकट स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- हेरातन अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत में एक सीमावर्ती शहर है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- ताशकंद, उज़्बेकिस्तान की राजधानी और मध्य एशिया का सबसे बड़ा शहर है। ताशकंद देश के उत्तरपूर्वी भाग में स्थित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

134.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (Protection of Children from Sexual Offenses- POCSO) अधिनियम, 2012:**

- POCSO अधिनियम 14 नवंबर, 2012 को लागू हुआ, जो वर्ष 1992 में बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन-I सही है।**
- इस विशेष कानून का उद्देश्य बच्चों के यौन शोषण और यौन उत्पीड़न के अपराधों से निपटना है, जिन्हें या तो विशेष रूप से परिभाषित नहीं किया गया या ऐसे अपराधियों को पर्याप्त रूप से दंडित नहीं किया गया था। **अतः कथन-II सही है।**
- अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चे के रूप में परिभाषित करता है। अधिनियम अपराध की गंभीरता के अनुसार सज़ा का प्रावधान करता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

135.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सागरमाला परियोजना को वर्ष 2015 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था जिसका उद्देश्य आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और कंप्यूटरीकरण के माध्यम से 7,516 किलोमीटर लंबी समुद्री तट रेखा के साथ बंदरगाहों के आस-पास प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विकास को बढ़ावा देना है।
- राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति (NSAC) बंदरगाह आधारित विकास-सागरमाला परियोजनाओं के लिये नीति-निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करने वाला शीर्ष निकाय है तथा इसके कार्यान्वयन की समीक्षा करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NSAC का गठन 13 मई, 2015 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किया गया था और इसकी अध्यक्षता बंदरगाह, जहाज़रानी एवं जलमार्ग मंत्री करते हैं, जिसमें हितधारक केंद्रीय मंत्रालयों के कैबिनेट मंत्री तथा समुद्री राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और प्रशासक क्रमशः सदस्य होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

136.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में समय-समय पर संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 कंप्यूटर संसाधनों के उपयोग से संबंधित सभी गतिविधियों को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें सभी 'मध्यस्थ' शामिल हैं जो कंप्यूटर संसाधनों और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के उपयोग में भूमिका निभाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश) नियम, 2011 में इस उद्देश्य के लिये बनाए गए अलग-अलग नियमों में मध्यस्थों की भूमिका का वर्णन किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

137.

उत्तर: B

व्याख्या:

**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC):**

- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (International Criminal Court- ICC) सामान्यत: नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की जाँच करता है तथा आवश्यकता के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के हित के लिये चिंतनीय गंभीर अपराधों में आरोपित व्यक्तियों पर मुकदमा चलाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य अंतिम उपाय हेतु न्यायालय के रूप में राष्ट्रीय न्यायालयों का पूरक बनना है न कि उन्हें प्रतिस्थापित करना। इसका विनियमन रोम संविधि (Rome Statute) नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- न्यायालय का प्रबंधन अन्वेक्षा व विधायी निकाय राज्यों की पार्टियों की सभा ("असेंबली") है जिसमें रोम संविधि का अनुसमर्थन तथा अंगीकरण करने वाले विभिन्न राज्य के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

138.

उत्तर: B

व्याख्या:

**ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी:**

- ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन, अमेरिका द्वारा शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य संयुक्त समुद्री बल (Combined Maritime Forces- CMF) के संयुक्त टास्क फोर्स 153 के तहत कार्य करना था किंतु इसे सहयोगियों तथा रणनीतिक भागीदारों द्वारा संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। **अत: कथन 1 सही है।**
- अमेरिका के तीन उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (North Atlantic Treaty Organization- NATO) सहयोगियों अर्थात् फ्राँस, इटली एवं स्पेन ने ऑपरेशन का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बहरीन इस ऑपरेशन का हिस्सा बनने वाला एकमात्र पश्चिम एशियाई देश है जहाँ अमेरिकी के फिफ्थ फ्लीट (Fifth Fleet) का मुख्यालय स्थित है। **अत: कथन 3 सही है।**

139.

उत्तर: A

व्याख्या:

- एरबिल इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र की राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- सना की आबादी सर्वाधिक है और यह यमन का सबसे बड़ा शहर है। **अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।**
- स्रेब्रेनिका बोस्निया और हर्जेगोविना के पूर्वी भाग में एक शहर एवं नगर पालिका है, जो रिपब्लिका सर्पस्का निकाय में स्थित है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

140.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (NMP) के पूरक के लिये, प्रधानमंत्री द्वारा 17 सितंबर, 2022 को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (NLP) लॉन्च की गई थी।
- राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति अन्य बातों के साथ-साथ प्रक्रिया सुधार, लॉजिस्टिक्स सेवाओं में सुधार, डिजिटलीकरण, मानव संसाधन विकास और कौशल सहित सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के विकास पहलू को संबोधित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NLP का लक्ष्य भारत में लॉजिस्टिक्स लागत में कटौती करना, 2030 तक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक को शीर्ष 25 तक पहुँचाना और कुशल लॉजिस्टिक्स के लिये डेटा-संचालित निर्णय समर्थन स्थापित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

141.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पश्चिमी विक्षोभ (Westerly Disturbances-WD) बाह्योष्णकटिबंधीय/शीतोष्ण चक्रवात प्रणालियों को संदर्भित करता है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में विकसित होकर पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अल नीनो एक जलवायु संबंधी घटना है जो प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान में आवधिक वृद्धि की विशेषता है, जिससे एशिया में शुष्क स्थिति उत्पन्न होती है और वैश्विक स्तर पर थर्मल/तापमान पैटर्न में बदलाव होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

142.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतमाला परियोजना सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) के तहत शुरू किया गया एक व्यापक कार्यक्रम है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतमाला पहले से निर्मित बुनियादी ढाँचे की बढ़ी हुई प्रभावशीलता, बहुविध एकीकरण, निर्बाध आवागमन के लिये बुनियादी ढाँचे की कमियों को दूर करने एवं राष्ट्रीय व आर्थिक कॉरिडोर को एकीकृत करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतमाला चरण–I, जिसे शुरुआत में वर्ष 2022 तक पूरा किया जाना था, परियोजना लागत में 100% से अधिक की वृद्धि के कारण वर्ष 2027-28 तक बढ़ा दिया गया है जो कार्यान्वयन में देरी एवं वित्तीय सीमाओं का संकेत देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

143.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI):**

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों को लागू करने के लिये उत्तरदायी है। इसका विधिवत गठन मार्च 2009 में किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- राघवन समिति की सिफारिशों के आधार पर एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम (MRTP Act), 1969 को निरस्त कर इसे प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय (Quasi-Judicial Body) है जो सांविधिक प्राधिकरणों को परामर्श देने के साथ-साथ अन्य मामलों को भी संबोधित करता है। इसके अध्यक्ष और अन्य सदस्य पूर्णकालिक होते हैं।

144.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कुफरी हिमाचल प्रदेश के शिमला ज़िले में एक रिज़ॉर्ट हिल स्टेशन है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 22 पर राज्य की राजधानी शिमला से 20 किमी. दूर स्थित है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- गुलमर्ग बारामूला से 31 किमी. (19 मील) और श्रीनगर से 49 किमी. (30 मील) की दूरी पर स्थित है। यह शहर पश्चिमी हिमालय में पीर पंजाल रेंज में स्थित है और गुलमर्ग वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भीतर स्थित है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- औली भारत के उत्तराखंड के हिमालय पर्वतों में स्थित चमोली ज़िले में है। औली, जिसे गढ़वाली में औली बुग्याल के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है "घास का मैदान", समुद्र तल से 2,800 मीटर (9,200 फीट) की ऊँचाई पर स्थित है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

145.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1930 में स्थापित, BIS का स्वामित्व 63 केंद्रीय बैंकों के पास है, जो विश्व भर के देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका विश्व सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 95% योगदान है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका मुख्य कार्यालय बेसल, स्विट्ज़रलैंड में है और इसके दो प्रतिनिधि कार्यालय: हॉन्गकॉन्ग SAR तथा मैक्सिको सिटी में हैं, साथ ही विश्व भर में इनोवेशन हब सेंटर भी हैं।

- यह वित्तीय स्थिरता और बैंकिंग नियमों के सामान्य मानकों के सामान्य लक्ष्य के साथ केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**146.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह तीन पर्वत शृंखलाओं से घिरा हुआ है जिसमें उत्तर में पश्चिमी टीएन शान (Tien Shan) पर्वत, पूर्व में फरगना रेंज एवं दक्षिण में अलाई पर्वत शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह घाटी तीन देशों द्वारा साझा की जाती है जिसमें किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान व उज़्बेकिस्तान शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- उज़्बेक, ताजिक, किर्गिज़ तथा रूसी समेत विभिन्न जातीय समूह यहाँ निवास करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**




**147.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF):**

- एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF) प्रतिभूतियों की एक बास्केट है जो स्टॉक की तरह ही एक्सचेंज पर व्यापार करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ETF बीएसई सेंसेक्स की तरह एक सूचकांक की संरचना को दर्शाता है। इसका ट्रेडिंग मूल्य अंतर्निहित शेयरों (जैसे– शेयर) के नेट एसेट वैल्यू (NAV) पर आधारित होता है, जिसका यह प्रतिनिधित्व करता है।
- ETF शेयर की कीमतों में पूरे दिन उतार-चढ़ाव होता है क्योंकि इसे खरीदा और बेचा जाता है। यह म्युचुअल फंड से अलग है जिसका बाज़ार बंद होने के बाद दिन में केवल एक बार व्यापर होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

148.

उत्तर: A

व्याख्या:

नेक्सस का लक्ष्य 60 से अधिक देशों के बीच कनेक्शन को मानकीकृत करके, कस्टम कनेक्शन की आवश्यकता को समाप्त करके और सीमा पार लेनदेन में संभावित क्रांति लाकर अंतर्राष्ट्रीय त्वरित भुगतान को सुव्यवस्थित करना है। यह बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स की एक पहल है।

**अत: विकल्प A सही है।**

149.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ईंधन सेल, पारंपरिक इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों के विपरीत, हाइड्रोजन की निरंतर आपूर्ति की सहायता से बिना खत्म हुए अथवा बिना रिचार्ज किये निरंतर बिजली उत्पन्न करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक ईंधन सेल पारंपरिक सेल की भाँति एनोड, कैथोड तथा इलेक्ट्रोलाइट से मिलकर बनी होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाइड्रोजन ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहन केवल जल वाष्प उत्सर्जित करके संचालन करते हैं जो आंतरिक दहन इंजन वाहनों की तुलना में शून्य टेलपाइप (Tailpipe) उत्सर्जन तथा बेहतर दक्षता प्रदान करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

150.

उत्तर: D

व्याख्या:

**अब्राहम एकॉर्ड:**

- इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात तथा बहरीन के बीच अब्राहम एकॉर्ड की मध्यस्थता अमेरिका द्वारा की गई। यह 26 वर्षों में पहला अरब-इज़रायल शांति समझौता था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समझौतों में संयुक्त अरब अमीरात तथा बहरीन द्वारा दूतावासों की स्थापना, राजदूतों के आदान-प्रदान एवं व्यापार, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा व सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में इज़रायल के साथ सहयोग का प्रावधान है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

151.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाइफा बंदरगाह इज़रायल के तीन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों में से सबसे बड़ा है, अन्य अशदोद बंदरगाह और इलियट बंदरगाह हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- फुजैराह बंदरगाह संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट पर एकमात्र बहुउद्देश्यीय बंदरगाह है। फुजैराह बंदरगाह भी रणनीतिक रूप से होर्मुज़ जलडमरूमध्य से केवल 70 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है, जो विश्वव्यापी व्यापार तक आवश्यक पहुँच प्रदान करता है और वैश्विक शिपिंग उद्योग की समुद्री आवश्यकताओं को पूरा करता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- ग्वादर बंदरगाह, बलूचिस्तान, पाकिस्तान में स्थित एक गहरे समुद्र वाला बंदरगाह है। यह रणनीतिक रूप से फारस की खाड़ी के मुहाने पर स्थित है और इसे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) का एक प्रमुख घटक माना जाता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**


152.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 10 सितंबर को नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति, जर्मनी के चांसलर, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, इटली के प्रधानमंत्री और यूरोपीय संघ के राष्ट्रपति ने भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) की स्थापना पर सहमति व्यक्त की। **अत: कथन 1 सही है।**
- IMEC की कल्पना एक नहीं, बल्कि दो गलियारों के रूप में की गई है, एक पूर्वी गलियारा जो भारत को अरब (खाड़ी) देशों से जोड़ता है और एक उत्तरी गलियारा है जो अरब (खाड़ी) देशों को यूरोप से जोड़ता है। दोनों छोरों पर मज़बूत बंदरगाह, रेल एवं सड़क बुनियादी अवसंरचना है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :




153.

उत्तर: B

व्याख्या:

**स्वेज़ नहर:**

- यह नहर अफ्रीकी महाद्वीप को एशिया से अलग करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- स्वेज नहर भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने के लिये मिस्र में स्वेज़ के इस्तमुस के पार उत्तर से दक्षिण तक एक कृत्रिम समुद्र-स्तरीय जलमार्ग है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह यूरोप तथा भारतीय एवं पश्चिमी प्रशांत महासागरों के आसपास की भूमि के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**




नोट :

154.

उत्तर: B

व्याख्या:

**दूरसंचार अधिनियम 2023:**

- यह भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 तथा टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्ज़ा) अधिनियम, 1950 को निरस्त करने का प्रयास करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) अधिनियम, 1997 में भी संशोधन करता है।
- इसने व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे संचार सेवा प्रदाताओं को बड़ी राहत देते हुए, दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा से ओवर-द-टॉप (OTT) सेवाओं के साथ ही एप्स को भी हटा दिया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय संभावित डिजिटल इंडिया अधिनियम के तहत OTT एप्स के विनियमन करेगा, जो दूरसंचार अधिनियम में शामिल नहीं है।
- ActI द्वारा TRAI अधिनियम में संशोधन कर ऐसे व्यक्तियों को भी अनुमति दी गई है, जिनके पास अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का कम-से-कम 30 वर्ष का पेशेवर अनुभव है और साथ ही सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिये कम-से-कम 25 वर्ष का पेशेवर अनुभव होना आवश्यक है। **अत: कथन 3 सही है।**

155.

उत्तर: A

व्याख्या:

**डाकघर विधेयक, 2023**

- हाल ही में पेश किये गए, डाकघर विधेयक 2023 का उद्देश्य भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 को निरस्त करना है, जो 125 वर्षों से अस्तित्व में है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विधेयक 1898 अधिनियम के तहत सभी दंडों और अपराधों को हटा देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - उदाहरण के लिये डाकघर के अधिकारियों द्वारा किये गए अपराध जैसे- कदाचार, धोखाधड़ी और चोरी सहित अन्य को पूरी तरह से हटा दिया गया है।
- 2023 विधेयक पहली बार निजी कूरियर सेवाओं को अपने दायरे में लाकर उन्हें नियंत्रित करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

156.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD) देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा के रूप में कार्य करता है तथा मौसम विज्ञान एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों की देखरेख के लिये उत्तरदायी प्राथमिक सरकारी इकाई है। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत संचालित यह विभाग विभिन्न मौसम संबंधी एवं संबद्ध चिंताओं को दूर करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- IMD ने संयुक्त राष्ट्र के 'सभी के लिये पूर्व चेतावनी (Early Warning for All)' कार्यक्रम में योगदान देने के लिये साझेदारी की है, जिसके लिये 30 देशों की पहचान की गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CEEW किसी सरकार, राजनीतिक दल, विश्वविद्यालय या किसी अन्य संगठन से संबद्ध नहीं है। हालाँकि CEEW का विभिन्न हितधारकों के साथ मज़बूत सहयोग है किंतु यह पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

157.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सत्र शब्द असम में वैष्णववाद की एक अनूठी विशेषता प्रदर्शित करता है जिसकी स्थापना असमिया संस्कृति के जनक शंकरदेव द्वारा की गई थी। ये सत्र मात्र मठ नहीं हैं अपितु पारंपरिक प्रदर्शन कला के केंद्र भी हैं।
  - विश्व में सबसे अधिक आबादी वाले नदी द्वीपों में से एक, माजुली में कई वैष्णव मठ मौजूद है जिन्हें सत्र कहा जाता है, जिनमें से कुछ 16वीं शताब्दी के हैं।
- 15वीं शताब्दी में पहला सत्र माजुली में स्थापित किया गया था। तब से अब तक नैतिकता तथा सामाजिक-सांस्कृतिक आदर्शों के प्रचार-प्रसार के लिये पैंसठ सत्रों की स्थापना की जा चुकी है।
  - हालाँकि वर्तमान में माजुली में केवल बाईस सत्र मौजूद हैं। शेष सत्रों को बाढ़ तथा कटाव की तबाही के कारण सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा।
- सत्रों में एक सामान्य मंदिर के समक्ष बड़ा प्रार्थना कक्ष होता है जो भिक्षुओं के लिये निर्मित शयनगृह एवं स्नानागार से घिरा होता है।

नोट :

- सत्र में अतिथि आवास भी मौजूद होते हैं जहाँ भक्त तथा आगंतुक न केवल विष्णु एवं कृष्ण की उपासना में भाग लेते हैं बल्कि पारंपरिक भाओना प्रदर्शन भी देखते हैं।

**अतः विकल्प B सही है।**

158.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**बायोमार्कर:**

- यह किसी जीव के भीतर एक विशिष्ट रोग स्थिति या अन्य शारीरिक व्याधि की स्थिति के संकेतक के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक ऐसे पदार्थ को संदर्भित करता है जिसे अंग प्रकार्य अथवा स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं का अध्ययन करने के उद्देश्य से किसी जीव में अंतक्षेप किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चिकित्सा के क्षेत्र में एक बायोमार्कर किसी बीमारी के मात्रात्मक संकेत के रूप में कार्य करता है जो किसी विशेष रोग स्थिति के अस्तित्व अथवा डिग्री को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- बायोमार्कर पर्यावरणीय रसायनों के संपर्क चिरकालिक मानव बीमारियों के विकास तथा बीमारी के बढ़ते जोखिम वाले उपसमूहों की पहचान के बीच संबंधों को समझने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

159.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (National Dairy Development Board - NDDB):**

- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (National Dairy Development Board - NDDB), मूल रूप से सोसायटी अधिनियम 1860 के तहत एक सोसायटी, जिसका विलय 12 अक्तूबर, 1987 से प्रभावी NDBB अधिनियम 1987 के तहत भारतीय डेयरी निगम में हो गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिनियम द्वारा नये निगमित निकाय को राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान भी घोषित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

160.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- 97वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 2011 ने सहकारी समितियों के गठन के अधिकार को मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 19) के रूप में स्थापित किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राजेंद्र एन. शाह बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि 97वें संशोधन द्वारा प्रारंभ की गईं सहकारी समितियों से संबंधित भाग IXB विशेष रूप से बहु-राज्य सहकारी समितियों पर लागू होता है, क्योंकि अलग-अलग राज्य, राज्य सहकारी समितियों पर विधायी अधिकार बनाए रखते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

161.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**विश्व न्याय परियोजना** एक अमेरिकी नागरिक समाज संगठन **रूल ऑफ लॉ इंडेक्स (ROLI)** प्रकाशित करता है, जो आठ मानदंडों का उपयोग करके कार्यकारी जवाबदेही और मौलिक अधिकारों के सम्मान के आधार पर देशों को सूचीबद्ध करता है, जिसमें मौलिक अधिकार, व्यवस्था तथा सुरक्षा, नियामक प्रवर्तन, नागरिक न्याय एवं आपराधिक न्याय, सरकारी शक्तियों पर बाधाएँ, भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति, सरकार की पारदर्शिता शामिल हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

162.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**सुभाष चंद्र बोस:**

- उन्होंने एक नई पार्टी 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। इसका उद्देश्य अपने गृह राज्य बंगाल में राजनीतिक रूप से वामपंथ और प्रमुख समर्थन आधार को मज़बूत करना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- उनकी जयंती 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बोस वर्ष 1938 में हरिपुरा में कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

163.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- येओनप्योंग द्वीप या येओनप्योंगडो पीले सागर में दक्षिण कोरियाई द्वीपों का एक समूह है, जो इंचियोन से लगभग 80 किमी. पश्चिम में और उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत के तट से 12 किमी. दक्षिण में स्थित है।
- बेंगनीओंग द्वीप एक दक्षिण कोरियाई द्वीप है जो उत्तर कोरियाई सीमा के करीब पीले सागर में स्थित है।

**अतः विकल्प A सही है।**

नोट :




164.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह 15वीं-16वीं शताब्दी के संत-सुधारक श्रीमंत शंकरदेव द्वारा स्थापित एक आध्यात्मिक परंपरा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बताद्रवा (Batadrava) एकसारना धर्म (Ekasarana Dharma) के अनुयायियों के लिये एक पवित्र स्थल के रूप में अत्यधिक महत्त्व रखता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मुख्य रूप से अहोम और कोच शासकों द्वारा संरक्षित, शंकरदेव तथा उनके शिष्यों ने सत्रों की स्थापना की, जो स्थानीय राजाओं, कुलीनों एवं भक्तों द्वारा दान की गई भूमि के बड़े हिस्से पर अधिकार करते थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

165.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत और म्याँमार के बीच की सीमा 4 राज्यों मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड एवं अरुणाचल प्रदेश में 1,643 किमी. तक फैली हुई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 2018 में लागू की गई मुक्त आवाजाही व्यवस्था (Free Movement Regime - FMR), भारत-म्याँमार सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीज़ा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी. तक जाने की अनुमति देती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- FMR के तहत वे एक साल की वैधता के साथ सीमा पास दिखाकर सीमा पार कर सकते हैं और दो सप्ताह तक निवास कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

166.

उत्तर: A

व्याख्या:

- इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (Ethanol Supply Year) 2021-22 के लिये 'भारत में इथेनॉल मिश्रण के लिये रोडमैप 2020-25' में निर्धारित 10% इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया गया है और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (Oil Marketing Companies) ने देशभर में E20 (20% इथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल की बिक्री शुरू कर दी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति के तहत विशिष्ट मामलों में जैव ईंधन के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। **अत: कथन 2 नहीं सही है।**

167.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय खाद्य निगम (Food Corporation of India- FCI) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। **अत: कथन 1 नहीं सही है।**
- FCI के पास परिचालन आवश्यकताओं से परे अधिशेष अनाज का स्टॉक होता है, जिसे रणनीतिक स्टॉक के रूप में जाना जाता है, जिसमें बफर स्टॉक भी शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

168.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राजस्व व्यय वह व्यय है जिससे न तो परिसंपत्तियों का सृजन होता है तथा न ही वित्तीय दायित्वों में कमी आती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पूंजीगत व्यय वे व्यय हैं जिसके परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों का सृजन अथवा वित्तीय दायित्वों में कमी आती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार द्वारा लिये गए ऋण पर ब्याज भुगतान तथा राज्य सरकार एवं स्थानीय निकायों को दिया गया अनुदान राजस्व व्यय के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

169.

उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (National Strategic Plan- NSP) का लक्ष्य साहसिक तथा नवीन उपायों के माध्यम से वर्ष 2025 तक भारत में तपेदिक/TB रोग को खत्म करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- WHO की एंड TB रणनीति (End TB Strategy) में TB से होने वाली मौतों को 90% तक कम करने, वर्ष 2015 से 2030 के बीच दर्ज किये गए नए मामलों में 80% की कमी लाने एवं यह सुनिश्चित करने के लिये वैश्विक प्रभाव लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार की गई है कि किसी भी परिवार को TB के परिणामस्वरूप विनाशकारी परिणामों का सामना न करना पड़े। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2030 तक TB महामारी को समाप्त करना स्वास्थ्य लक्ष्यों के अंतर्गत अपनाए गए नए सतत् विकास लक्ष्यों में से एक है। **अत: कथन 3 सही है।**

170.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नीति आयोग ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा ऑक्सफोर्ड निर्धनता और मानव विकास पहल (Oxford Poverty and Human Development Initiative- OPHI) के सहयोग से राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) विकसित किया है जो गरीबी पर बहुआयामी परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है। **अत: कथन-I सही है।**
- यह आय निर्धनता माप के पूरक के रूप में भूमिका निभाता है क्योंकि यह प्रत्यक्ष रूप से अभावों को मापता है एवं तुलना करता है। राष्ट्रीय MPI एक सुदृढ़ तथा सूक्ष्म सार्वजनिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग भारत में राष्ट्रीय, राज्य तथा ज़िला स्तर पर बहुआयामी निर्धनता की निगरानी के लिये किया जा सकता है। **अत: कथन-II सही है।**
- भारत का राष्ट्रीय MPI सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDG) के लक्ष्य 1.2 की प्रगति को मापने में एक योगदान है, जिसका लक्ष्य राष्ट्रीय परिभाषाओं के अनुसार वर्ष 2030 तक समस्त आयामों में गरीबी में रहने वाले सभी आयु के पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के कुल अनुपात में कमी लाकर उसे आधा करना है।

  **अत: विकल्प A सही है।**

171.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा 3 के तहत स्थापित और नियत तिथि से ठीक पहले कार्य करने वाला केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिये केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण होगा एवं इसके अध्यक्ष, सदस्य, सचिव तथा अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी इस अधिनियम के तहत नियुक्त माने जाएंगे और वे उन्हीं नियमों व शर्तों पर पद पर बने रहेंगे जिन पर उन्हें विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 के तहत नियुक्त किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- CEA के कार्यों और कर्त्तव्यों को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 73 के तहत रेखांकित किया गया है। इसके अलावा CEA को धारा 3 (राष्ट्रीय विद्युत नीति और योजना), धारा 8 (हाइड्रो इलेक्ट्रिक उत्पादन), धारा 34 (ग्रिड मानक), धारा 53 (सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित प्रावधान), धारा 55 ( मीटर का उपयोग) और विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 177 (विनियम बनाना) के तहत कई अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्राधिकरण में चौदह से अधिक सदस्य (इसके अध्यक्ष सहित) शामिल होंगे, जिनमें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त आठ से अधिक पूर्णकालिक सदस्य नहीं होंगे। अत:, कथन 3 सही है।

**172.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) एक छोटा, गैर-आच्छादित डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) वायरस है जो त्वचा या म्यूकोसल कोशिकाओं को संक्रमित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 100 से अधिक HPV जीनोटाइप मौजूद हैं, जिनमें से कम-से-कम 13 सिर और गर्दन के कैंसर के साथ-साथ सर्वाइकल कैंसर और अन्य एनोजिनिटल कैंसर पैदा करने में सक्षम हैं। प्रमुख दो प्रकार के ह्यूमन पैपिलोमावायरस 16 और 18 के सर्वाइकल कैंसर लगभग 70% मामलों में योगदान करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2006 से दो रोगनिरोधी HPV टीके उपलब्ध हैं। दोनों टीके पुन: संयोजक प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पादित वायरस जैसे कणों (VLP) से तैयार किये जाते हैं। शुद्ध L1 प्रोटीन स्व-संयोजन करके HPV, VLP से मिलते जुलते खाली शेल बनाते है। इन टीकों में वायरल आनुवंशिक सामग्री या जीवित जैविक उत्पाद नहीं होते हैं, इसलिये वे वृद्धि नहीं कर सकते हैं और संक्रामक नहीं होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**173.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023:**

- "बोर्ड" का अर्थ धारा 18 के तहत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड है। **अत: कथन 1 सही है।**
- "सहमति प्रबंधक" का अर्थ बोर्ड के साथ पंजीकृत एक व्यक्ति है, जो एक सुलभ, पारदर्शी और इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म के माध्यम से डेटा प्रिंसिपल को अपनी सहमति देने, प्रबंधित करने, समीक्षा करने और वापस लेने में सक्षम बनाने के लिये संपर्क के एकल बिंदु के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- "डेटा प्रत्ययी" एक व्यक्ति या समूह को संदर्भित करता है, जो स्वतंत्र रूप से या दूसरों के सहयोग से व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने के उद्देश्य और तरीकों को तय करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**174.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एरबिल, इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र की राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- लिब्रेविले, गैबॉन की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। इसका एस्टुएयर के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में 65 वर्ग किलोमीटर (25 वर्ग मील) पर कब्ज़ा है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- इस्फहान, तेहरान से 440 किलोमीटर (270 मील) दक्षिण में स्थित है और ईरान के इस्फहान प्रांत की राजधानी है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

  अत: विकल्प b सही है।

**175.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में संशोधन करने के लिये संसद को पूर्ण शक्ति प्रदान की, जैसा कि शंकरी प्रसाद मामले (1951) और सज्जन सिंह मामले (1965) के निर्णयों में देखा गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि गोलकनाथ मामले (1967) में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन नहीं कर सकती है और यह शक्ति केवल संविधान सभा के पास होगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केशवानंद भारती वाद में संविधान पीठ ने 7-6 के मत से निर्णय दिया कि संसद संविधान के किसी भी भाग में संशोधन कर सकती है यदि वह संविधान के मूल ढाँचे या आवश्यक विशेषताओं में कोई बदलाव या संशोधन को अधिभावी न करे। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

176.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- थ्री ब्रदरहुड एलायंस जातीय सशस्त्र समूहों: अराकान आर्मी, म्याँमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (MNDAA) और ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (TNLA) से बना है।
  - तीन जातीय सशस्त्र समूह 2019 में एक साथ आए। प्रारंभ में गठबंधन ने शान और राखीन राज्यों में सैन्य सैनिकों पर हमले शुरू करने पर ध्यान केंद्रित किया।

**अत: विकल्प A सही है।**

177.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिज़ाइन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना:**

- DLI योजना देश में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिये सूचना मंत्रालय (MeitY) के व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- योजना के तहत प्रोत्साहन का दावा करने वाले स्वीकृत आवेदकों को अपनी घरेलू स्थिति (अर्थात् इसमें पूंजी का 50% से अधिक लाभकारी रूप से निवासी भारतीय नागरिकों और/या भारतीय कंपनियों का स्वामित्व हो) बनाए रखने के लिये तीन वर्ष की अवधि हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

178.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 131 के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय केंद्र सरकार और राज्यों के बीच विवादों पर विशेष मूल क्षेत्राधिकार रखता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान अनुच्छेद 246 के तहत राज्य सूची में प्रविष्टियों 1 और 2 के माध्यम से राज्य को पुलिस एवं सार्वजनिक व्यवस्था के मामलों पर विशेष विधायी अधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

179.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन (ओपीजी) एक यू.एस. गठबंधन है। नौसेना के नेतृत्व वाला गठबंधन लाल सागर में सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग सुनिश्चित कर रहा है। **अत: कथन-I सही है।**
- यमन के हौथी खतरों का मुकाबला करने के लिये अमेरिका के नेतृत्व वाले नौसैनिक गठबंधन को मज़बूत करने हेतु भारत नहीं बल्कि ग्रीस लाल सागर में युद्धपोत तैनात करेगा। **अत: कथन-II सही नहीं है।**

**अत: विकल्प C सही है।**

180.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**'एक्सिस ऑफ रेज़िस्टेंस':**

- एक्सिस ऑफ रेज़िस्टेंस (Axis of Resistance) ईरानी सरकार के नेतृत्व वाला एक अनौपचारिक इज़रायल विरोधी और पश्चिम विरोधी राजनीतिक एवं सैन्य गठबंधन है। इसमें सीरियाई अरब गणराज्य, लेबनानी शिया आतंकवादी समूह हिज़बुल्लाह तथा फिलिस्तीन के विभिन्न आतंकवादी समूह शामिल हैं।

**अत: विकल्प B सही है।**

181.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दूरसंचार अधिनियम, 2023:**

- यह अधिनियम एक प्राधिकरण प्रणाली की ओर बढ़ते हुए दूरसंचार नेटवर्क के लिये वर्तमान लाइसेंसिंग व्यवस्था को सरल बनाने का प्रयास करता है। वर्तमान में दूरसंचार विभाग 100 से अधिक प्रकार के लाइसेंस, पंजीकरण और अनुमतियाँ जारी करता है तथा विधेयक उनमें से कई को एक ही प्राधिकरण प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम सरकार को अपर्याप्त कारणों से अप्रयुक्त स्पेक्ट्रम को वापस लेने की भी अनुमति देता है और स्पेक्ट्रम को साझा करने, व्यापार करने एवं पट्टे पर देने का द्वार भी खोलता है। संस्थाएँ अप्रयुक्त स्पेक्ट्रम को सरेंडर कर सकेंगी, लेकिन इसके लिये उन्हें सरकार से भुगतान नहीं मिलेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

182.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- खाद्य मूल्य सूचकांक (FPI) घरेलू उपभोग के लिये खरीदे गए खाद्य हेतु उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की जाने वाली कीमतों में समय के साथ औसत परिवर्तन का एक माप है। इसकी गणना संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा की जाती है, यह अनाज, मांस, डेयरी उत्पाद, तेल तथा चीनी सहित खाद्य वस्तुओं की एक बास्केट की कीमतों पर आधारित है।

**अत: विकल्प A सही है।**

183.

उत्तर: A

व्याख्या:

**वन फ्यूचर अलायंस:**

- यह लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिये समान विचारधारा वाले देशों का गठबंधन है। इसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक एवं सतत् विकास के संचालन में एक समान विचारधारा वाले देशों को सहयोग करने तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सक्षम बनाना है। **अत: कथन-I सही है।**
- यह गठबंधन पहले से उपलब्ध ओपन-सोर्स कस्टमाइज़ेबल स्टैक पर निर्माण करना चाहता है तथा देशों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के लिये समाधानों के नवीनीकरण और अनुकूलित करने के लिये प्रोत्साहित करता है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

184.

उत्तर: A

व्याख्या:

- दूरसंचार क्षेत्र में कार्यात्मक स्पष्टता लाने और नियामक ढाँचे तथा विवाद निपटान तंत्र को मज़बूत करने के लिये ट्राई अधिनियम, 1997 को वर्ष 2000 में संशोधित किया गया था तथा दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने व दूरसंचार क्षेत्र के व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने एवं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विवादों का निपटारा करने व अपीलों का निपटान करने के लिये TDSAT की स्थापना की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जनवरी 2004 में प्रसारण और केबल सेवाओं को शामिल करने के लिये TRAI अधिनियम का दायरा बढ़ाया गया था।
  - इसके अलावा वर्ष 2017 में वित्त अधिनियम के बाद TDSAT के अधिकार क्षेत्र को उन मामलों को शामिल करने के लिये बढ़ा दिया गया था जो पहले साइबर अपीलीय न्यायाधिकरण के अधिकार क्षेत्र में थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- ट्रिब्यूनल के पास दूरसंचार, प्रसारण और विमान पत्तन के टैरिफ मामलों पर मूल एवं अपीलीय क्षेत्राधिकार है, जबकि साइबर मामलों में इसके पास विशेष रूप से अपीलीय क्षेत्राधिकार है। **अत: कथन 3 सही है।**

185.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत, इंडिया स्टैक के माध्यम से सभी तीन मूलभूत DPI- डिजिटल पहचान (आधार), रीयल-टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) और डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला पहला देश बन गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- DEPA एक डिजिटल ढाँचा का निर्माण करता है जो उपयोगकर्त्ताओं को तृतीय-पक्ष इकाई के माध्यम से अपने डेटा को अपनी शर्तों पर साझा करने की अनुमति देता है, जिन्हें कंसेंट मैनेजर के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

186.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत और यूरोपीय संघ ने प्रमुख व्यापार, विश्वसनीय प्रौद्योगिकी और सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिये एक समन्वय मंच के रूप में TTC की स्थापना की है। मंत्रिस्तरीय बैठक तीन कार्य समूहों के काम पर निर्भर थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- TTC की मंत्रिस्तरीय बैठकें वर्ष में कम-से-कम एक बार होंगी, जिसका स्थान यूरोपीय संघ और भारत के बीच क्रम से होगा। इस बीच उपरोक्त राजनीतिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिये कार्य समूह नियमित रूप से बैठक करेंगे। अगली मंत्रिस्तरीय बैठक 2024 की शुरुआत में भारत में आयोजित करने की योजना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

187.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पारंपरिक हथियारों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण में पारदर्शिता एवं अधिक ज़िम्मेदारी को बढ़ावा देकर, इस प्रकार अस्थिर संचय को रोककर, क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थिरता में योगदान करने के लिये वासेनार अरेंजमेंट की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों द्वारा इन वस्तुओं की प्राप्ति को रोकना भी है। **अत: कथन-I सही है।**
- भाग लेने वाले राज्य, अपनी राष्ट्रीय नीतियों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इन वस्तुओं के हस्तांतरण से सैन्य क्षमताओं के विकास या वृद्धि में योगदान न हो जो इन लक्ष्यों को कमज़ोर करते हैं, और ऐसी क्षमताओं का समर्थन करने के लिये डायवर्ट नहीं किये जाते हैं। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

188.

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI ):**

- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना 20 फरवरी, 1997 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- TRAI दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ के निर्धारण/संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है जो पहले केंद्र सरकार के क्षेत्राधिकार में आता था। **अतः कथन 2 सही है।**
- TRAI में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

189.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैभव फैलोशिप योजना:**

- वैभव फैलोशिप भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों (HEI), विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक वित्त पोषित वैज्ञानिक संस्थानों के साथ भारतीय प्रवासी वैज्ञानिकों के बीच सहयोग की परिकल्पना करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वैभव फेलो सहयोग के लिये एक भारतीय संस्थान की पहचान करेगा और वह अधिकतम 3 वर्षों तक एक वर्ष में दो महीने तक का समय व्यतीत कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, वैभव फैलोशिप कार्यक्रम लागू कर रहा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - DST विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत सरकारी विभागों में से एक है जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी गतिविधियों के आयोजन, समन्वय व प्रचार के लिये एक नोडल विभाग की भूमिका निभाता है।


190.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट:**

- यह बंगाल की खाड़ी के माध्यम से भारत और म्याँमार को जोड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - पूरा होने पर यह परियोजना कोलकाता को म्याँमार के राखीन राज्य में सिटवे बंदरगाह से जोड़ेगी, जो बंगाल की खाड़ी में 500 किमी. से अधिक तक फैली हुई है।
- इस परियोजना का उद्देश्य सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर दबाव कम करने के लिये एक रणनीतिक लिंक स्थापित करते हुए भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 2 सही है।**




नोट :

191.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पलेतवा, म्याँमार के सबसे पश्चिमी शहरों में से एक है, जो बांग्लादेश की सीमा से 18 किलोमीटर दूर चिन राज्य में है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- कीव, यूक्रेन की राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- बेल्गोरोद (Belgorod) दक्षिण-पश्चिमी रूस में एक शहर है, जो यूक्रेन की सीमा के पास स्थित है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

192.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (UNRWA):**

- UNRWA को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों' की सेवा करने का आदेश दिया गया है।
    - फिलिस्तीन शरणार्थियों के अलावा, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी को UNRWA के संचालन के क्षेत्रों में कुछ अन्य व्यक्तियों को भी आपातकालीन आधार पर सेवाएँ प्रदान करने का आदेश दिया है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन आधार पर मानवीय सहायता की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - विशेष रूप से महासभा ने एजेंसी को उस क्षेत्र के उन लोगों को सेवाएँ प्रदान करने का आदेश दिया है जो वर्तमान में विस्थापित हैं और जिन्हें वर्ष 1967 और उसके बाद की शत्रुता के परिणामस्वरूप निरंतर सहायता की गंभीर आवश्यकता है। ये व्यक्ति फिलिस्तीनी शरणार्थियों के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। केवल संयुक्त राष्ट्र महासभा ही UNRWA के अधिदेश, फिलिस्तीनी शरणार्थी की परिभाषा और एजेंसी को किसकी सेवा करना अनिवार्य है, को बदल सकती है।
- यह मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के स्वैच्छिक योगदान पर निर्भर करता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट के एक हिस्से द्वारा पूरक किया जाता है, जो मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्टाफिंग खर्चों को कवर करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

193.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1917 में स्थापित, महिला भारतीय संघ (WIA) महिलाओं के मताधिकार का समर्थन करने और महिलाओं के सामने आने वाली सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने वाला पहला राष्ट्रीय संगठन था। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार अधिनियम 1919 ने प्रांतीय विधायिकाओं को महिलाओं को मतदान का अधिकार देने का अधिकार दिया। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1921 में मद्रास ने महिलाओं के मताधिकार का नेतृत्व किया, बाद में बॉम्बे और संयुक्त प्रांत ने इसका अनुसरण किया, जबकि मताधिकार विधेयक को बंगाल विधान परिषद में हार का सामना करना पड़ा। **अत: कथन 3 सही है।**

194.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अमेरिकी संविधान प्रस्तावना से शुरू होने वाला पहला संविधान था। भारत सहित कई देशों ने इस प्रथा का पालन किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रख्यात न्यायविद् व संविधान विशेषज्ञ एन.एन पालकीवाला ने प्रस्तावना को "संविधान का परिचय-पत्र" कहा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'उद्देश्य संकल्प' पर आधारित है, जिसे 13 दिसंबर, 1946 को पंडित नेहरू द्वारा तैयार और प्रस्तावित किया गया था तथा 22 जनवरी, 1947 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

195.

उत्तर: A

व्याख्या:

**संसद रत्न पुरस्कार:**

- वर्ष 2010 में संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित करने के लिये की गई थी।
- संसद रत्न पुरस्कार भारत सरकार द्वारा नहीं दिये जाते हैं, हालाँकि पिछले कुछ वर्षों में इसके जूरी सदस्यों में सरकार के व्यक्तियों को शामिल किया गया है। यह पुरस्कार संचार रणनीतिकार के. श्रीनिवासन के मौलिक विचार थे, जिन्होंने वर्ष 1999 में प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की स्थापना की थी। "संचार जागरूकता को बढ़ावा देने" के लिये शुरू किया गया यह फाउंडेशन ही है जो फाउंडेशन के मासिक ई-मैगज़ीन प्रीसेंस के साथ-साथ अवार्ड शो भी संचालित है। पुरस्कारों की शुरुआत IIT मद्रास के समर्थन से की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें विधायी निकाय में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को उनके काम के आधार पर सम्मानित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पहला डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2023 में प्रदान किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

196.

उत्तर: B

व्याख्या:

**प्राइवेट मेंबर बिल:**

- इसे मंत्री के अलावा संसद के किसी भी सदस्य द्वारा पेश किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे दोनों सदनों में से किसी एक में पेश किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे सदन में पेश करने के लिये एक महीने के नोटिस की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

197.

उत्तर: B

व्याख्या:

- परिहार प्रणाली को जेल अधिनियम, 1894 के तहत परिभाषित किया गया है, जो कुछ समय के लिये लागू नियमों का एक समूह है, जो जेल में कैदियों को उनके व्यवहार का आकलन करने और उसके परिणामस्वरूप सज़ा को कम करने के लिये विनियमित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य बनाम महेंद्र सिंह (2007) मामले में भी कहा कि भले ही किसी भी दोषी को परिहार देना उसका मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन राज्य को अपनी परिहार संबंधी कार्यकारी शक्ति का प्रयोग करते समय प्रत्येक व्यक्तिगत मामले को ध्यान में रखते हुए एवं प्रासंगिक कारकों को देखते हुए विचार करना चाहिये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति किसी भी व्यक्ति की सज़ा को क्षमा, लघुकरण, विराम या प्रविलंबन कर सकता है या निलंबित या कम कर सकता है जबकि अनुच्छेद 161 राज्यपाल को समान अधिकार देता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

198.

उत्तर: A

व्याख्या:

**हिंदू-कुश हिमालय (HKH) क्षेत्र:**

- हिंदू-कुश हिमालय (HKH) क्षेत्र अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, किर्गिज़स्तान, मंगोलिया, म्याँमार, नेपाल, पाकिस्तान, ताज़िकिस्तान और उज़्बेकिस्तान तक फैला हुआ है।
- यह लगभग 50 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ क्षेत्र है जो एक बड़ी और सांस्कृतिक रूप से विविध आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसे तीसरे ध्रुव की संज्ञा दी जाती है (उत्तर एवं दक्षिण ध्रुवों के बाद), जिसका जलवायु पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव देखा जाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- इस क्षेत्र में विशाल क्रायोस्फेरिक जोन (जमा पानी का हिस्सा) अवस्थित है जो विश्व में ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर बर्फ का सबसे विशाल भंडार है। **अत: कथन-II सही है।**

अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण है।




199.

उत्तर: B

व्याख्या:

**GST परिषद:**

- GST परिषद एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में GST के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- परिषद के सदस्यों में केंद्रीय वित्त मंत्री (अध्यक्ष), केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त) शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रत्येक राज्य, वित्त या कराधान के प्रभारी मंत्री या किसी अन्य मंत्री को सदस्य के रूप में नामित कर सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

200.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की रिपोर्ट 'विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति' (SOFI) 2023 ने भारत को लेकर एक चिंताजनक मुद्दे पर प्रकाश डाला है।
  - यह रिपोर्ट पौष्टिक भोजन की लागत तथा भारतीय आबादी के एक बड़े हिस्से द्वारा सामना की जाने वाली आर्थिक स्थितियों के बीच बढ़ती असमानता को उजागर करती है।

**अत: विकल्प A सही है।**

201.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बंगीय नारी समाज बंगाल में महिलाओं के मुद्दों पर कानून के लिये सचेत रूप से अभियान चलाने वाला पहला महिला संघ था। इस संघ की स्थापना वर्ष 1921 में प्रांतीय स्तर पर महिलाओं के लिये मत/वोट हासिल करने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- कामिनी रॉय (12 अक्तूबर, 1864 - 27 सितंबर, 1933) ब्रिटिश भारत में एक बंगाली कवयित्री, सामाजिक कार्यकर्त्ता और नारीवादी महिला थीं। वह ब्रिटिश भारत में पहली महिला ऑनर्स ग्रेजुएट अर्थात् स्नातक थीं।
  - वर्ष 1921 में कामिनी रॉय ने मताधिकार और महिला मुक्ति हेतु कुमुदिनी मित्रा एवं मृणालिनी सेन के साथ बंगीय नारी समाज का गठन किया। **अत: कथन 2 सही है।**

202.

उत्तर: A

व्याख्या:

**एनीमिया मुक्त भारत (Anaemia Mukt Bharat-AMB):**

- इसे वर्ष 2018 में एनीमिया की गिरावट की वार्षिक दर को एक से तीन प्रतिशत अंक तक बढ़ाने के लिये गहन राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल (Intensified National Iron Plus Initiative- NIPI) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- AMB के लिये लक्षित समूह 6-59 माह की आयु, 5-9 वर्ष के बच्चे, 10-19 वर्ष की किशोर लड़कियाँ और लड़के, युवतियों अर्थात् प्रजनन अनुकूल आयुवर्ग (15-49 वर्ष) की महिलाएँ, गर्भवती महिलाएँ एवं स्तनपान कराने वाली माताएँ हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

203.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने प्रांतीय विधायिका में महिलाओं को मताधिकार देने की अनुमति दी। **अत: कथन 1 सही है।**
- नेहरू रिपोर्ट, एक मसौदा संविधान, जिसे 1929 में एक सर्वदलीय सम्मेलन द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें सभी नागरिकों के लिये समान नागरिक अधिकारों का वर्णन किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- 1945-46 में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन (AIWC) ने भारतीय महिला अधिकारों और कर्त्तव्यों के चार्टर को अपनाया। **अत: कथन 3 सही है।**

204.

उत्तर: A

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना:**

- प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का लक्ष्य निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापना के माध्यम से बिजली प्रदान करना है तथा साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन के लिये अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रधानमंत्री ने 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर ऊर्जा स्थापित करने के लक्ष्य के साथ "प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना" शुरू करने के लिये एक बैठक की अध्यक्षता की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

205.

उत्तर: A

व्याख्या:

**औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (Index of Industrial Production):**

- IIP एक सूचकांक है जो किसी निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन को मापता है।
- इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा मासिक रूप से संकलित एवं प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आठ प्रमुख क्षेत्र के उद्योग अपने भार के घटते क्रम में: रिफाइनरी उत्पाद > विद्युत > इस्पात > कोयला > कच्चा तेल > प्राकृतिक गैस > सीमेंट > उर्वरक। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

206.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व के शीर्ष तीन शेयर बाज़ार अमेरिका, चीन और जापान हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- हॉन्गकॉन्ग को पीछे छोड़ते हुए भारत चौथा सबसे बड़ा शेयर बाज़ार बन गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारत का शेयर बाज़ार पूंजीकरण 5 दिसंबर, 2023 को पहली बार 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया, जिसमें से लगभग आधा पिछले चार वर्षों में आया था।
- भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी से पीछे है। **अत: कथन 3 सही है।**

207.

उत्तर: B

व्याख्या:

**धर्मनिरपेक्षता:**

- धर्मनिरपेक्षता की पश्चिमी अवधारणा धर्म (चर्च) और राज्य (राजनीति) के बीच पूर्ण अलगाव को दर्शाती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- धर्मनिरपेक्षता की यह नकारात्मक अवधारणा भारतीय स्थिति में लागू नहीं है जहाँ समाज बहुधार्मिक है।
- 1976 में 42वें संशोधन अधिनियम ने 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया, जिसका अर्थ है कि नागरिकों को किसी भी धर्म को अपनाने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है। संविधान के भाग चार में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता की सकारात्मक अवधारणा का प्रतीक है अर्थात् सभी धर्मों को समान सम्मान देना या सभी धर्मों की समान रूप से रक्षा करना। **अतः कथन 3 सही है।**

**208.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परमाणु प्रसार संधि:**

- इसके लिये देशों को परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग तक पहुँच के बदले में परमाणु हथियार बनाने की किसी भी वर्तमान या भविष्य की योजना को त्यागने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत उन पाँच देशों में से एक है जिन्होंने या तो NPT पर हस्ताक्षर नहीं किये या हस्ताक्षर करने के बाद अपनी सहमति वापस ले ली, इस प्रकार यह उस सूची का हिस्सा बन गया, जिसमें पाकिस्तान, इज़रायल, उत्तर कोरिया और दक्षिण सूडान शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**209.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बी.आर. अंबेडकर:**

- नए सुधार को ध्यान में रखते हुए दलित वर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये 03 अप्रैल, 1927 को 'बहिस्कृत भारत' समाचारपत्र की शुरुआत की गई।
- 15 अगस्त, 1936 को उन्होंने दलित वर्गों के हितों की रक्षा करने के लिये "स्वतंत्र लेबर पार्टी" का गठन किया, जिसमें ज़्यादातर श्रमिक वर्ग के लोग शामिल थे।
- 1942 में उन्हें लेबर सदस्य के रूप में भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में नियुक्त किया गया।
- वर्ष 1942 में वह भारत के गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में एक श्रम सदस्य के रूप में नियुक्त हुए।
- आज़ादी के बाद वर्ष 1947 में उन्हें देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पहले मंत्रिमंडल में कानून एवं न्याय मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया लेकिन वर्ष 1951 में उन्होंने कश्मीर मुद्दे, भारत की विदेश नीति और हिंदू कोड बिल के प्रति प्रधानमंत्री नेहरू की नीति पर अपना मतभेद प्रकट करते हुए मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

**उपर्युक्त विवरण के अनुसार स्पष्ट है कि सही कालक्रम 1-2-3-4 है।**

**210.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'द इंडियन इकॉनमी: ए रिव्यू':**

- इस वर्ष भारत के वित्त मंत्रालय ने द इंडियन इकॉनमी: ए रिव्यू नामक एक दस्तावेज़ जारी करके एक नई प्रक्रिया की शुरुआत की जिसकी वार्षिक आर्थिक सर्वेक्षण के साथ तुलना की जाएगी जो आमतौर पर आम चुनाव निर्धारित नहीं होने की स्थिति में केंद्रीय बजट की प्रस्तुति से एक या दो दिन पहले प्रस्तुत किया जाता है।
    - भारतीय अर्थव्यवस्था में आगामी वर्षों में 7 प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि होने की संभावना है तथा आगामी तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की GDP के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है जो घरेलू मांग के साथ-साथ आपूर्ति पक्ष पर आधारित है जिसमें बुनियादी ढाँचे में निवेश तथा विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय शामिल हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

**211.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डेंगू (Dengue):**

- डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय रोग है जो डेंगू वायरस (जीनस फ्लेविवायरस) के कारण होता है, जो जीनस एडीज़ मुख्य रूप से एडीज़ एजिप्टी के मादा मच्छर की कई प्रजातियों द्वारा संचरित होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मच्छर चिकनगुनिया, पीत ज्वर और ज़ीका संक्रमण का भी संचरण करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व मच्छर कार्यक्रम के शोधकर्त्ताओं ने इंडोनेशिया में डेंगू को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिये वोलबैचिया बैक्टीरिया से संक्रमित मच्छरों का उपयोग किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

212.

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- लेखानुदान वित्तीय वर्ष के एक भाग के लिये अनुमानित व्यय के संबंध में अग्रिम अनुदान है, जो अनुदान की मांगों पर मतदान पूरा होने और विनियोग विधेयक के अधिनियमित होने तक लंबित रहता है।
- राष्ट्रपति की सहमति के बाद विनियोग विधेयक विनियोग अधिनियम बन जाता है। यह अधिनियम भारत की समेकित निधि से भुगतान के लिये अधिकृत (या वैध) करता है। इसका अर्थ यह है कि विनियोग विधेयक के लागू होने तक सरकार भारत की संचित निधि से धन की निकासी नहीं कर सकती।

**अत: विकल्प A सही है** क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

213.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (United Nations Conference on Trade and Development- UNCTAD) द्वारा विश्व निवेश रिपोर्ट (World Investment Report- WIR) जारी की जाती है।
    - यह रिपोर्ट संपूर्ण विश्व में क्षेत्रीय तथा राष्ट्र स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के रुझान एवं विकास में इसके योगदान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की गई पहलों पर केंद्रित है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

214.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय घाटा:**

- "राजकोषीय घाटा, राजस्व प्राप्तियों व गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों (Non-debt Capital Receipts- NDCR) तथा कुल व्यय के बीच का अंतर है"।
    - अन्य शब्दों में राजकोषीय घाटा "सरकार की कुल ऋण-ग्रहण आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करता है"। **अत: कथन 1 सही है।**
- उच्च राजकोषीय घाटे का आशय सरकार द्वारा अधिक ऋण-ग्रहण किये जाने से है जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में ब्याज की दरें बढ़ती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (Fiscal Responsibility and Budget Management Act), 2003 के तहत केंद्र सरकार को अपने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक कम करने की आवश्यकता है। भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये संघर्ष कर रहा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

215.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना (PMBJP) वर्ष 2022 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत उर्वरक सब्सिडी योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उर्वरक निर्माताओं द्वारा उर्वरकों के लिये एक ही ब्रांड और लोगो का उपयोग करना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य संपूर्ण देश में उर्वरक ब्रांडों का मानकीकरण करना, उर्वरकों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के बारे में किसानों के भ्रम को दूर करना, लागत को कम करना एवं उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ाना तथा देश भर में उर्वरकों की परिवहन लागत को कम करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

216.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ):**

- यह 15 निर्वाचित स्वतंत्र न्यायाधीशों से बनी एक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके न्यायाधीशों का कार्यकाल नौ वर्ष का होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संस्थागत निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये न्यायालय के एक-तिहाई, यानी पाँच न्यायाधीश, हर तीन वर्ष में चुने जाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

217.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विस्तारित निधि सुविधा (EFF) के तहत उन देशों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जो संरचनात्मक कमज़ोरियों के कारण मध्यम अवधि के भुगतान संतुलन की गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं जिन्हें इसे संबोधित करने के लिये अधिक

नोट :

समय की आवश्यकता होती है। देशों को मध्यम अवधि के संरचनात्मक सुधारों को लागू करने में मदद के लिये EFF दीर्घकालिक कार्यक्रम भागीदारी और पुनर्भुगतान अवधि प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- सभी सदस्य देश वर्तमान या संभावित बाह्य वित्तपोषण की आवश्यकता के चलते अक्सर उन्नत और उभरते बाज़ार का उपयोग करते हैं, लेकिन कम आय वाले देश कभी-कभी विस्तारित क्रेडिट सुविधा (ECF) के साथ EFF का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**218.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- तीनों अधिनियम अर्थात् धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA), विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA) प्रवर्तन निदेशालय के दायरे में आते हैं।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**219.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (One Nation One Ration Card Scheme- ONORC):**

- ONORC लाभार्थियों को अपना डीलर/वितरक का चयन करने का अवसर भी देता है। गलत आवंटन के कई मामलों या गड़बड़ी का कोई भी मामला होने पर लाभार्थी तुरंत दूसरी FPS दुकान पर स्विच कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रणाली राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के सभी लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासी लाभार्थियों को बायोमेट्रिक/आधार प्रमाणीकरण के साथ मौजूदा राशन कार्ड के माध्यम से देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान (Fair Price Shop- FPS) से पूर्ण या आंशिक खाद्यान्न क्रय करने की अनुमति देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सरकार ने ONORC योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिये 'MERA RATION' मोबाइल एप्लीकेशन भी शुरू किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**220.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शुमंग लीला (Shumang Leela):**

- शुमंग लीला पारंपरिक मैतेई नाटक है।
- शुमंग लीला मणिपुर में रंगमंच का एक पारंपरिक रूप है। इसमें महिला कलाकारों की भूमिका पुरुषों द्वारा तथा महिला थिएटर समूह के मामले में पुरुष पात्रों का मंचन महिला कलाकारों द्वारा किया जाता है। इसकी शुरुआत राजघरानों के लिये एक हास्य शैली के रूप में हुई थी जो सामूहिक शिक्षा, मनोरंजन और विश्राम के एक प्रभावीशाली माध्यम के रूप में विकसित हुई है।

**अतः विकल्प A सही है।**

नोट :